


सूर्योदय प्रातः 6:30 सूर्यास्त संध्या 5:34 पखवाड़ा माघ शु. द्वादशी, संवत 2082 तापमान अधिकतम 24° न्यूनतम 12°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 30 जनवरी 2026, वर्ष : 16, अंक : 343, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,566.37 | 221.69 (0.27%) |
| निफ्टी | 25,418.90 | 76.15 (0.30%) |

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,74,250.00 |
| चांदी | 4250.00 |

# यूजीसी के नये नियमों पर लगी रोक : सुप्रीम कोर्ट ने कहा...नये नियम अस्पष्ट, दुरुपयोग की आशंका

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा से जुड़े नये रेगुलेशन पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी है। देशभर में इन नियमों के खिलाफ हो रहे विरोध और दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि नये नियम अस्पष्ट हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के साथ ही कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक 2012 के पुराने नियम ही लागू रहेंगे। मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ज्योमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालत इन नियमों की समीक्षा केवल उनकी संवैधानिकता और वैधता के आधार पर करेगी। पीठ ने यह भी टिप्पणी की, कि देश के शैक्षणिक संस्थानों में भारत की एकता, विविधता और समावेशिता की भावना झलकनी चाहिए। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि नये रेगुलेशन में प्रयुक्त भाषा ऐसी है, जिससे इसके गलत इस्तेमाल की सम्भावना बनती है। उन्होंने




कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी हम समाज को पूरी तरह जाति से मुक्त नहीं कर पाये हैं, लेकिन इसका समाधान ऐसे नियमों से नहीं होना चाहिए, जो भ्रम और विभाजन को बढ़ायें। न्यायमूर्ति बागची ने भी चिन्ता जताते हुए कहा कि अदालत एक निष्पक्ष और समावेशी सामाजिक वातावरण बनाये रखने को लेकर गम्भीर है।

पीठ ने सवाल उठाया कि जब पहले से '3ई' जैसी व्यवस्था मौजूद है, तो '2सी' की आवश्यकता और प्रासंगिकता क्या है। न्यायमूर्ति बागची ने आशंका जतायी कि कहीं भारत उस स्थिति की ओर न बढ़ जाये, जहां अमेरिका में कभी अश्वेत और श्वेत बच्चों के लिए अलग-अलग स्कूल हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समाज को जोड़ना होना चाहिए, न कि विभाजन को बढ़ावा देना।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि यूजीसी एक्ट की धारा 3(सी) को चुनौती दी गयी है, जो असंवैधानिक है। उनका कहना था कि यह प्रावधान इस धारणा पर आधारित है कि सामान्य श्रेणी के छात्र भेदभाव करते हैं, जबकि यह एक सामान्यीकरण है और उचित नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे नियम शैक्षणिक संस्थानों में अनावश्यक तनाव और वर्गीकरण को बढ़ावा दे सकते हैं। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि अदालत का उद्देश्य सामान्य वर्ग की शिकायतों का ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

**नौ आईईडी बरामद कर किया नष्ट**

**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने थाना छोटेबेठिया थाना क्षेत्र से 5-5 किलो के 09 आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद कर मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया है। जवानों ने मौके से इलेक्ट्रिक वायर समेत अन्य नक्सली सामान भी बरामद किये हैं। कांकेर पुलिस के अनुसार जवान गुरूवार को कांकेर-नारायणपुर सीमा क्षेत्र में गश्त के लिए निकले थे। इसी दौरान जवानों की सतर्कता एवं सूझ-बूझ से नक्सलियों की ओर से लगाये गये आईईडी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने इलाके को सर्च किया तो 5-5 किलो के 09 आईईडी मिली। जवानों ने सुरक्षित रूप से मौके पर ही विस्फोट कर इन्हें निष्क्रिय कर दिया।

### कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया फॉर्म-7 के दुरुपयोग का आरोप

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर भारतीय जनता पार्टी पर फॉर्म 7 का उपयोग कर मतदाता सूची से लोगों के नाम गलत तरीके से हटाने का आरोप लगाते हुए तुरन्त हस्तक्षेप की मांग की। पत्र में कहा गया है कि ज्यादातर दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को निशाना बनाया जा रहा है।


### एक हजार करोड़ की बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई की छापेमारी

**कोलकाता :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हजार करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई शुरू की। अलीपुर समेत कोलकाता के कई इलाकों में एक साथ सीबीआई की छापेमारी चल रही है। यह कार्रवाई एक फाइनेंस कम्पनी और उसकी सहयोगी इकाई के प्रमोटरों के खिलाफ की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सीबीआई की टीमें सम्बन्धित फाइनेंस कम्पनी के प्रमोटरों के आवास और कार्यालयों में तलाशी ले रही हैं।

## अंदर के पन्नों पर


3 राज्यपाल ने 'झारखंड माइनिंग एवं कंस्ट्रक्शन शो...
5 पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने एक बार फिर भरा...
7 लापरवाही पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई...
9 महिलाओं को मिलेगी दो लाख तक की राशि : नीतीश...
10 भारत ने इंग्लैंड को 07 विकेट से हराया...


## कार्टून कोना




## अबुआ दिशोम बजट संगोष्ठी - 2026-27 में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

# बजट में जन आकांक्षाएं परिलक्षित हों, विकास को गति मिले : हेमन्त

- मुख्यमंत्री ने व्यापक, संतुलित, समावेशी व सतत विकास आधारित बजट निर्माण पर दिया जोर
- बहुआयामी बजट निर्माण में आम लोगों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी बढ़ाने पर दिया बल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड 25 वर्षों का सफर तय कर चुका है। ऐसे में इस बार राज्य के लिए मजबूत और बहुआयामी बजट की आवश्यकता है। बजट ऐसा हो, जो इस युवा राज्य की सम्भावनाओं को आकार दे सके। बजट संतुलित, समावेशी और व्यापक हो, जिसमें जन आकांक्षाएं परिलक्षित हों और विकास को भी गति मिले। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में अबुआ दिशोम बजट संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि बजट ऐसा होना चाहिए, जो हर वर्ग और क्षेत्र को पूरी मजबूती के साथ आगे ले जा सके।

### मुख्यमंत्री ने कहा

- दावोस और लंदन दौरे में मिले अनुभवों से राज्य में विकास की गति को नयी दिशा देने का करेंगे प्रयास
- बजट ऐसा हो, जो इस युवा राज्य की सम्भावनाओं को आकार दे सके
- बेहतर प्रबंधन के माध्यम से अपने संसाधनों और क्षमताओं के बेहतर इस्तेमाल की दिशा में बढ़ रहे आगे
- एक छोटा और पिछड़ा राज्य होने के बाद भी देश की अर्थव्यवस्था में झारखंड दे रहा अहम योगदान
- आदिवासी बहुल राज्य है, पारम्परिक व्यवस्थाओं को भी ले जाना है आगे
- नयी पीढ़ी तलाश रही नये रास्ते, ऐसे में उनकी जरूरतों तथा आवश्यकताओं के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराने के लिए बजट बनाने की है जरूरत



**बजट की राशि में हो रही हर वर्ष वृद्धि, राजस्व बढ़ाने पर जोर**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आगामी बजट लगभग 01 लाख करोड़ रुपये के होने का अनुमान है। आने वाले वर्षों में बजट की राशि में और वृद्धि होगी। ऐसे में राजस्व संग्रहण बढ़ाने की दिशा में भी हमें ठोस तरीके से कार्य करना होगा, ताकि विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में राशि की कमी नहीं हो।

**बजट से आम लोगों को भी जोड़ना होगा**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य का बजट बेहतर बने, इसके लिए आम लोगों को भी जिम्मेदारी देनी होगी। इस दिशा में हमारी सरकार आम लोगों से लगातार सुझाव ले रही है। मेरा मानना है कि लोगों की भागीदारी से ही हम एक संतुलित और विकास आधारित बजट इस राज्य का बना सकते हैं।

**विदेश दौरे में मिले अनुभव से राज्य को देंगे नयी दिशा**

**मुख्यमंत्री** ने कहा, 'हाल ही में दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक और लंदन दौरे से लौटा हूं। वहां काफी करीब से उनकी नीतियों, समृद्ध अर्थव्यवस्था, लोगों की जीवन और कार्य शैली तथा परम्परा-संस्कृति देखने-समझने का मौका मिला। विदेश दौरे में हमें जो अनुभव प्राप्त हुए हैं, उसके जरिये हम राज्य को नयी दिशा देने देंगे का प्रयास करेंगे।

**नयी पीढ़ी नये तरीके से बढ़ रही है आगे**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि नयी पीढ़ी अलग सोच के साथ आगे बढ़ रही है। यह पीढ़ी पारम्परिक व्यवस्थाओं से अलग रास्ते तलाश रही है। ● शेष पृष्ठ 11 पर


# बजट सत्र विकसित भारत के 2047 के लक्ष्य की दिशा में अहम पड़ाव : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि यह बजट सत्र 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है। देश अब लंबे समय से लम्बित समस्याओं से बाहर निकलते हुए स्थायी और दीर्घकालिक समाधानों की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह 'व्यवधान का नहीं, समाधान का काल है।'

बजट सत्र के आरम्भ पर संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने उम्मीद जतायी कि दोनों सदनों में नागरिकों को सशक्त बनाने और भारत की विकास यात्रा को तेज करने पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की पहचान 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' से बनी है और अब देश पूरी गति से 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर सवार है। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद ● शेष पृष्ठ 11 पर

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक उपयोग से कोई समझौता नहीं होना चाहिए : प्रधानमंत्री



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नैतिक उपयोग से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े कौशल विकास, प्रतिभा निर्माण और डेटा सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में कार्यरत उद्योग प्रमुखों और विशेषज्ञों के साथ संवाद किया। यह संवाद आगामी भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रभाव शिखर सम्मेलन के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े नवाचारों को प्रस्तुत करना और भारत के इस मिशन के लक्ष्यों को गति देना है।

## सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मौके से एके-47 राइफल, 09 एमएम पिस्टल और गोला-बारूद बरामद किया गया है। बीजापुर, सुकमा और तेलंगाना राज्य के सीमावर्ती इलाकों में नक्सलियों की बटालियन सक्रिय है। विशेष रूप से पामेड़ थाना क्षेत्र में नक्सलियों की सक्रियता ज्यादा देखी जा रही है। इसी पामेड़ इलाके में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर जिले के दक्षिणी इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद डीआरजी (जिला रिजर्व गार्ड) जवानों को सर्चिंग अभियान पर रवाना किया गया।

## लोकसभा को ओम बिरला ने सीएसपीओसी-2026 के सफल आयोजन से कराया अवगत

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन को राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) 2026 के सफल आयोजन से अवगत कराया। सदन को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा, 'भारतीय संसद द्वारा 14-16 जनवरी के बीच सीएसपीओसी का 28वां सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह सम्मेलन 16 वर्षों के बाद भारत में आयोजित किया गया।' इस सम्मेलन में संसद सदस्यों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इसमें लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाए रखने में अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका, संसदों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जन-भागीदारी, सुरक्षा एवं कल्याण और लोकतांत्रिक सशक्तीकरण जैसे विषय शामिल थे।



अध्यक्ष बिरला ने जानकारी दी कि सम्मेलन के दौरान उन्होंने 40 से अधिक देशों के समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान अतिथियों ने भारत के सशक्त और जीवंत संसदीय लोकतंत्र की सराहना की और भारत के साथ मजबूत मित्रवत सहयोग बनाये रखने की इच्छा व्यक्त की।

### कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने खड़गे और राहुल गांधी से की मुलाकात, कहा...

# सब कुछ ठीक है और हम सब एक साथ बढ़ रहे हैं आगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। संसद भवन स्थित खड़गे के कार्यालय में हुई इस बैठक को थरूर ने बहुत सार्थक और सकारात्मक करार दिया। उन्होंने कहा कि, सब कुछ ठीक है और हम सब एकसाथ आगे बढ़ रहे हैं। बैठक करीब आधे घंटे से अधिक समय तक चली।



थरूर ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर फोटो साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का धन्यवाद। आज कई मुद्दों पर गर्मजोशी और रचनात्मक चर्चा हुई। हम सब एक ही पटल पर हैं और भारत की जनता की सेवा के लिए मिल कर आगे बढ़ रहे हैं।

### भारत-बांग्लादेश ने एक-दूसरे की कैद से 151 मछुआरे किये रिहा

**नयी दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा का उल्लंघन करने के कारण हिरासत में लिये गये 151 मछुआरों को मानवीय दृष्टिकोण से आज रिहा किया। विदेश मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार बांग्लादेश ने भारत के 23 मछुआरों और भारत ने बांग्लादेश के 128 को स्वदेश भेजा है। इससे पहले जनवरी और दिसंबर 2025 में भारत ने अपने 142 मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित की थी। साथ ही मानवीय दृष्टि से 128 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा किया था।

# पंचतत्व में विलीन हुए अजित पवार, बेटों ने दी मुखाग्नि

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख नेता अजित पवार (66) का गुरुवार को बारामती स्थित विद्या प्रतिष्ठान मैदान में राजकीय सम्मान के अंतिम संस्कार किया गया। बेटे पार्थ पवार और जय पवार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, नितीन गडकरी, रामदास आठवले, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस सहित प्रमुख नेताओं ने अजीत पवार को पुष्पचक्र अर्पित कर अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्नी सुनेत्रा पवार, बेटा पार्थ पवार, जय पवार और पवार परिवार के अन्य सदस्यों ने भी अजित पवार को आखिरी श्रद्धांजलि दी।



### फडणवीस ने की हादसे की जांच कराने की मांग

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बारामती में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत को लेकर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू से को पत्र लिखा है। उन्होंने हादसे की जांच कराने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया है।

# अंतरराष्ट्रीय मीडिया और वैश्विक प्रमुखों ने भारत-ईयू एफटीए को सराहा

**नयी दिल्ली :** भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के पूर्ण होने पर दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय मीडिया, विदेशी राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक व्यापार प्रमुखों और सम्मानित नीति विशेषज्ञों ने मजबूत और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। इस समझौते को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों तरह से ऐतिहासिक, रणनीतिक और सही समय पर उठाया गया कदम बताया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया दुनिया के प्रमुख मीडिया संस्थानों ने भारत-ईयू एफटीए की व्यापकता, महत्त्वाकांक्षा और रणनीतिक समय का उल्लेख किया है। 'द टेलीग्राफ' ने जेम्स क्रिस्प के 'मोदी इज द रियल विनर इन मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स विद् ईयू' शीर्षक से एक लेख में इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी बताते हुए कहा कि भारत इस मामले में असली रणनीतिक विजेता के रूप में उभरा है। अखबार ने बताया कि यह समझौता ईयू से भारत को होनेवाले 96.6 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ को खत्म या कम करता है, जबकि ईयू सात वर्षों में 99.5 प्रतिशत भारतीय सामानों पर टैरिफ कम करेगा। ब्लूमबर्ग ने डैन स्ट्रमफ के 'ऑल रोड्स लीड टू मोदी एज वर्ल्ड हेजिज ट्रम्प' शीर्षक से एक लेख में कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ 'मदर ऑफ ऑल डील्स' समझौता एक



- प्रमुख मीडिया संस्थानों ने भारत-ईयू एफटीए की व्यापकता, महत्त्वाकांक्षा और रणनीतिक समय का किया उल्लेख

उभरते हुए पैटर्न का नवीनतम उदाहरण है: भारत देशों के लिए पसंदीदा पार्टनर बन रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस समझौते को वैश्विक टैरिफ बाधाओं के प्रति मध्यम शक्तियों की प्रतिक्रिया के रूप में पेश करते हुए लिखा कि कैसे भारत और ईयू अमेरिकी व्यापार नीतियों से पैदा हुई अनिश्चितता के बीच गठबंधन का विस्तार कर रहे हैं। 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने इस बात पर जोर दिया कि यह समझौता लगभग दो दशकों की बातचीत के बाद दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक ब्लॉक और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था को एक साथ लाता है। 'द वाशिंगटन पोस्ट' ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताया और अपनी हेडलाइन में कहा कि 'भारत और ईयू ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते में 'मदर ऑफ ऑल डील्स' पर मुहर लगायी। 'द गार्जियन' ने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स : ईयू और भारत ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये' के तौर पर अपनी खबरों में जगह दी। इसी तरह की हेडलाइन बीबीसी ने भी देते हुए कहा- भारत और ईयू ने 'मदर ऑफ ऑल डील्स' की घोषणा की। ब्लूमबर्ग ने अपने एक और लेख में सघन आपूर्ति श्रृंखला समेकन की सम्भावनाओं पर चर्चा करते हुए बताया कि कारों पर ड्यूटी पहले के 100 प्रतिशत से अधिक के स्तर की तुलना में 10 प्रतिशत तक कम हो जायेगी और ऑटो कम्पोनेंट्स पर ड्यूटी खत्म कर दी जायेगी। एसोसिएटेड प्रेस ने इस समझौते की व्यापकता की जानकारी देते हुए अपनी हेडलाइन में कहा कि 'भारत और यूरोपीय संघ ने एक मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति जतायी, जो वैश्विक व्यापार का एक तिहाई हिस्सा है'। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### कृषि मंत्री की पहल से लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी




**बेड़ो :** प्रखंड के घाघरा बरटोली गांव के ग्रामीणों के लिए गुरुवार का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया। पिछले काफी समय से बिजली की समस्या झेल रहे इस गांव के लोगों को कृषि,पशुपालन व सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के पहल से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि रईफउद्दीन मीरदाह ने फीता काटकर किया।जिससे पूरे क्षेत्र में एक बार फिर रौनक लौट आई है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर बेहद संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली, पानी और सड़क जैसी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इधर गांव में ट्रांसफार्मर लग जाने से घाघरा बरटोली के घरों और खेतों में बिजली की आपूर्ति बहाल हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण उन्हें काफी अंधेरे में रहना पड़ रहा था और दैनिक कार्यों में बाधा आ रही थी। मंत्री के इस त्वरित प्रयास से अब गांव में उत्साह का माहौल है। मौके पर मजेबुल खान, गंगा मुंडा, मनोज मुंडा, सुनील मुंडा, उदय मुंडा, मुबारक खान, महावीर मुंडा, प्रदीप मुंडा, अख्तर खान सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### उमरा कर लौटे जायरिनों का सोसो कलां में हुआ स्वागत



**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां गांव में गुरुवार को उमरा से लौटे जायरीनों का लोगों ने फूल मालाओं और नारों के साथ स्वागत किया।जानकारी के अनुसार 11 जनवरी 2026 को अपने गाँव सोसो कलां से हाजी अख्तर अंसारी व अमीरून निशा मक्का मदीना गए थे जो उमरा कर सलामती के साथ अपने घर वापस लौट गए। मक्का मदीना की पवित्र यात्रा से लौटने पर जायरीनों का गर्मजोशी के साथ फुल माला पहनाकर इस्लामी नारों के साथ स्वागत किया गया। मौके पर मुशर्रत प्रवीण, अफसाना बेगम, हरेरा परवीन, सुफेदा खातून, अफसाना बेगम,फैजान अंसारी, अतहर अंसारी, सनोवर अंसारी, हाजी अब्बास अंसारी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### जंगली हाथी के हमले में मारे गये मृतक के आश्रित को मिला 3.75 लाख मुआवजा



**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के कंडरकेल कारो नदी के समीप बीते कुछ माह पूर्व जंगली हाथी के हमले में मारे गए रायटोली निवासी मृतक के आश्रित बेटे शिवा मांझी को तीन लाख पचहत्तर हजार का चेक वन विभाग द्वारा बतौर मुआवजा के तौर पर सौपा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जयंत बारला, सुदामा महली व वन विभाग की ओर से भूपेंद्र प्रसाद शुभाष प्रमाणिक, संजय भगत मुकेश कुमार व रामकिशोर सिंह मौजूद रहें। वहीं दूसरी ओर चंपाडीह निवासी भालु के हमले में घायल महिला शिवानी हेरेंज को बतीस सौ रुपए का चेक दिया गया। ज्ञात हो कि कंडरकेल कारो नदी के समीप पिछले माह जंगली हाथी ने शिवा माझी के पिता को कुचल दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद वन विभाग द्वारा तत्काल मुआवजा राशि के रूप में 25 हजार रुपये मृतक के आश्रितों को दिए गए थे।

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर रामगढ़ उपायुक्त ने की बैठक

# कुष्ठ रोग से जुड़ीं भ्रांतियां करें दूर : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी 30 जनवरी से 14 फरवरी 2026 तक चलाए जाने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान सह कुष्ठ रोग खोज अभियान द्वितीय चरण को लेकर गुरुवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान काय चिकित्सक सावन कर ठाकुर के द्वारा उपायुक्त, प्रभारी सिविल सर्जन एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, कुष्ठ रोग के उपचार व रोकथाम हेतु सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा 2027 तक कुष्ठ रोग के तहत जीरो स्टिग्मा का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु किए जाने वाले कार्यों आदि की जानकारी दी गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले शिविरों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़े भ्रांतियों को दूर करने, रोग की पहचान एवं त्वरित रूप से उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र आदि में जाने को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने लोगों को जागरूक करने हेतु ज्यादा से ज्यादा ग्राम सभा आयोजित करने, इन कार्यों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने, विद्यालय स्तर पर बच्चों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियां के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी को जिले को कुष्ठ मुक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ने, कुष्ठ रोगियों की यथाशीघ्र पहचान हेतु हर संभव प्रयास करने, लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिले में उपलब्ध संसाधनों का यथासंभव उपयोग करने, जो भी व्यक्ति कुष्ठ रोग से ग्रसित हैं उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, ना ही किसी अन्य को इसकी इजाजत देने, व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव एवं घृणा खत्म करने के लिए कार्य करने और उन्हें मुख्य धारा में लाने हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान देने से संबंधित शपथ दिलाई। गौरतलब होकि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत विगत 5 वर्षों में जिनभी गांव में कुष्ठ रोग से पीड़ित पाए गए हैं उन गांवो में सर्वे किया जाएगा। बैठक के दौरान प्रभारी सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डीएमओ स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान आज से, शुरू होगा रोगी खोज अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी 2026 से शुरू होगा जो 13 फरवरी 2026 तक चलाया जाएगा। यह जानकारी सिविल सर्जन रांची डॉ. प्रभात कुमार ने गुरूवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी। उन्होंने अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बताया कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि से प्रारंभ होने वाला यह अभियान जिले के सभी प्रखंडों एवं गांवों में संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2025झ्र26 के द्वितीय चक्र के तहत 9 मार्च से 23 मार्च 2026 तक घर-घर सर्वे कर संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी। डॉ. प्रभात ने कहा कि पिछले सात वर्षों में जिन गांवों में कुष्ठ रोगी नहीं मिले हैं, वहां भी स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है। चिकित्सकीय मार्गदर्शन में नियमित दवा सेवन से मरीज पूर्णतः स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग की जांच, इलाज एवं दवाएं सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध हैं। अभियान के दौरान गांव-गांव में ग्राम गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को शपथ दिलाकर कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। सिविल सर्जन ने आमजन से अपील की कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न करें, क्योंकि यह छुआछूत की बीमारी नहीं है और समय पर इलाज से पूरी तरह समाप्त हो सकती है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** कर्रा प्रखंड के बिरदा ग्राम स्थित राजकीयकृत मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) विकास भारती की ओर से गुरुवार को समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकडों बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जेएसएस के प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा ने बालिकाओं को कौशल विकास के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक और जीवनोपयोगी कौशल बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बालिका दिवस के महत्व, बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य नागेंद्र तिवारी ने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव की वाहक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्राओं को जन शिक्षण संस्थान की ओर से मोमेंटो, प्रमाण-पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवाली छात्राओं में सालेहा, मिस्कत, रजनी, सुप्रिया और काजल शामिल रहीं। वहीं चित्रांकन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अंजलि, अर्चना, अनिशा सहित अन्य छात्राओं को मेडल और प्रमाण-पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शशि प्रकाश ने किया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल उरीमारी में लाला लाजपत राय की मनी जयन्ती



**उरीमारी :** डीएवी पब्लिक स्कूल उरीमारी में गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सोनिया तिवारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों द्वारा लाला लाजपत राय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। अवसर पर विद्यार्थियों ने उनके जीवन एवं देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लाला लाजपत राय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपनाने, देशभक्ति, साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 01 फरवरी को होगा 'जनता जागृति विकास केन्द्र' का 11वां वरिष्ठ प्रशिक्षक महासम्मेलन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** 'जनता जागृति विकास केंद्र' द्वारा 11वीं वरिष्ठ प्रशिक्षक महा सम्मेलन का आयोजन 1 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे आरीद, उमेडंडा, बुढ़मू, रांची में किया जा रहा है। 'सेवा ही सर्वोच्च धर्म है' के उद्घोष के साथ होने वाले इस सम्मेलन में समाजसेवी और वरिष्ठ प्रशिक्षकों को संगठित होकर प्रगतिशील समाज की नींव मजबूत करने का आह्वान किया गया है।मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक श्री मुकुटधारी महतो (हजारीबाग) शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में सरोज देवी (जिला परिषद सदस्य, चन्दवा पश्चिम), विनोद उरांव (जिला परिषद सदस्य, लातेहार पूर्वी), रामजीत गंझू (जिला परिषद सदस्य, बुढ़मू पश्चिम) तथा सुमित्रा देवी (मुखिया, सरले पंचायत, बुढ़मू) शामिल हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता जे.ज.वि. केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष अजय नारायण प्रसाद करेंगे। गरिमामयी उपस्थिति में गीता देवी (केंद्रीय उपाध्यक्ष), तुलसी कुशवाहा (महाप्रबंधक, चिकित्सा केंद्र), जितेन्द्र सोरेन (केंद्रीय सचिव), महाबीर महतो (परियोजना संरक्षक, आरीद), जिवार्धन प्रसाद (केंद्रीय कोषाध्यक्ष), द्वारिका साव (कोडरमा मंडल प्रभारी), मो. लियाकत अंसारी, अमित टाना भगत (प्रधानाचार्य, जागृति विद्यालय, आरीद) तथा स्वागत कांक्षी फुलेश्वर कुमार महतो (परियोजना उप संरक्षक) और सुनिता देवी (उप-प्रधानाचार्य, जागृति विद्यालय) रहेंगे। समस्त केंद्रीय सदस्य एवं प्रांतीय पदाधिकारी भी उपस्थित होंगे। जे.ज.वि. केंद्र के इस प्रयास से क्षेत्रीय विकास और समाज जागृति को नई गति मिलेगी। सभी आमंत्रित अतिथियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव छह फरवरी से

## बेड़ो के केशा गांव में त्रिदिवसीय श्री श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की गंगा में डुबकी लगायेंगे श्रद्धालु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के केशा गांव स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर पूरे मंदिर परिसर में तैयारी जोर शोर से चल रही है। महायज्ञ को लेकर पूरे गांव में साफ सफाई के साथ मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। यहां पूरे गांव के लोग तैयारियों में जुटे हुए है। इस त्रिदिवसीय दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ 6 फरवरी दिन शुक्रवार को प्रातः सात बजे मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा से होगा। वहीं दो बजे से पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश किया जाएगा और शाम में संध्या कालीन आरती होगी। 7 फरवरी दिन शनिवार को सभी देवी देवताओं का आह्वान पूजन, सर्ववेदी प्रतिष्ठा, प्रतिमा का जलाधिवाश, अन्नादिवास, फलाधिवाश, पुष्पाधिवास व संध्या कालीन आरती होगी। 8 फरवरी को सर्ववेदी पूजन, नेत्रदान, महास्नान, अंगन्यास, प्रतिमा का नगर भ्रमण, शय्याधिवास, शिखर न्यास, हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संध्या कालीन आरती एवं संध्या 6 बजे से 12 घंटा का अखंड हरी कीर्तन 9 फरवरी दिन सोमवार पूजन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं यज्ञ के मुख्य आचार्य काशी वाराणसी के ध्रुव मिश्रा, अरविंद पांडेय, कामेश्वर पाठक व सोनू पंडा और उनके सहयोगी। इधर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम वासी लगे हुए है।

## रामगढ़ नगर पालिका चुनाव को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल और सुचारु संचालन को लेकर निवार्ची पदाधिकारियों एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को समाहरणालय सभाकक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान नामांकन प्रक्रिया से संबंधित सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा भी की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा अधिकारियों को नामांकन से जुड़ी सभी आवश्यक प्रक्रियाओं, दिशा-निदेर्शों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया निर्वाचन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसमें पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। मौके पर नामांकन पत्रों की जांच, प्राप्ति, स्क्रूटनी, आपत्तियों के निस्तारण, अभ्यर्थियों को दी जाने वाली सूचनाओं, दस्तावेजों के संधारण, निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन एवं आदर्श आचार संहिता के पालन पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। साथ ही नामांकन से संबंधित व्यवस्थाओं जैसे काउंटर प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों एवं उनके प्रस्तावकों की सुविधा,भीड़ प्रबंधन तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान सभी निवार्ची एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सतर्कता एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप करें, ताकि नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जा सके।

## ककरिया स्वास्थ्य केन्द्र के एएनएम का प्रतिनियोजन किये जाने पर ग्रामीणों में रोष, वापस करने की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के ककरिया स्थित स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत नर्स उषा बाला जयंती कुजूर का प्रतिनियोजित लापुंग सीएचसी किए जाने पर ककरिया के ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तो ककरिया जैसे बड़े क्षेत्र एवं इसके आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों इस केंद्र पर आश्रित है। जबकि इतने बड़े क्षेत्र के लिए एक डाक्टर भी उपलब्ध नहीं है। इसके बाद नर्स उषा बाला जयंती कुजूर इस क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी तन -मन से सुदृढ़ बनाकर रखी थी। रात दिन किसी भी समय सड़क दुर्घटना , प्रसव कार्य , समेत अन्य समस्या के उपचार के लिए तत्पर रहती थी। इधर स्वास्थ्य केंद्र में बिना डाक्टर के प्रतिनियुक्त किए। नर्स उषा कुजुर को हटाने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने कहा है कि जल्द उषा कुजुर का प्रतिनियुक्ति रद्द कर उसे ककरिया के केन्द्र में भेजा जाय। मुखिया बिरसमनी देवी , दुर्गा उरांव, पुर्व जिप सदस्य बन्दे हेरेंज व ग्राम प्रधान मनोज उरांव ने कहा कि जल्द आवेदन देकर नर्स उषा मिंज को ककरिया स्वास्थ्य केंद्र में वापस लाने का गुहार लगाई जायेगी। अगर सुनवाई नहीं हुई तो यहां की जनता आंदोलन करने को बाध्य होगी। मुखिया बिरसमनी देवी ने कहा कि ककरिया क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को लगातार कमजोर किया जा रहा है। पहले तो 108 ऐम्बुलेंस हटा दिया गया अब नर्स उषा बाला जयंती कुजूर को हटा कर यहा की स्वास्थ्य व्यवस्था में गिरावट बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ओरमांझी की बरवे मस्जिद में जलसा आयोजित

## मस्जिद बनाना काफी नेकी का काम है : मौलाना अजीज नुमानी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** बरवे मस्जिद में गुरुवार की शाम एक जलसे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मस्जिद में टाइल्स लगाने के नेक काम में सहयोग जुटाना था। जलसे में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चुट्टू मदरसा के नाजिम मौलाना अजीज नुमानी ने अपने संबोधन में कहा कि ईमान खुदा की दी हुई सबसे बड़ी नेमत है। उन्होंने लोगों को रूहानी बीमारियों से बचने की सलाह देते हुए कहाश्जब इंसान तौबा कर सजदे में गिरता है, तो अल्लाह उसके गुनाहों को माफ कर देता है। मस्जिद दीन का किला है और इसे बनाना बहुत बड़ी नेकी है। जिस तरह हजरत इब्राहिम और इस्माईल अलैहिस्सलाम ने मिलकर खाना-ए-काबा की तामीर की, उसी तरह हमें भी मस्जिद की तामीर में अपना हलाल माल खर्च करना चाहिए।श्उन्होंने बरवे के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ के लोग जिंदादिल और खुले दिल वाले हैं। उन्होंने बच्चों की तालीम और इमामों के वेतन में बढ़ोतरी की बात पर भी जोर दिया।वहीं जलसे में पहुंचे महमान इरबा मदरसा के उस्ताद मौलाना समीउल हक कासमी ने मस्जिद निर्माण की फजीलत बयान करते हुए कहा कि जो शख्स दुनिया में अल्लाह के लिए मस्जिद बनाता है, अल्लाह उसके लिए जन्नत में एक घर बनाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मौत से पहले अपनी आखिरत की तैयारी करें और हर काम यह सोचकर करें कि अल्लाह हमें देख रहा है।वहीं उन्होंने तालीम की अहमित को बताया।जलसे के समापन पर मस्जिद में टाइल्स लगाने के लिए चंदा की अपील की गई, जिस पर स्थानीय ग्रामीणों और अतिथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सहयोग राशि प्रदान की।जलसे को सफल बनाने में मस्जिद कमेटी और स्थानीय लोगों की अहम भूमिका रही। मौके पर मुख्य रूप से मस्जिद के इमाम मौलाना ताहिर, सदर नसरुद्दीन अंसारी, जावेद अख्तर (सेक्रेटरी) सरवर आलम (खजांची) मुस्लिम अंसारी, जहुर अंसारी, सफदर अंसारी,नेमत अंसारी, हासिम अंसारी, फेजुल रहमान, अमीर हमजा, अब्दुल सत्तार, हुसैन अंसारी, फारूक अंसारी, मनान अंसारी, जाकिर अंसारी, हसीब अंसारी और हाफिज तबारक अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रो. अनंत राम बने बिरसा कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक

**खूंटी :** भूगोल विभाग, बिरसा कॉलेज, खूंटी के अध्यक्ष प्रो अनंत राम को कॉलेज का नया परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया गया है। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ धर्मेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ गुरुचरण साहू ने प्रो अनंत राम की नियुक्त की अधिसूचना जारी की गई। नियुक्ति अधिसूचना जारी होने के बाद उन्होंने परीक्षा नियंत्रक के पद पर योगदान देते हुए पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रकिशोर भगत ने शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की मौजूदगी में प्रो अनंत राम का स्वागत किया गया और बधाई दी गई।

## राष्ट्रीय स्कूल हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूल हॉकी प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-17 बालिका वर्ग के मैचों का आयोजन बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम, खूंटी में किया जा रहा है। देशभर से आई टीमों ने गुरुवार को मैदान पर दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। प्रतियोगिता में पहला मैच मणिपुर और सीबीएसई के बीच खेला गया, जिसमें मणिपुर की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 7-0 से जीत हासिल की। दूसरे मैच में हरियाणा ने राजस्थान को 6-0 से पराजित किया। वहीं तीसरे मुकाबले में हिमाचल प्रदेश ने वेस्ट बंगाल को 7-0 से हराया। चौथे मैच में पंजाब ने आईपीएससी के खिलाफ एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 25-0 से बड़ी जीत दर्ज की, जबकि पांचवें मैच में एनवीएस और बिहार के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बिहार ने 2-1 से जीत हासिल की। इसके अलावा छठे मैच में तमिलनाडु ने तेलंगाना को 11-0 से हराया। सातवें मुकाबले में मिजोरम ने महाराष्ट्र को 7-0 से पराजित किया। आठवें मैच में दादर नगर हवेली ने मध्य प्रदेश को 1-0 से शिकस्त दी। वहीं नौवें मैच में उत्तराखंड के खिलाफ बिहार ने 2-0 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के संचालन में खूंटी जिले के शारीरिक शिक्षा शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। उनके सहयोग से सभी मैच सुव्यवस्थित और अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। प्रतियोगिता को देखने के लिए स्थानीय खेल प्रेमियों की भी अच्छी उपस्थिति रही, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मो रियाज आलम, सिकन्दर पुरान, राजेन्द्र प्रसाद, शशिभूषण कन्डुलना, प्रवीण ए खलखो, ग्लेडशन गुड़िया, जोलेन तोपनो, अमृता कुमारी मेहता सहित अन्य का योगदान रहा।

# बेड़ो के डोरंडा गांव में 18 हाथियों के झुंड ने दो घरों को किया ध्वस्त

### 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला बाल-बाल बची



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के डोरंडा गांव में बुधवार की रात हाथियों के एक विशाल झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। रात के सन्नाटे में लगभग 1 बजे रात में 18 हाथियों के झुंड ने गांव में धावा बोल दिया और देखते ही देखते दो परिवारों के आशियाने को उजाड़ दिए। इस घटना में एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जबकि पूरा परिवार इस कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीच आ गए है।

**दीवार गिरने से मलबे में दबीं 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला**

हाथियों के झुंड ने सबसे पहले स्व. मोहर नाथ शर्मा के घर को निशाना बनाया। हमले के वक्त घर के सदस्य गहरी नींद में थे। हाथियों ने जैसे ही घर की दीवार ढहानी शुरू की, मलबा सीधे अंदर सो रही 90 वर्षीय अंबिका देवी पर जा गिरा। दीवार गिरने से उनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। मौत को करीब देख उन्होंने साहस दिखाया और किसी तरह मलबे से निकलकर अपनी जान बचाई। वहीं, उनके पुत्र राघव शर्मा ने भी भागकर बहुत मुश्किल से अपनी जान बचाई।

**अनाज और घर के सामान को किया बर्बाद**

अम्बिका देवी के घर को क्षतिग्रस्त करने के बाद हाथियों का झुंड रीना देवी पति राघव शर्मा के घर की ओर मुड़ा। हाथियों ने इस घर को भी कई जगहों से तोड़ दिया। वहीं घर के अंदर रखा सारा अनाज चावल, धान को हाथियों ने खाकर व छींटकर बर्बाद कर दिया। साथ ही घर मे रखे घरेलू बर्तन व समान को पैरों तले रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। वहीं पीड़ित परिवार के लोगों का कहना है कि साल भर की मेहनत की कमाई और राशन अब मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है।

**ग्रामीणों ने एकजुट होकर हाथियों को खदेड़ा**

हाथियों के चिंघाड़ने और घर टूटने की आवाज सुनकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर मशाल,टीना, बाल्टी बजाकर व होहल्ला करके के एक साथ इकट्ठा हुए। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, रात 2:30 बजे ग्रामीणों ने हाथियों के झुंड को गांव की सीमा से बाहर खदेड़ा।

ठंड में रहने के लिए घर का संकट इधर ठंड के मौसम में घर के टूट जाने के दोनों परिवार के सामने रहने और खाने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को तत्काल मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र में हाथियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग की टीम तैनात की जाए।

## चाऊमीन-पास्ता निर्माण केन्द्र का मुखिया दीपक बड़ाइक ने किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित ओरमांझी पंचायत में गुरुवार को स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत चाऊमीन एवं पास्ता निर्माण मशीन का उद्घाटन पंचायत के मुखिया दीपक बड़ाइक द्वारा किया गया। इस केंद्र का संचालन रेखा देवी द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में उप मुखिया संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक, पूजा समिति के कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता,आनंद महतो, मनोज महतो सहित कई गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुखिया दीपक बड़ाइक ने कहा कि इस तरह की मशीनों से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और महिलाओं व युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। उपस्थित अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

## एक झलक

### श्री श्याम परिवार रांची का तीन दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव



रांची : श्री श्याम परिवार रांची द्वारा स्थानीय दुर्गा-बाड़ी में प्रेस वार्ता सम्मेलन आयोजित की गयी, जिसमें संस्था के महामंत्री मंटू जालान ने आगामी 29 जनवरी से 01 फरवरी गुरुवार से रविवार को 'श्री श्याम हवेली' दुर्गा बाड़ी में श्री श्याम परिवार रांची द्वारा मनाये जाने वाले भव्य श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव के बारे में जानकारी दी। श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। दिनांक 29 जनवरी 2026 गुरूवार प्रात: 9 बजे से प्रभू श्री श्याम एवं हनुमान जी महाराज के निशान की तैयारी श्री श्याम परिवार, रांची के सभी सदस्यों द्वारा प्रारंभ की जाएगी। महामंत्री मंटू जालान ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से महोत्सव दिनांक 30 जनवरी 2026 शुक्रवार से आचार्यों एवं पंडितों के सानिध्य में श्री श्याम परिवार रांची के सभी सदस्यों द्वारा प्रात: 8 बजे से श्री गणेश पूजन, श्री श्याम प्रभू एवं हनुमान जी महाराज का निशान पूजन किया जाएगा तथा 11 बजे से हवन पूजन एवं आरती के साथ सभी देवी-देवताओं का आवाहन किया जाएगा।

### एचएम पब्लिक स्कूल के वर्ग 10 के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित



रांची : आज ये विदाई नहीं बल्कि अपनी जिंदगी का पहला स्टेप की परीक्षा देने जा रहे हैं जो आपका भविष्य बनाएगी, इसकी शुभकामना आपका जीवन उज्वल हो, ये विचार आज एच एम पब्लिक स्कूल चुटिया के प्राचार्य अरविंद कुमार ने वर्ग दशम के विदाई समारोह में बोल रहे थे। समारोह को बहुत ही रंगारंग कार्यक्रम वर्ग नवम के छात्रों के द्वारा आयोजित किया गया। उसके बाद सभी शिक्षक रंजीत कुमार, अंजली सेन, अनामिका सिंह, सरिता एक्का, मोहन प्रकाश, पुनीत टोप्पो, नीलम डाहंगा, सुप्रभा टोप्पो, सुजाता देवी, छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सबको आशीर्वाद दिए और परीक्षा में आने वाले सवालों का टिप भी दिए।

### बाबूलाल अपने मन-मस्तिष्क का दबाव कम करें, कृष का गाना सुनें: राकेश सिन्हा



रांची : विपक्ष के नेता बाबुलाल मरांडी के जनता के नाम संदेश पर पलटवार करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि अपने शासनकाल में जो बीज बाबुलाल जी ने रोपने का काम किया और भाजपा में अन्य मुख्यमंत्री ने उसे संरक्षित कर वट वृक्ष का रूप दे दिया यह उसी का परिणाम है कि 17 साल राज्य बबार्दी के कगार पर पहुंच गया था। सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा कि बाबुलाल जी जब आप एक अपराधी के एनकॉन्टर पर सड़क प र उतर जाते हैं तो आप ही बतायों कि राज्य के व्यवसायी क्या सुरक्षित महसूस कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि आपके शासनकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था यह थी कि राज्य के बच्चे राज्य के बड़े अस्पतालों में ऑक्सीजन के अभाव में दम तोड़ दिया। इसी राज्य में एक बच्ची संतोषी भात -भात कहते मौत के गाल में समा गई आपके शासनकाल में दो हजार स्कूल बंद हो गये तो बतायों आप उस वक्त आदिवासी बच्चे की पढ़ने की चिंता क्यों नहीं सताई।

### जया एकादशी पर श्रीतिरुपति का मना दिव्य मंगलोत्सव



रांची : गुरुवार को माघ मास शुक्लपक्ष की जया एकादशी को ले दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में प्रात: से रात्रि तक अनुष्ठान होता रहा। सुप्रभातम, मंगलाशासनम करावलंबम और वेंकटेश स्तोत्रम के बाद पांचरात्र आगम विधान के अंतर्गत तिरूवाराधनम हुआ। महाआरती, नैवेद्य भोग और वेद, उपनिषद देशिक स्तोत्राणि के उत्कृष्ट ऋचाएं से स्वरबद्ध गान पूर्वक स्तवन किया। फलाहारी व्यंजनों का बालभोग निवेदन हुआ और पुष्पों के समुदाय से भव्य श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं के आवागमन और भीड़ से दिनभर मंदिर परिसर खचाखच भरा रहा। श्रद्धावनत लोंगो ने आस्था के सागर में अवगाहन कर आनंदमग्न हो रहे थे। हरिनाम संकीर्तनम और मंत्रों के स्वर से मंदिर गूंजायमान हो रहा था।

---

## राज्यपाल ने 'झारखंड माइनिंग एवं कंस्ट्रक्शन शो-2026' का किया उद्घाटन

# देश के खनन क्षेत्र में झारखंड की भूमिका अहम : संतोष कुमार गंगवार

▪ प्रभात तारा मैदान धुर्वा में 31 जनवरी तक चलेगा एग्जिबिशन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : ओलंपिया एग्जिबिशन प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में प्रभात तारा मैदान में आयोजित तीन दिवसीय 'द्वितीय संस्करण झारखंड माइनिंग एवं कंस्ट्रक्शन शो-2026' का उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक एवं खनिज संसाधनों से अत्यन्त समृद्ध राज्य है और देश के खनन क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देश के कुल खनिज संसाधनों का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा झारखंड में पाया जाता है, जिससे राज्य में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की यह पावन धरती सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ-साथ राष्ट्र को विभिन्न क्षेत्रों में नई दिशा प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश 'आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत' के संकल्प के साथ 'विकसित भारत @2047' के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, जिसमें झारखंड की भी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह स्पष्ट दृष्टिकोण है कि संसाधनों का उपयोग केवल आर्थिक लाभ तक सीमित न रहे, बल्कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड माइनिंग एवं कंस्ट्रक्शन शो-2026 केवल खनन गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि उत्तरदायी एवं तकनीकी आधारित खनन, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, श्रम-कल्याण, अधोसंरचना विकास, निवेश संवर्धन तथा रोजगार सृजन जैसे समकालीन विषयों को भी समाहित करता है। उन्होंने विकास और पर्यावरण, उद्योग और श्रमिक हित तथा आर्थिक प्रगति और सामाजिक संतुलन के बीच समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र का भविष्य सतत विकास, पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित होना चाहिए। श्रमिकों की सुरक्षा, उनके कल्याण, कौशल विकास और सम्मानजनक जीवन-स्तर सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। साथ ही, कंपनियों को कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत जन-कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से ऑल आदिवासी स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ आसाम के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में ऑल आदिवासी स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ आसाम (AASAA) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने आगामी 01 फरवरी 2026 को Margherta Borgolai Field, Tinsukia आसाम में आयोजित 'आदिवासी महासभा 2026' कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, ऑल आदिवासी स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ आसाम सेंट्रल कमेटी के अध्यक्ष रेजन होरो, उपाध्यक्ष डेविड तिर्की, उपाध्यक्ष अमरजीत केरकेट्टा, उपाध्यक्ष अल्बर्ट ओरिया सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

---

# अभिभावक बेटियों को शिक्षा दें, बाल विवाह से रोकें : सुमन ठाकुर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के नेतृत्व में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की देखरेख में चान्हो प्रखंड अंतर्गत रोल पंचायत भवन चान्हो में बाल विवाह के खिलाफ 100 दिवसीय कार्रवाई के तहत, माननीय नालसा द्वारा संचालित आशा अभियान के तहत बाल विवाह के रोकथाम के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी सुमन ठाकुर, हरिराम करमाली, सोनु कुमार, निलश्याम कुमार, संजीत उरांव, सुमाती कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे। पीएलवी सुमन ठाकुर ने कहा कि भारत में बाल विवाह को रोकने के लिए 'बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006' लागू है, जिसके अनुसार लड़के की शादी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। इनसे कम आयु में किया गया विवाह कानूनन अपराध है। पीएलवी निलश्याम ने कहा कि यह अधिनियम बाल विवाह को 'रद्द करने योग्य विवाह' घोषित करता है, जिसके अंतर्गत बालिग होने के दो वर्ष के भीतर पीड़ित पक्ष विवाह निरस्त कराने के लिए न्यायालय में आवेदन कर सकता है। पीएलवी हरिराम करमाली ने कहा कि न्यायालय को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संभावित बाल विवाह को रोकने हेतु आवश्यक निषेधाज्ञा जारी करे, बालिका अथवा बालक की सुरक्षा सुनिश्चित करे तथा आवश्यकता पड़ने पर संरक्षण गृह में रखने का आदेश दे। पीएलवी सोनु कुमार ने कहा कि बाल विवाह की सूचना मिलते ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चाइल्डलाइन-1098 अथवा निकटतम पुलिस थाना को सूचित करना प्रत्येक नागरिक का कानूनी एवं नैतिक दायित्व है। उन्होंने टॉल फ्री नम्बर - 15100 की जानकारी भी दी।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 01 फरवरी को महाप्रसाद व स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर



रांची : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर मे 1 फरवरी दिन रविवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा मंदिर में प्रत्येक रविवार को आयोजित अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा का 5 वर्ष पूर्ण हो जाएगा इस अवसर पर 1 फरवरी को 251वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा, श्री राधा रानी का अलौकिक भव्य श्रृंगार, भजन जागरण, सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया है।

## मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व देशभक्ति के साथ मनाया गया

# गणतंत्र दिवस हमारे संविधान के मूल्यों को जीने का संकल्प है : वंदना उपाध्याय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी निःशुल्क पाठशालाओं (हथिया गोंदा बस्ती, होचर गाँव, भिठ्ठा बस्ती, अरगोड़ा-पुंदाग बस्ती और जमशेदपुर की गौड बस्ती) एवं ट्रस्ट कार्यालय हरमू में आज 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ किया गया, जहां सभी सदस्यों और बच्चों ने एकजुट होकर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर पाठशालाओं में पढ़ने वाले बच्चों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर सुंदर नृत्य और लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। बच्चों को भारतीय संविधान की गरिमा और गणतंत्र के महत्व से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक कुमार मिंकू ने अपने संबोधन में कहा, 'गणतंत्र दिवस हमारे संविधान के मूल्यों को जीने का संकल्प है। हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चे तक शिक्षा की रोशनी पहुँचाना है। जब ये बच्चे गर्व से तिरंगा लहराते हैं, तो वही हमारी असली सफलता होती है।' वहीं, सचिव सह



समाजसेविका वंदना उपाध्याय ने कहा, 'शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे हम इन बच्चों को देश का जिम्मेदार नागरिक बना सकते हैं। आज बच्चों की प्रस्तुतियों ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा केवल संसाधनों की मोहताज नहीं होती। हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि हर वंचित बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।' कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिठाइयां और उपहार स्वरूप पाठ्य सामग्री (कॉपी, पेन,ड्राइंग बुक,पेंसिल,कलर बॉक्स) वितरित किए गए। ट्रस्ट के सदस्यों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के अपने संकल्प को दोहराया ।इस गौरवशाली अवसर पर अध्यक्ष अभिषेक कुमार मिंकू,सचिव सह समाजसेविका वंदना उपाध्याय राष्ट्रीय समन्वयक प्रियंका शर्मा, शिक्षिका पूनम देवी रिमझिम कुमारी, पूजा गुप्ता, साधना पाण्डेय, मुकुंद राज, चेरी, वैष्णवी, लावण्या सहित कई सम्मानित सदस्य, शिक्षक और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

---

## 'हाथों में लेकर निशान चलेंगे खाटूधाम, मेलो आयो है श्याम को मेलो आयो है'



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में आज भक्तों की अपार भीड़ उम्र पड़ी जया एकादशी के शुभ अवसर पर बाबा श्याम का भव्य दिव्य अनुपम दरबार सजाया गया मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्यों ने मिलकर बाबा को गुलाब रूप के इत्र से मालिश कर नवीन को सांग भाग पहनकर श्रृंगार किया मंगला आरती में नियमित भक्तों के दर्शन के अलावा एकादशी में आने वाले भक्तों की भी भारती प्रातः कालीन श्रृंगार आरती में भक्त हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय जयकार से अपने आराध्य को मना रहे थे।

### 'श्याम सरकार है ये, सर झुकाने चले आओ, सच्चा दरबार है ये, सर झुकाने चले आओ'

रांची : अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में जया एकादशी पर्व अत्यन्त श्रद्धा व भक्तिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के ताजे व खुशबूदार फूलों से श्री श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा झारखंड ने यूजीसी अधिनियम 2026 में स्पष्टता व पारदर्शी की मांग की




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा झारखंड ने यूजीसी द्वारा जारी समता अधिनियम 2026 के प्रावधानों में स्पष्टता और पारदर्शिता की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ये प्रावधान अस्पष्ट हैं तथा ओबीसी समुदाय के साथ-साथ महिलाओं, दिव्यांगजनों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों को न्याय दिलाने में पूरी तरह अक्षम साबित होंगे। उन्होंने मांग की कि इन प्रावधानों को स्पष्ट एवं पारदर्शी बनाया जाए, भेद भाव के मापदंड परिभाषित किए जाएं तथा यह स्पष्ट हो कि कौन-सा व्यवहार भेदभाव माना जाएगा। सदस्य नियुक्ति पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए सदस्यों का चयन उनकी योग्यता अनुभव और भेदभाव के खिलाफ लड़ने की क्षमता का आधार पर होना चाहिए। साथ ही, ओबीसी समाज के लिए समग्र न्याय सुनिश्चित किया जाए और इसे आईआईटी, आईआईएम तथा अन्य मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेजों में लागू किया जाए। इन नियमों पर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक पर उन्होंने कहा कि न्यायालय सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा द्वारा उठाई गई स्पष्टता की मांग पर ध्यान देते हुए निर्णय ले। प्रेस कॉन्फ्रेंस में महासचिव विद्याधर प्रसाद ने कहा कि हर स्तर पर पिछड़े वर्ग के साथ भेदभाव जारी है– चाहे शैक्षणिक संस्थान हों, प्रशासनिक सेवाएं हों या अन्य कोई व्यवस्था। पिछड़ों को समुचित प्रतिनिधित्व न मिलना भेदभाव को स्पष्ट रूप से उजागर करता है। उन्होंने सरकार से अपील की कि जाति-आधारित भेदभाव को समाप्त करने हेतु समग्र व्यवस्था बनाई जाए।

## डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल रांची सृष्टि प्रिया का खेलो इंडिया में चयन

# केवल किताबों से नहीं, खेल से भी बदलती है तकदीर : प्राचार्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, कक्षा 12वीं की छात्रा सृष्टि प्रिया ने अंडर-19 शूटिंग चैंपियनशिप 69वां स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया जो भोपाल में 05 जनवरी से 09 जनवरी 2026 तक चला इसमें उसने ब्रोंज मैडल हासिल की। इस उपलब्धि के बाद उसका चयन खेलो इंडिया में हुआ है जो उसके माता-पिता और विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है। उसकी इस अकल्पनीय उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य सह ए आर ओ बिपिन राय ने गणतंत्र दिवस के दिन मेडल देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही प्रतिष्ठा और रोजगार के साधन नहीं होते बल्कि खेल से भी अनगिनत जिंदगीयां सवरी हैं। इस प्रतिभाशाली और लगनशील बच्ची के माता -पिता भी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर सीनियर विंग के इंचार्ज (एस एच ) बी कार्तिक भी उपस्थित थे।

---

## विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में फार्मेसी दिवस की धूम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

# अनुशासन व कड़ी मेहनत ही जीवन में सफल होने के मूल मंत्र हैं : राधा चरण सिंह




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

ओरमांझी : नेवरी विकास स्थित विकास सेवा निकेतन द्वारा संचालित 'विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में फार्मेसी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वही क्विज कंपटीशन,लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया,समारोह के मुख्य अतिथि और संस्थान के निदेशक राधा चरण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। निदेशक राधा चरण सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा के वास्तविक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अनुशासन और कड़ी मेहनत ही जीवन में सफल होने के मूल मंत्र हैं। श्री सिंह ने पारा मेडिकल और फामेर्सी के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों के बारे में जानकारी दी और छात्रों को समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया ।वहीं संस्था के अध्यक्ष राम लखन मेहता ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का होना भी अनिवार्य है। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी सतेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री हासिल करना नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। आज के छात्र कल के स्वास्थ्य रक्षक हैं और उनकी सफलता ही संस्थान की सफलता है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की छात्राओं ने लोक नृत्य, संगीत और लघु नाटिकाओं के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। फार्मेसी के क्षेत्र में नवाचार और जिम्मेदारी को दर्शाते हुए छात्रों ने शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां भी दीं, जिसकी उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों ने जमकर सराहना की। इस अवसर पर विकास सेवा निकेतन के अनील कुमार सिंह, डॉ. ए पी सिंह, निदेशक डॉ. शिव प्रसाद सिंह, एस. के. तिवारी, मो. इरशाद अंसारी सहित इंस्टीच्यूट के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुताहा तालाब के प्रांगण से निकली भव्य कलश यात्रा



रांची : गुरुवार कों श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुताहा तालाब का दसवां वार्षिक उत्सव कों सुबह 8:30 कलश यात्रा निकाला गया। महोत्सव के पहले दिन सुबह 5:30 बजे माता का पट खोला गया और उसके बाद सुबह 7:30 बजे माता की आरती की गयी। सुबह 9:30 बजे गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी, जो महावीर चौक, गाँधी चौक, शहीद चौक, सुभाष चौक त्रिकोण हवन कुंड से कलश में जल लेकर कचहरी रोड जयपाल सिंह स्टेडियम से होते हुए श्री चैती दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचने पर कलश यात्रा लें कर आ रही 501 महिलाओं पर मंदिर के पदाधिकारीओं एवं सदस्यों के द्वारा पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया गया। पंडित सुभाष चंद्र मिश्रा जी ने पूजा सम्पन्न करायी। उसके बाद गौरी पूजन, वेदी पूजन, आरती और पुष्पाजली हुई एवं भोग का प्रसाद वितरण किया गया।

## रांची नगर निगम की ओर से स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सैकड़ों नर्सिंग, फार्मेसी और पारा मेडिकल के विद्यार्थियों के बीच फलदार वृक्षों का किया गया वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : गुरुवार को रांची नगर निगम के द्वारा समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से बरियातू रोड स्थित स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सैकड़ों नर्सिंग, फामेर्सी व पारा मेडिकल के विद्यार्थियों के बीच 100 फलदार वृक्षों का वितरण किया गया। साथ ही साथ समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट एवं रिलेशंस के तहत पर्यावरण संरक्षण हेतु सेमिनार का भी आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रसिद्ध सी ए व समाजसेवी दीपक बंका जी उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उप प्रशासक रविन्द्र कुमार, सौरभ कुमार केसरी सहायक अभियंता, डॉ सिद्धार्थ प्रकाश निदेशक स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, लोकेश



कुमार सुपरवाइजर रांची नगर निगम, समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया व सुधाकर यादव उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजधानी रांची के लोगों के बीच जन जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। इसके तहत हम सभी को शहर में हरियाली बढ़ाना, प्रदूषण कम करना और सतत विकास को बढ़ावा देना है। हमें हमेशा वृक्षारोपण के महत्व,जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण पर बल देने की जरूरत है। अच्छे पर्यावरण से हम अच्छे स्वास्थ की परिकल्पना कर सकते हैं।

---

## मानवता हुई शर्मशार

# मां-बाप ने अपनी बच्ची को लावारिस हालत में सड़क पर छोड़ा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदशन में डालसा सचिव ने स्वयं गुरुवार को एक 10 वर्षीय बच्ची को रिनपास अस्पताल में बेहतर ईलाज तथा दवा मुहैया कराया है। ज्ञात हो कि डालसा सचिव को कार्यरत पीएलवी भारती शाहदेव ने दूरभाष के माध्यम से सूचना दिया कि एक दस वर्षीय बच्ची, जिसका माता-पिता रिनपास के बाहर छोड़ कर रात्रि के 11 बजे कहीं भाग गये है। उक्त सूचना मिलने के



पश्चात, डालसा सचिव राकेश रौशन, न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 के निर्देश पर त्वरित कार्यवाई करते हुए तत्काल दो पीएलवी भारती शाहदेव एंव दीपक मुंडा को बच्ची के देखरेख के लिए नियुक्त किये तथा धर्मशाला के गार्ड को बच्ची को सुरक्षित धर्मशाला में रखने का निर्देश भी दिये। तत्पश्चात, सुबह में चाईल्ड हेल्पलाईन के टीम को दूरभाष के माध्यम से चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर एवं डीसीपीओ एवं सीडब्ल्यूसी को सूचना देकर रिनपास बुलाया गया एवं ओपीडी में बच्ची का तत्काल ईलाज करवाकर एवं व्यवहार न्यायालय के एम्बूलेंश के द्वारा तथा चाईल्ड हेल्पलाईन के सदस्यों के साथ बच्ची को सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया एवं बच्ची को तत्काल सुरक्षित स्थान पर शेल्टर करने हेतु सीडब्ल्यूसी को निर्देश भी दिया गया। यह भी ज्ञात हो कि आगे डालसा सचिव ने निदेशक रिनपास से मुलाकात की एवं उनसे निवेदन किया कि अगर कोई भी सीसीटीवी फूटेज, जिन्होंने बच्ची को छोड़ा है, उनसे संबंधित मिले, तो डालसा कार्यालय को सूचित करें एवं इसके अलावा डालसा सचिव ने कांके थाना प्रभारी को भी मामले की विधिवत जानकारी दी तथा वहां उपस्थित सभी लोगों को डालसा सचिव ने बताया कि अगर इस तरह के कोई भी बच्चे की जानकारी मिले, तो नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 पर सूचना दे सकते है या फिर डालसा कार्यालय में सीधे सम्पर्क कर सकते है। डालसा सचिव ने यह भी बताया कि अभी वर्तमान में बच्ची की देखरेख एवं उचित ईलाज तथा दवा संबंधी कार्य किये जा रहे है, जैसे ही बच्ची के माता-पिता की जानकारी होगी, तो शीघ्र ही आगे की कार्यवाई तथा मदद की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में बच्ची के माता-पिता को ढूंढने हेतु कांके थाना प्रभारी को भी सूचित किया गया है।

## स्ट्रेंजर थिंग्स के आखिरी सीजन पर खास डिजिटल थीम, गैलेक्सी यूजर्स के लिए उपलब्ध




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : मशहूर वेब सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स के आखिरी सीजन के समापन के अवसर पर सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और नेटफ्लिक्स ने गैलेक्सी उपयोगकर्ताओं के लिए एक विशेष डिजिटल अनुभव पेश किया है, जिसके तहत गैलेक्सी स्टोर पर 22 फरवरी तक सीमित समय के लिए स्ट्रेंजर थिंग्स से प्रेरित विशेष थीम और वॉलपेपर निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह एक्सक्लूसिव कलेक्शन शो के पांचवें सीजन की दुनिया से प्रेरित है, जिसमें हॉकिन्स और अपसाइड डाउन जैसे प्रतिष्ठित परिवेश और किरदारों की झलक देखने को मिलती है। लगभग एक दशक से वैश्विक पॉप संस्कृति को प्रभावित करने वाली इस सीरीज ने अपने अंतिम सीजन के साथ लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और उसी माहौल को दशार्ते हुए तैयार किए गए ये दृश्य गैलेक्सी उपयोगकर्ताओं को अपने मोबाइल अनुभव में शो की रहस्यमयी और रोमांचक भावना शामिल करने का अवसर देते हैं। सैमसंग और नेटफ्लिक्स की यह पहल दोनों ब्रांड्स की उस दीर्घकालिक साझेदारी का हिस्सा है, जो बेहतरीन कहानी कहने की परंपरा और दर्शकों से जुड़ाव को और मजबूत करती है।

## एक झलक

### बसरिया में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**बरही :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बसरिया पंचायत स्थित पंचायत सचिवालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, हजारीबाग द्वारा कृषक महिलाओं के लिए दो दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ कर उनकी आय और उत्पादकता में वृद्धि करना है। प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को उन्नत किस्म के बीजों का चयन, कीटनाशकों का सुरक्षित एवं संतुलित प्रयोग, तथा उन्नत पैदावार बढ़ाने के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। साथ ही वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती कर लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र में किसान मित्र राजेंद्र यादव सहित कृषि प्रशिक्षक खुशबू कुमारी, सीमा देवी, अफसाना बानो, नीलम देवी, संगीता देवी, सरस्वती देवी, पार्वती देवी, कविता देवी समेत बड़ी संख्या में कृषक महिलाएं शामिल हुईं।वही हरेंद्र गोप ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और आधुनिक कृषि की ओर एक सशक्त कदम हैं।

### बराकर नदी में दो बच्चों की मां ने कूद कर कर ली जीवन लीला समाप्त

**बरही :** बराकर नदी में बीते देर शाम दो बच्चों की मां ने कूदकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतिका की पहचान अंजली कुमारी उम्र करीब 25 वर्ष पति सौरव बर्नवाल बरही थाना क्षेत्र के बरही पूर्वी पंचायत के बरहीडीह निवासी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची बरही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सौरव और अंजली आज से पांच साल पहले सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी, जहां दोनों की दोस्ती प्यार में बदली और विवाह कर लिया, ग्रामीणों के अनुसार दोनों दाम्पत्य जीवन में बहुत खुश थे। वहीं गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद अंजली का शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया, इधर खबर लिखे जाने तक अंजली के परिजनों ने थाना में कोई लिखित शिकायत नहीं की है।

### जिले में चला पुलिस का मेगा एंटी क्राइम अभियान, 1188 वाहनों की सघन जांच

**धनबाद:** अपराधियों पर शिकंजा कसने और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने के लिए बुधवार शाम से देर रात तक जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ व्यापक एंटी क्राइम जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना था। अभियान के दौरान प्रमुख मार्गों, संवेदनशील इलाकों तथा थाना सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष बैरिकेडिंग कर वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान कुल 1188 वाहनों को रोका गया, जिनमें दोपहिया, चारपहिया एवं अन्य वाहन शामिल थे। पुलिस ने ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा समेत सभी आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पहचान के लिए ब्रेथ एनालाइजर का उपयोग किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ वाहनों को जब्त भी किया गया। एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहनों में सवार संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की पुष्टि करते हुए उनकी सघन तलाशी ली गई। पुलिस ने चोरी के वाहन, जाली नंबर प्लेट, अवैध हथियार एवं आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी को लेकर विशेष सतर्कता बरती। देर रात सड़कों पर अनावश्यक रूप से घूम रहे लोगों से भी पूछताछ की गई।

# आईआईटी (आईएसएम) के रिसर्च स्कॉलर को मिला जीवाईटीआई अवॉर्ड

**धनबाद :** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के लिए बड़ी खुशखबरी है, केमिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के रिसर्चर डॉ शिवशंकर प्रसाद को गांधी यंग टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन (जीवाईटीआई) एप्रिसिएशन अवॉर्ड-2024 से सम्मानित किया गया है। अवॉर्ड सेरेमनी गुरुवार को सीएसआईआर झ्रनेशनल फिजिकल लेबोरेटरी (एनपीएल), नई दिल्ली में हुई, जहां यह सम्मान भारत सरकार के प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर प्रो अजय कुमार सूद ने दिया। डॉ प्रसाद को यह अवॉर्ड उनके इनोवेटिव रिसर्च के लिए मिला है, जो 2,5-फ्यूरान



डाइकार्बोक्सिलिक एसिड (एफडीसीए) के प्रोडक्शन से जुड़ा है। एफडीसीए बायोमास से बनने वाला एक अहम बायोपॉलिमर बेस केमिकल है, जो आगे चलकर इको-फ्रेंडली और सस्टेनेबल मटेरियल बनाने में काम आ सकता है। यह रिसर्च ग्रीन केमिस्ट्री, सर्कुलर इकॉनमी और पर्यावरण के लिए बेहतर टेक्नोलॉजी की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। उन्होंने यह काम प्रो एजाज अहमद और प्रो सुमन दत्ता की जॉइंट गाइडेंस में किया। खास बात यह है कि प्रो एजाज अहमद खुद भी जीवाईटीआई अवॉर्डी रह चुके हैं और उन्हें 2018 में स्टूडेंट कैटेगरी में और 2020 में फैकल्टी कैटेगरी में इनोवेशन के लिए सम्मान मिला था। इससे साफ है कि डिपार्टमेंट में इनोवेशन और क्वालिटी रिसर्च की मजबूत परंपरा है। जनवरी 2026 इस रिसर्च ग्रुप के लिए काफी उपलब्धियों वाला महीना रहा। टीम को 1.51 करोड़ रुपये की प्रोजेक्ट फंडिंग लीओन बैटरी रीसाइक्लिंग पर मिली है, साथ ही ग्रुप का सिलेक्शन इंडो-यूरोपियन होराइजन प्रोजेक्ट ऑन बायोहाइड्रोजन में भी हुआ है। संस्थान ने डॉ शिवशंकर प्रसाद और उनके गाइड्स को बधाई देते हुए कहा कि आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ऐसे रिसर्च को बढ़ावा देता रहेगा जो समाज और इंडस्ट्री दोनों के लिए फायदेमंद हो।

# स्वर्णकार कारीगर संघ का दो दिवसीय निर्जला उपवास शुरू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सोना और चांदी के लगातार बढ़ती कीमतों को देखते हुए गोल्ड कन्ट्रोल एक्ट एवं एक्साईज ड्यूटी लगवाने के लिए तथा सोना चांदी को शेयर मार्केट से हटवाने सहित सोना एवं चांदी के सभी व्यापारियों एवं कारीगरों के पास मात्र 100 ग्राम सोना एवं पांच किलो चांदी रखने का आदेश भारत सरकार की ओर से जारी किये जाने के मामले में स्वर्णकार कारीगर संघ की ओर से धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर शुक्रवार से दो दिवसीय निर्जला उपवास अनशन शुरू किया गया है। निर्जला उपवास के द्वारा आंदोलन कर रहे स्वर्णकार कारीगर संघ के लोगों ने बताया कि इस आंदोलन के माध्यम से जनता एवं सरकार को जगाने एवं यह बताने की कोशिश की जा रही है कि आज गोल्ड कन्ट्रोल एक्ट एवं एक्साईज डियूटी हट जाने के कारण सोना एवं चांदी की बनी हुई जेवरात, रेडिमेट आभूषण अलग-अलग राज्यों से अवैध तरीके से तस्करी कर यहां लाया जा रहा है। जिसके कारण देश के लाखों सोना चांदी के गरीब कारीगरों को सोना चांदी का काम मिलना मुश्किल हो गया है। आज परिस्थिति ऐसी हो चुकी है कि देश के लाखों सोनार कारीगरो के परिवारो की स्थिति भूखमरी के कगार पर पहुंच गई है। ऐसा न हो कि देश के सोनार कारीगरो को मजबूर होकर आत्म हत्या करना पड़ जाए। स्वर्णकार कारीगर संघ ने सरकार एवं प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि सोना एवं चांदी पर सरकार कन्ट्रोल एक्ट एवं एक्साईज ड्यूटी लागू करे। वहीं, धरना दे रहे स्वर्णकार संघ से मिलने पहुंचे पूर्व मेयर सह धनबाद मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि कहा जाता था कि बड़े-बड़े व्यवसायी छोटे दुकानदारों को खा जाएंगे, यह उसी का जीता जागता उदाहरण है, आज बड़े बड़े कॉरपोरेट घरानों की वजह से गली-कूचों में दिखने वाले सोने-चांदी के दुकान आहिस्ता-आहिस्ता समाप्त होते जा रहें हैं। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस ओर ध्यान देने की मांग की।

# यूजीसी के फैसले के खिलाफ सड़क पर उतर कर स्वर्ण महासंघ ने जताया विरोध

**पूर्वी सिंहभूम :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हालिया फैसलों के विरोध में गुरुवार को स्वर्ण महासंघ के आह्वान पर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे और उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एकजुट होकर केंद्र सरकार एवं यूजीसी की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यूजीसी की ओर से जारी किए गए नए नियम और नीतियां न केवल देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही हैं, बल्कि सामाजिक संतुलन और निष्पक्षता पर भी प्रतिकूल असर डाल रही हैं। स्वर्ण महासंघ के नेताओं ने आरोप लगाया कि इन फैसलों से समाज के विभिन्न वर्गों में असंतोष बढ़ रहा है और यदि समय रहते इन्हें वापस नहीं लिया गया, तो इसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और उससे जुड़े निर्णय समानता, न्याय और सामाजिक समरसता के आधार पर होने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा फैसला आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को प्रभावित कर सकता है। वक्ताओं ने सरकार और यूजीसी से मांग किया कि वे इन निर्णयों पर पुनर्विचार करें, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जायेगा। स्वर्ण महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जायेगा। इस क्रम में प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल और केंद्र सरकार को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें यूजीसी के निर्णयों को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई। प्रदर्शन में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि एक मंच पर नजर आए। ब्राह्मण समाज से जुड़े पूर्व डीएसपी कमल किशोर, क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष शंभू सिंह और शिवशंकर सिंह, ब्रह्मर्षि समाज के रामनारायण शर्मा, सतीश सिंह, दीपू सिंह और कायस्थ समाज से अजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कोनार में चार दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग हेल्थ एंड हैपीनेस कार्यक्रम की शुरुआत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के कोनार परिसर में चार दिवसीय 27 जनवरी से लेकर 30 जनवरी तक आर्ट ऑफ लिविंग हेल्थ एंड हैपीनेस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसका विधिवत उद्घाटन कोनार परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने दीप प्रवज्जलित कर किया। मौके पर कोनार परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह बताया कि यह कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य कोनार के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियो की दुविधा एवं मानसिक तनाव को दूर करना है। इस स्थिति पर गहन-चिंतन मनन के पश्चात यह सुनिश्चित किया गया है, ताकि इन सबो की मानसिक स्थिति सुदृढ हो और बिल्कुल तरोताजा होकर अपने कार्य को पूरी निपुणता के साथ करें, तभी तो हम सरकार एवं समाज के लिए बेहतर कार्य कर एक बेहतर उदाहरण पेश कर सकते है। इस कार्यक्रम के माध्यम से कोनार पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानसिक दबाव, क्रोध, अनिद्रा एवं संयमित रहकर कार्य करने में मदद मिलेगी। जिसको लेकर कार्यक्रम में योग, प्राणायाम, मेडिटेशन के कई गुर बताये गये, जिससे संतुलित जीवन जीने की कला को बढ़ाया जा सकता है। इस संबध में कोनार परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह ने बताया कि हमारे कर्मचारी अत्यधिक कार्यभार और नक्सल



प्रभावित दूरस्थ क्षेत्र की चुनौतियों से जूझ रहे थे, मनोरंजन के सीमित साधन बाजार की कमी और आधुनिक सुविधाओं के अभाव के कारण उनका मनोबल गिरा हुआ था, इन कठिनाइयों के बावजूद, वे अपनी सुरक्षा को खतरे में डालकर भी कंपनी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध रहे है, इसको लेकर प्रबंधन ने आर्ट ऑफ लिविंग विशेषज्ञों के नेतृत्व में चार दिवसीय स्वास्थ्य और खुशी कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसका उद्देश्य तनाव और चिंता को कम करना और हमारी टीम को एक स्फूर्तिदायक अनुभव प्रदान करना है। यह कोनार के कर्मचारियों के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव साबित होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बी एन मंडल, प्रबंधक विद्युत चंदन कुमार, सीएसआर के प्रभारी सुनील कुमार, असैनिक विभाग के कार्यपालक चंद्रशेखर प्रसाद, रोजी सोरेन, बी के महतो समेत अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# जिला पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की महत्त्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल नें की। इस बैठक में आने वाले नगर निगम के चुनाव पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि नगर निगम चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूति, एकजुटता और अनुशासन के साथ मैदान में उतरेगी। पार्टी केवल उन्ही उम्मीदवारों को समर्थन देगी जो कांग्रेस के विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध हैं। जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी, शैलेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर प्रसाद मेहता युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद जाविर सेवादल अध्यक्ष गुड्डू सिंह एनएसयुआई अध्यक्ष अभिषेक राज कुशवाहा नगर अध्यक्ष परवेज अहमद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष साजिद अली खान ओबीसी अध्यक्ष अजय प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई

# ड्रोन सर्वे से करीब 100 एकड़ फसल नष्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग) :** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस एवं वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 100 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई दिनांक 29 जनवरी 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम अंजन एवं आसपास के दुर्गम क्षेत्रों में की गई। संयुक्त छापेमारी अभियान के दौरान वन विभाग एवं चौपारण पुलिस की टीम ने ड्रोन कैमरे की सहायता से दुर्गम इलाकों में अफीम की फसल को चिन्हित किया। इसके बाद मौके पर ही फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया, जिससे अवैध कारोबारियों को बड़ा झटका लगा है। अभियान के दौरान अफीम की सिंचाई में उपयोग किए जा रहे 14



डिलीवरी पाइप बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिए गए।

**दोषियों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई**

**अवैध** अफीम की खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान एवं सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। दोषियों की पहचान के पश्चात उनके विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**संयुक्त अभियान में शामिल अधिकारी**

**इस** महत्वपूर्ण कार्रवाई में निम्न अधिकारी एवं कर्मी शामिल रहेः अजित कुमार बिमल, SDPO बरही चंद्रशेखर, पुलिस निरीक्षक, बरही अंचल सरोज सिंह चौधरी, थाना प्रभारी, चौपारण SI सुबिन्दर राम, SI दिव्य प्रकाश, ASI बदल महतो, ASI कमरुद्दीन बनपाल कुलदीप कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान आगे भी जारी रहेगी सख्त कार्रवाई अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध अफीम की खेती एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जा सके।

# ग्रामीण श्रमिक परिवारों के समग्र विकास की गारंटी है वीबी-जी राम जी योजना : मुंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम :** भारतीय जनता पार्टी पश्चिम सिंहभूम जिला इकाई की ओर से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी का जिला सम्मेलन बासा बासाटोंटो स्थित बलिस बैंक्वेट हॉल में किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। उनके आगमन पर ढोल-नगाड़ों के साथ पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाज से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन में पार्टी की जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसे विशेष रूप से ग्रामीण श्रमिक परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लाया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इस योजना की जानकारी मंडल,



पंचायत और बूथ स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण परिवार इसका लाभ उठा सकें। वहीं मुख्य वक्ता अर्जुन मुंडा ने पश्चिम सिंहभूम जिले में पहली बार किसी आदिवासी महिला के जिला अध्यक्ष बनने पर गीता बालमुचू को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण श्रमिक परिवारों के समग्र विकास की गारंटी है और इसमें किसी भी प्रकार की राशि हेराफेरी की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार पर कोल्हान क्षेत्र से जुड़े कानून और पारंपरिक आदिवासी व्यवस्था की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया।

# सर्वोदय सरस्वती विद्या मंदिर लाल बंगला चरही में लगाया गया नि:शुल्क दंत जांच शिविर



**चरही :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के बाल दंत चिकित्सा विभाग द्वारा सर्वोदय सरस्वती विद्या मंदिर लाल बंगला चरही में बुधवार को निःशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 231 स्कूली बच्चों की निशुल्क दंत जांच की गई तथा उन्हें उत्तम दंत स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को नियमित दांतों की सफाई एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बचपन से ही दांतों की सही देखभाल अत्यंत आवश्यक है। नियमित रूप से दिन में दो बार दांत साफ करना, संतुलित आहार लेना और समय-समय पर दंत जांच कराना बच्चों को दांतों से जुड़ी गम्भीर बीमारियों से बचा सकता है। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य बच्चों में दंत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि वे स्वस्थ मुस्कान के साथ बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

# एबीआर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी 02 फरवरी को दिल्ली शैक्षणिक भ्रमण पर

**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो के पारडीह स्थित अघोरेश्वर भगवान राम (एबीआर) पब्लिक स्कूल के चयनित विद्यार्थी 2 फरवरी को दिल्ली शैक्षणिक भ्रमण पर जाएंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का विशेष अवसर मिलेगा। इसके अलावा, वे दिल्ली के विभिन्न ऐतिहासिक, शैक्षणिक और राष्ट्रीय महत्व के स्थलों का भी भ्रमण करेंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन में राउंड टेबल इंडिया का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। स्कूल के अवैतनिक प्राचार्य प्रमोद कुमार ने बताया कि भ्रमण पर जाने वालों में शिक्षिका अदिति पांडेय (25) के साथ छात्र-छात्रा उर्मी मुर्मू (11), पल्लवी कुमारी नाग (12), अंबालिका महतो (12), शुभम मिश्रा (12) और प्रियांशु दास (13) शामिल हैं।

### पेलावल मदरसा हुसैनिया में एख्तितामी इजलास व तालीमी मुजाहिरा का भव्य आयोजन

# तालीमी जौहर और समाज की एकजुटता ने बढ़ाया जलसे का गौरव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी (हजारीबाग) :** दिनांक 29 जनवरी को पेलावल स्थित मदरसा हुसैनिया में एख्ततामी इजलास व तालीमी मुजाहिरा का आयोजन पूरे शान-ओ-शौकत और रूहानी माहौल के साथ किया गया। इस ऐतिहासिक इजलास की अध्यक्षता प्रख्यात आलिम-ए-दीन मुफ्ती शोएब कासमी ने की, जबकि क्यादत मौलाना अब्दुल हलीम कासमी ने फरमाई। जलसे की निजामत की अहम जिम्मेदारी मुफ्ती जव्वाद कासमी ने बखूबी निभाई। इजलास में मुफ्ती यूनुस और मौलाना शकील साहब जैसे नामवर उलेमा की मौजूदगी ने कार्यक्रम की शान को दोगुना कर दिया। वहीं शहर के कई गणमान्य लोग भी बड़ी तादाद में मौजूद रहे। खास तौर पर पेलावल दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद सफीक और मोहम्मद रकीब की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। इस सफल आयोजन में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन के मेम्बरान ने विशेष मेहनत और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं, जिससे प्रोग्राम पूरी तरह कामयाब रहा। तालीमी मुजाहिरे में छात्रों ने अपनी काबिलियत और मेहनत का शानदार प्रदर्शन कर मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। मदरसा के प्रिंसिपल जनाब अब्दुल हलीम कासमी साहब ने मंच से सभी उलेमा, मेहमानों, सहयोगियों और श्रोताओं का दिल से शुक्रिया अदा किया। अंत में मुफ्ती शोएब कासमी की दुआ के साथ यह यादगार जलसा अपने खूबसूरत अंजाम को पहुंचा।

# राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद में छात्राओं को दी गयी दीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद में कक्षा बारहवीं की छात्राओं के लिए दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन के आगामी चरण के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें संस्कार, अनुशासन और मूल्यों से जोड़े रखना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभात कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, धनबाद रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को परिश्रम, धैर्य, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का महत्त्व बताया। उन्होंने कहा कि सफलता केवल पुरस्कारों से नहीं, बल्कि मूल्यों, साहस और चरित्र से

- नैतिक मूल्यों से बढ़ कर कुछ भी नहीं : प्रभात कुमार
- चुनौतियों का सामना डट कर करें : विनोद कुमार तुलस्यान
- भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को आजीवन ना भूलें : सुमंत कुमार मिश्र



प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्लेषण करने, अपनी कमजोरियों पर कार्य करने तथा निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक को अपना सेवक बनायें, स्वामी नहीं। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्राओं निहारिका सिंह, 2025 सीए टॉपर एवं नीतू सिंह बीसीसीएल, डिप्टी मैनेजर तथा सीबीएसई राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता की स्वर्ण पदक विजेता ने अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने विद्यार्थियों को निरन्तरता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि प्रत्येक विद्यार्थी में आगे बढ़ने की समान क्षमता होती है तथा जीवन में उत्कृष्टता, अनुशासन एवं सही दिशा में किये गये प्रयासों से प्राप्त होती है। अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने संस्कार और सभ्यता को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ने की मंगल कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कभी भी किसी चुनौती से नहीं डरना है और विद्यालय से जितने भी ज्ञान और संस्कार मिले उसका आगामी जीवन में उपयोग करना है और उन्होंने हमेशा खुश रहने की मंगल कामना की। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को दीक्षा दी तथा अपने दीक्षा सम्बोधन में कहा कि वे अपने विद्यालय से जुड़े रहें, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को जीवन में अपनायें तथा भविष्य की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास एवं अनुकूलन क्षमता के साथ करें। विद्यालय की उप प्राचार्या लीला सिंह ने छात्राओं के परीक्षा परिणाम को घोषित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रभारी प्रतिमा चौबे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। दीक्षा समारोह भावनात्मक, प्रेरणादायी एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें छात्राओं ने अपने विद्यालय पर गर्व व्यक्त किया और उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार पटनिया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, समिति के अधिकारी गण एवं सदस्यों के अलावा प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी प्रतिमा चौबे, सुमोना दीक्षित एवं छंदा बनर्जी उपस्थित थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही।

## एक झलक

### महापौर के 16, अध्यक्ष पद के 06 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव में धनबाद नगर निगम क्षेत्र में महापौर के पद के लिए गुरुवार को 16 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। वहीं चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए 6 एवं वार्ड पार्षद के लिए 36 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। महापौर के पद के लिए आज एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। जबकि चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष पद एवं वार्ड पार्षद तथा धनबाद नगर निगम के वार्ड पार्षद के लिए एक भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।

### आर्म्स एक्ट मामले में तीन दोषियों को सजा, एडीजे की अदालत ने सुनाया फैसला

**धनबाद :** जोरापोखर थाना कांड संख्या 186/23 से जुड़े आर्म्स एक्ट के एक महत्वपूर्ण मामले में बुधवार को माननीय एडीजे (अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) की अदालत ने अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। दोषी ठहराये गये अभियुक्तों में गौतम कुमार पासवान, राहुल कुमार पासवान और जगदीश पासवान शामिल हैं। अदालत ने तीनों को दो वर्ष पांच माह के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 5,000 का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में अतिरिक्त सजा का भी प्रावधान रखा गया है। यह मामला अवैध हथियार रखने से संबंधित था, जिसे पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जांच की थी। कांड के अनुसंधानकर्ता लोकनाथ गुप्ता थे, जिन्होंने मामले की जांच कर साक्ष्य संकलित किए और आरोपियों के खिलाफ मजबूत केस तैयार किया। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोप सिद्ध मानते हुए यह सजा सुनाई। इस फैसले को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी ताकि क्षेत्र में शांति व कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### राम अवतार कम्पनी के श्रमिकों ने सिजुआ जीएम को 08 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**बाघमारा (धनबाद):** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र अंतर्गत कनकनी कोलियरी में संचालित राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के श्रमिकों ने सिजुआ एरिया के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर बताया कि कंपनी के द्वारा श्रमिकों का शोषण और श्रमिकों की सुरक्षा को अनदेखा किया जा रहा है। साथ ही श्रम कानून का उल्लंघन भी किया जा रहा है। उन्होंने राम अवतार कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 4 वर्षों से उक्त कंपनी यहां कार्य कर रही है। इसके बावजूद भी हम मजदूर को अब तक ना तो पहचान पत्र दिया गया है और ना ही बैंक खाते के माध्यम से वेतन भुगतान किया जाता है। आवश्यकता अनुसार सुरक्षा उपकरण भी नहीं उपलब्ध कराया जाता है। कुछ श्रमिकों से जबरन 8 घंटे के बजाय 12 घंटे काम लिया जाता है। उन्होंने महाप्रबंधक से मांग करते हुए कहा कि हम श्रमिकों को हाई पावर कमेटी द्वारा वेतन भुगतान किया जाए। इसके साथ ही पहचान पत्र भी निर्गत किया जाए। श्रमिकों ने कुल आठ मांगे महाप्रबंधक के समक्ष रखी । जिसकी प्रतिलिपि सीएमडी, धनबाद डीसी, धनबाद एसपी सहित कई विभागों को भेजा है। उक्त पत्र में नंदलाल महतो, लक्ष्मण मलिक, असित कुमार, रंजीत कुमार चौहान, मनोज नोनिया, अमित विश्वकर्मा, नरेश भुईयां, धर्मदेव नोनिया, मोनू चौहान, वीरेंद्र कुमार, नकुल रजवार, बिट्टू पासवान, देव गोप, मोहम्मद शब्बीर, राजन कुमार सहित लगभग 60 मजदूरों के हस्ताक्षर हैं।

# पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने एक बार फिर भरा नामांकन



नगर निगम चुनाव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव को ले गुरुवार को पूर्व मेयर व मेयर पद के प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल ने धनबाद समाहरणालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पहले चंद्रशेखर अग्रवाल ने झरिया स्थित श्री श्याम मंदिर मथा टेका फिर बाद में समर्थकों के साथ भव्य रैली निकाली। यह रैली झरिया से धनसार होते हुए शक्ति मंदिर पहुंची। इसके बाद नया बाजार, राजेंद्र सरोवर, सिटी सेंटर होते हुए मेमको मोड़ तक पहुंची। मेमको मोड़ से चंद्रशेखर अग्रवाल अपने समर्थकों के साथ पैदल ही समाहरणालय पहुंचे, जहां उन्होंने नामांकन प्रक्रिया पूरी की। रैली के दौरान जगह-जगह समर्थकों ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों से वार्ता में श्री अग्रवाल ने कहा कि पूर्व में मेयर रहते हुए उन्होंने जनता के हित में कई विकास कार्य किए हैं, जिसे धनबाद की जनता भली-भांति जानती है। उन्होंने विश्वास जताया कि उन्हीं कार्यों के आधार पर जनता एक बार फिर उन्हें सेवा का अवसर देगी।

## कांग्रेस नेता से मिले महापौर प्रत्याशी अमित अग्रवाल



**धनबाद :** महापौर प्रत्याशी अमित अग्रवाल ने गुरुवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेंद्र सिंह योगी से शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। मुलाकात के दौरान नगर विकास, स्थानीय जनसमस्याओं एवं सामाजिक मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा हुई। अमित अग्रवाल ने अपने चुनावी दृष्टिकोण और नगर के विकास से जुड़े विचार साझा किए। वहीं योगेंद्र सिंह योगी ने सकारात्मक सुझाव देते हुए जनसेवा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस मुलाकात को सामाजिक-राजनीतिक शिष्टाचार एवं आपसी संवाद के रूप में देखा जा रहा है।

## नगर निगम चुनाव को लेकर राजद की हुई बैठक, नगर निगम के हर वार्ड व महापौर के चुनाव में राजद उतारेगा अपना उम्मीदवार

**धनबाद :** धनबाद में होने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी की अध्यक्षता में बसंत विहार कॉलोनी में एक बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में राजद के कार्यकताओं ने नगर निगम के हर वार्ड तथा महापौर के चुनाव में राजद अपना उम्मीदवार उतारने की बात कही। महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी ने जिला के सभी पदाधिकारी प्रदेश के सभी पदाधिकारी तथा जिला में सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने धनबाद नगर निगम चुनाव में महापौर के लिए पाँच नामों का सुझाव दिया। इन उम्मीदवारों में यादव, दलित, मुस्लिम वर्ग का नाम आया है। मुमताज कुरैशी ने कहा कि इन सभी नामों को झारखंड प्रदेश कार्यालय में भेजकर तथा प्रदेश चुनाव समिति को भेजकर किसी एक नाम पर सहमति लेकर नाम की घोषणा कर दिया जाएगा। इन्होंने यह भी कहा कि



धनबाद नगर निगम में 55 वार्ड पार्षद उम्मीदवार जो राजद समर्पित होंगे उनकी मदद की जाएगी और उन्हें विजय बनाने की कोशिश की जाएगी। जरूरत पड़ने पर झारखंड प्रदेश के राजद विधायक मंत्री को चुनाव प्रचार प्रसार में बुलाया जाएगा। इस बैठक में प्रदेश राजद उपाध्यक्ष विक्रम प्रसाद यादव, व्यवसायी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष तारकेश्वर यादव, जिला अध्यक्ष राघवेंद्र यादव, बिनोद पासवान, गणेश यादव, पन्ना लाल यादव, अनवरी खातून, राजू यादव, मनन यादव, गुलशन खातून सहित कई राजद नेता मौजूद रहे।

## 'प्रयास' कार्यक्रम के तहत चार छात्रों को आठवीं की प्री-बोर्ड परीक्षा में कराया शामिल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने, एक भी छात्र परीक्षा से वंचित नहीं रहे, उसके लिए ‘प्रयास’ कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके तहत राजकीयकृत मध्य विद्यालय दुर्गामंदिर में अष्टम प्री बोर्ड परीक्षा को लेकर आज चार बच्चों को परीक्षा में शामिल कराया गया। इसमें छात्र उत्तम हाड़ी को परीक्षा में शामिल कराना प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार कर्ण तथा शिक्षक राज कुमार वर्मा के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। परंतु उनके दृढ़संकल्प से उन्हें सफलता मिली। दोनों उत्तम हाड़ी को खोजने के लिए सर्वप्रथम सरायढेला गये। वहाँ नहीं मिलने पर उसे ढूंढ़ते हुए मांझीबांध तालाब के निकट जंगल में गए और उसे खोज निकाला। तत्पश्चात उसके घर जाकर उसे तैयार कर परीक्षा में शामिल कराया। इस तरह दोनों ने विद्यालय में शत प्रतिशत छात्रों को प्री-बोर्ड परीक्षा में शामिल कराया। वहीं इसके पूर्व खोजे गए प्रमाण मरांडी, जो विद्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर रहता है, उससे दोनों ने लगातार संपर्क बनाए रखा और आर्थिक मदद कर परीक्षा में शामिल कराया। श्री कर्ण तथा श्री वर्मा ने बताया कि छात्रों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा हुआ यह उनका एक छोटा सा प्रयास था। कहा कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

## छात्रों को दिया आपदा प्रबंधन व प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण



**धनबाद :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, धनबाद, ने श्री शंकर दयाल +2 उच्च विद्यालय रोआम, टीएपी +2 उच्च विद्यालय तोपचांची एवं कस्तुरबा गांधी झारखंड आवासीय विद्यालय तोपचांची में स्कूली छात्रों को आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान विद्यालय में युथ रेडक्रास का चयन, मॉक ड्रिल, प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद के कार्यकारिणी सदस्य कुमार मधुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक प्रधानाचार्य डब्लु कुमार डे, प्रधानाचार्य डॉ ओमप्रकाश पाण्डेय, प्रधानाचार्य कुमारी सुनीता महतो के अलावा बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## अनिका सिंह ने इनर व्हील व सीएमसी हॉस्पिटल के सहयोग से 100 महिलाओं का कराया एचबी टेस्ट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** स्वास्थ्य सुधार के मिशन पर अनिका सिंह जो युनिवर्सिटी ऑफ वर्जिनिया की छात्रा है और सामुदायिक स्वास्थ्य सुधार के लिए शोध व सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। अनिका सिंह धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम के प्रोफेसर स्व. डॉ प्रभाकर सिंह की पौत्री है। डॉ. सिंह शारीरिक रूप से विकलांग एवं अपने अंतिम समय कई गंभीर बिमारियो से ग्रसित हुए। डॉ. सिंह के निधन के बाद से ही अनिका सिंह स्वास्थ्य अनुसंधान और चिकित्सा सेवा से जुड़ी अनेक पहल की शुरूआत की और जरूरतमंदों की सेवा कर रही है। अपने भाई के साथ मीलकर एसएसआरपीएस (सस्टेनेबेल हेल्म रिसच पोर्टल फॉर स्टूडेंटस) जो भारत और अमेरिका के विभिन्न स्वास्थ संबंधी परियोजनाओं, पर केंद्रित है। स्टूडेंट अंबेस्डर के रूप में तथा एसएसआरपीएस और इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन के सहयोग से वंचित वर्ग की छात्राओं को स्वस्थ्य और वेलनेस की शिक्षा दी जा रही है। अनिका का मानना है कि यदि युवा पीढ़ी के छात्र इस



तरह स्वास्थ्य अनुसंधान और सेवा उन्मुख अभियानों से जुड़े तो बड़ा लाभ होगा। अनिका को उम्मीद है कि ऐसे उदाहरण प्रस्तुत कर नई पीढ़ी-को प्रेरित कर सकेंगी। गुरुवार 29 जनवरी को अनिका सिंह आईडबलूसी धनबाद माइलस्टोन और सीएमसी हॉस्पिटल धनबाद के सौजन्य से 100 महिलाओं को एचबी टेस्ट करवाया गया एवं डॉ. ईशा रानी मिश्रा द्वारा उचित सलाह दी गई। महिलाओं को एक महिने का आयरन की गोली, वोर्म्स की गोली एवं फल दिया गया। मौके पर इनरव्हील की धनबाद अध्यक्ष लीना झा, उपाध्यक्ष रेणु कौशल, आइएसओ गीता चौबे, उषा सिंह आदि मौजूद थी।

## एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से की शिकायत, कार्रवाई नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बाघमारा (धनबाद) :** बुधवार को कतरास महाविद्यालय में एक बाहरी व्यक्ति द्वारा कॉलेज का मुख्य गेट बंद किए जाने से शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य पूरी तरह ठप हो गए। इस घटना के पीछे कॉलेज के कुछ सहायक शिक्षकों की भूमिका होने का आरोप लगाया जा रहा है।

मामले को गंभीर बताते हुए एनएसयूआई बीबीएमके यूनिवर्सिटी अध्यक्ष राज रंजन सिंह ने बीबीएमके विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को लिखित शिकायत सौंपी। उन्होंने कहा कि बाहरी व्यक्ति के इस कृत्य से न केवल सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न हुई, बल्कि छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो विश्वविद्यालय में तालाबंदी की जाएगी।



घटना की जानकारी मिलने पर बीबीएमके विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने आश्वासन देते हुए कहा कि मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की जाएगी और 15 दिनों के भीतर जांच पूरी कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय अध्यक्ष राज रंजन सिंह, कतरास नगर पूर्व अध्यक्ष साहिल अली, पी.के. राय कॉलेज उपाध्यक्ष आयुष सिंह सहित दीपक, ओम, गणेश, प्रवीण एवं अन्य छात्र उपस्थित थे।

## क्षमता से अधिक सवारी बैठाने को लेकर डीटीओ ने कई वाहनों पर लगाया जुर्माना

**पश्चिमी सिंहभूम :** शहर में क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलाए जा रहे वाहनों के खिलाफ जिला परिवहन पदाधिकारी गौतम (डीटीओ) कुमार के निर्देश पर गुरुवार को कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई लगातार मिल रही शिकायतों और वाहन चालकों और वाहन स्वामियों को पूर्व में कई बार समझाने के बावजूद नियमों का पालन नहीं किए जाने के बाद की गई। मौके पर डीटीओ ने बताया कि जांच के दौरान कई वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी ले जाते पाए गए, जिस पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए दर्जनों वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया है।

## इनर व्हील क्लब धनबाद माइलस्टोन ने भारतीय समाचार पत्र दिवस पर पत्रकारों को किया नमन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** इनर व्हील क्लब धनबाद माइलस्टोन क्लब द्वारा भारतीय समाचार पत्र दिवस के अवसर पर गुरुवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के सदस्यों ने समाज के प्रति प्रेस की जिम्मेदारी को अहम बताते हुए प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। समाचार पत्र के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। दैनिक जीवन में समाचार पत्र के योगदान की सराहना की गयी। संस्था के प्रवक्ता ने कहा समाज समाचार पत्र लोकतंत्र की आवाज है इस जीवंत पर निष्पक्ष बनाए रखने के लिए देश



के सभी संपादकों, को पत्रकारों मीडिया कर्मियों को नमन कर हार्दिक धन्यवाद दी। इनरव्हील क्लब धनबाद माइलस्टोन द्वारा प्रतिवर्ष नेशनल न्यूजपेपर डे का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष लीना झा, उपाध्यक्ष रेनू कौशल, सचिव ऋतु श्रीवास्तव, आइएसओ गीता चौबे, ऊषा सिंह आदि सदस्यों ने भाग लिया।

## एकादशी सेवा संकल्प में 1500 से अधिक लोग हुए लाभान्वित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झरिया (धनबाद) :** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा सामाजिक सरोकारों को सशक्त बनाते हुए श्री श्याम प्रभु ट्रस्ट एवं एसजेएस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से श्री श्याम मंदिर, झरिया परिसर में निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। उद्घाटन मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा प्रत्येक एकादशी के अवसर पर नियमित रूप से सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इस सत्र में अब तक 1500 से ज्यादा लोग हमारे द्वारा लगाए स्वास्थ्य शिविरों में लाभान्वित हो चुके हैं। मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को सशक्त बनाते हुए जरूरतमंदों तक हर संभव सहायता पहुँचाना है। शिविर के दौरान कुल 119 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 78 लोगों की नेत्र जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्यक्रम संयोजक मयंक केजरीवाल एवं यश अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर नेहा मित्तल, अभिषेक अग्रवाल सहित मंच के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## अदानी एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के प्रवेश द्वार से कुछ दूरी पर युवक का मिला शव

**सिन्दरी (धनबाद) :** एसीसी अदानी सीमेंट फैक्ट्री के प्रवेश द्वार के निकट स्थित एक गुमटी के पास एक अज्ञात युवक का शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर सिंदरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने लगभग दो घंटे के प्रयास के बाद शव की शिनाख्त कर ली। मृतक की पहचान शीतलपुर गांव का 43 वर्षीय ज्योतिलाल हेंब्रम के रुप में हुई। मृतक का जीजा ढांगी निवासी लक्ष्मण बेसरा ने बताया कि मृतक विवाहित था। उसकी पत्नी मायके में ही रहती है। मृतक एसीसी गेट के निकट स्थित दुकानो में ही काम करता था और नशे का आदि था। लक्ष्मण बेसरा ने बताया कि अत्यधिक मद्यपान के कारण मौत हुई होगी। सिन्दरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि परिजनो ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था और शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर घर चले गये।

## बीसीसीएल के कुसुंडा क्षेत्रीय कार्यालय में महत्त्वपूर्ण परिचय बैठक आयोजित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार को बीसीसीएल के कुसुंडा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिचय बैठक हुई, जिसमें महाप्रबंधक निखिल बी. द्विवेदी और कार्मिक प्रबंधक देवाशीष बाग ने इनमोसा की कुसुंडा क्षेत्रीय नवनिर्वाचित कमिटी के सदस्यों से मुलाकात की। इस बैठक में इनमोसा की बीसीसीएल डिवीजनल कमिटी के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष एम. पी. चौहान, उप महामंत्री अजीत सिंह, डिवीजनल सचिव श्रीश कुमार, संयुक्त सचिव सुधीर राम, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे, सचिव नागेंद्र सिंह, संगठन सचिव गौतम महतो सहित अन्य कुसुंडा क्षेत्र के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवनिर्वाचित क्षेत्रीय कमिटी का औपचारिक परिचय कराना, संगठन और प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा भविष्य में सहयोगपूर्ण कार्य करने की दिशा में चर्चा करना था। यह बैठक माईनिंग सरदार व ओवर मैन और बीसीसीएल प्रबंधन के बीच का यह संवाद कंपनी के विकास और माइनिंग सरदार व ओवर मैन के लिए अत्यंत उपयोगी रहेगा।

## पॉलिथीन जांच अभियान के दौरान निगम कर्मियों व दुकानदारों के बीच नोक-झोंक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बाघमारा (धनबाद) :** नगर निगम वार्ड संख्या-8 लोयाबाद पोस्ट ऑफिस के समीप पॉलिथीन के इस्तेमाल पर रोक लगाने हेतु पॉलिथीन जांच अभियान के दौरान नगर निगम कर्मियों एवं स्थानीय दुकानदारों के बीच जोरदार झड़प हो गई और दोनों के बीच जबरदस्त नोक झोंक हुई। बताते चले कि कतरास अंचल से आए नगर निगम के अधिकारियों ने रेवेन्यू इंस्पेक्टर इंद्रदेव कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया। अभियान के तहत लोयाबाद पोस्ट ऑफिस के बगल स्थित केसरी पूजा भंडार में छापेमारी की गई, जहां बड़ी संख्या में प्लास्टिक कैरी बैग बरामद किए गए। छापेमारी की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों की भीड़ जमा हो गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाली पॉलिथीन पर प्रतिबंध : इंद्रदेव कुमार

**अभियान** के दौरान रेवेन्यू इंस्पेक्टर इंद्रदेव कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार क्षेत्र में प्लास्टिक पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाली प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है।



नियमों का उल्लंघन करने पर नगर निगम द्वारा जुर्माना लगाया जायेगा और पॉलिथीन जब्त की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक से प्रदूषण बढ़ता है, पशु इसे खा लेते हैं जिससे उन्हें गंभीर बीमारियां होती हैं, वहीं जलाने से वायु प्रदूषण भी फैलता है। इन्हीं कारणों से यह प्रतिबंध लगाया गया है।

### 500 रुपये जुर्माना लगाने के बाद दुकानदार हुए एकजुट, निगम के खिलाफ की नारेबाजी

**छापेमारी** के दौरान केसरी पूजा भंडार में अधिक मात्रा में पॉलिथीन मिलने पर दुकानदार पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना लगाये जाने के कुछ देर बाद लोयाबाद मोड़ के दुकानदार एकजुट हो गए और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। दुकानदारों का कहना था कि सरकार पहले प्लास्टिक बनाने वाली कंपनियों पर रोक लगाए, न कि छोटे दुकानदारों को परेशान करे। स्थिति धीरे-धीरे तनावपूर्ण हो गई और अधिकारियों व दुकानदारों के बीच गर्मागर्मी का माहौल बन गया। इसी दौरान लोयाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार महतो और सचिव सुनील पांडे मौके पर पहुंचे और दुकानदारों को शांत कराया।

### हो-हंगामे की सूचना पर पहुंचे फूड इंस्पेक्टर व लोयाबाद पुलिस

**इधर** मामले की जानकारी मिलने के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलने पर फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। दुकानदारों द्वारा छापेमारी टीम के साथ की गई बदसलूकी को लेकर बाद में दुकानदारों ने नगर निगम अधिकारियों से माफी मांगी, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

वहीं सूचना मिलने पर लोयाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे भी यदि कोई दुकानदार प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल करता पाया गया तो जुर्माने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

## सम्पादकीय.....

## खेल में राजनीति का घालमेल !

**खेल** में राजनीति का घालमेल सही नहीं होता। यह बात बांग्लादेश को समझनी चाहिए। लेकिन, विडम्बना यह है कि वह समझने को तैयार नहीं है। इसी का परिणाम है कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम अगले माह से शुरू होनेवाले टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के कगार पर खड़ी है। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया है कि बांग्लादेश के शिड्यूल्ड मैच भारत में ही खेले जायेंगे। यदि बांग्लादेश अपना निर्णय नहीं बदलता है, तो विश्व कप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया जायेगा। हालांकि, आईसीसी ने बांग्लादेश को एक अंतिम अवसर दिया है। उसे इस पर विचार भी करना चाहिए। क्योंकि, राजनैतिक-सामाजिक तनाव और अस्थिरता से गुजर रहे उस देश की जनता के लिए क्रिकेट थोड़ी मुस्कान ला सकता है। इस मामले में बात इतनी बिगड़ती ही नहीं, यदि शुरू से खेल को खेल की तरह लिया गया होता। पिछले दो हफ्तों में आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कई बार बातचीत की, लेकिन गतिरोध बना रहा। बांग्लादेश सरकार और बोर्ड; दोनों भारत में नहीं खेलने की बात पर अड़े हैं। बांग्लादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा का संदर्भ उठाया है, जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की रिपोर्ट ऐसी किसी आशंका को खारिज करती है। दरअसल, यह निर्णय खेल की जमीन पर नहीं, जियो-पॉलिटिक्स की बुनियाद पर लिया गया है, जो क्रिकेट की भावना के खिलाफ है। इसका सबसे बड़ा नुकसान स्वयं बांग्लादेश को ही होगा। इसका अंदेशा वहां के सीनियर खिलाड़ी तमीम इकबाल भी जता चुके हैं। बांग्लादेश के इस निर्णय का असर आनेवाले आईसीसी इवेंट्स, द्विपक्षीय सीरीज और दूसरे बोर्ड के साथ रिश्तों पर पड़ सकता है। बीसीबी लम्बे समय से आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा है और विश्व कप नहीं खेलने की स्थिति में उसे आईसीसी से मिलनेवाली फीस और रेवेन्यू में हिस्सा नहीं मिलेगा। यह स्वयं के ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की तरह है। बांग्लादेश की टीम ने 1986 में अपना पहला वनडे इंटरनेशनल खेला था। लेकिन, चार दशक के बाद भी वह स्वयं को बड़ी टीमों के बीच स्थापित नहीं कर पायी है। आज भी उसका प्रदर्शन बेहद उतार-चढ़ाव भरा है और इसकी एक वजह बड़े अवसरों की कमी भी है। बांग्लादेश जैसी टीमों के लिए विश्व कप वह मंच है, जहां उसके खिलाड़ी परफॉर्म कर पूरी दुनिया की नजरों में आ सकते हैं। बोर्ड और सरकार उनसे यह अवसर छीन रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर, बांग्लादेश के खिलाड़ियों के वक्तव्य बताते हैं कि वे विश्व कप में खेलना चाहते हैं। लेकिन, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उन्हें राजनीति की कीमत चुकानी पड़ रही है। सबसे दुखद यह है कि उनके प्रशंसक भी इसके शिकार बनेंगे। वे अपनी टीम को उस इवेंट में खेलते हुए नहीं देख पायेंगे, जिसका इंतजार सभी को रहता है। बहरहाल, देखना दिलचस्प होगा कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम अगले माह से शुरू होनेवाले टी20 वर्ल्ड कप में शामिल हो पाती है या नहीं।

# विमान हादसों में नेताओं की असमय विदाई

विशेष **डॉ. सत्यवान सौरभ**

**अमेरिका** में जॉन एफ. कैनेडी जूनियर, यूरोप में पोलैंड के राष्ट्रपति लेह काचिंस्की, अफ्रीका और रूस में राष्ट्राध्यक्षों की हवाई दुर्घटनाएं ; हर जगह साजिश की थ्योरी पहले आती है, तथ्य बाद में। जबकि, अंतरराष्ट्रीय विमानन आंकड़े बताते हैं कि अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय भूल और सिस्टम फेलियर का परिणाम होती हैं। दुर्भाग्य से सनसनीखेजी पत्रकारिता इन हादसों को 'राजनीतिक षड्यंत्र' में बदल देती है। इससे न केवल जांच प्रक्रिया प्रभावित होती है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास भी गहराता है। समस्या मूलतः व्यवस्थागत है। डीजीसीए के पास चार्टर्ड विमानों की निगरानी के लिए संसाधन सीमित हैं। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश मौजूद हैं, परन्तु उनका प्रवर्तन कमजोर है।

**भारत** की राजनीतिक यात्रा बार-बार आकाशी हादसों की भेंट चढ़ती रही है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती विमान दुर्घटना ने एक बार फिर पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। पांच लोगों की मौत के साथ राजनीति में एक ऐसा शून्य पैदा हुआ, जिसकी भरपाई केवल संवेदनाओं से संभव नहीं। यह पहला मामला नहीं है- संजय गांधी (1980), माधवराव सिंधिया (2001), वाई.एस. राजशेखर रेड्डी (2009) जैसे उदाहरण बताते हैं कि उच्च पदस्थ नेताओं की अकाल मृत्यु बार-बार एक ही प्रश्न खड़ा करती है: क्या विमान हादसे महज संयोग हैं, किसी साजिश का परिणाम या विमानन व्यवस्था की संरचनात्मक कमजोरी? भारतीय राजनीति में हवाई यात्रा अब सुविधा नहीं बल्कि जीवनरेखा बन चुकी है। चुनावी दौर में एक प्रत्याशी औसतन 120-150 सभाएँ करता है; सप्ताह में 40झ50 उड़ानें असामान्य नहीं। महाराष्ट्र जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से सक्रिय राज्य में बारामतीझमुंबईझदिल्ली के बीच निरंतर आवाजाही समय की मजबूरी है। ऐसे में चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर नेताओं की पहली पसंद बनते हैं। लेकिन यही विकल्प सबसे अधिक जोखिमपूर्ण भी हैं। आंकड़े बताते हैं कि प्राइवेट और चार्टर्ड विमानों की दुर्घटना दर कमर्शियल एयरलाइंस की तुलना में कई गुना अधिक है। कारण स्पष्ट हैं- सीमित पायलट अनुभव, पुराने विमानों का उपयोग, मौसम पर अत्यधिक निर्भरता, अस्थायी हेलीपैड और डीजीसीए की अपेक्षाकृत ढीली निगरानी।

अजित पवार की दुर्घटना हो या वाईएस राजशेखर रेड्डी का हेलीकॉप्टर हादसा या माधवराव सिंधिया का चार्टर्ड विमान- प्रारंभिक और अंतिम जाँचें बार-बार पायलट त्रुटि, तकनीकी विफलता या प्रतिकूल मौसम की ओर इशारा करती हैं। यह भी स्पष्ट है कि नेता रेल या कमर्शियल फ्लाइट से इसलिए बचते हैं क्योंकि वे चुनावी प्रचार की गति से मेल नहीं खा पातीं। चुनावी मौसम में यह जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान सैकड़ों हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमान किराये पर लिए गए। कई मामलों में रखरखाव प्रमाणपत्रों, पायलट रेस्ट-नॉर्म्स और हेलीपैड मानकों की अनदेखी सामने आई। राजनीतिक दलों द्वारा लिए जाने वाले तथाकथित 'पॉलिटिकल पैकेज'- कम कीमत, पुराने मॉडल- जोखिम को और बढ़ाते हैं। एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या वास्तव में केवल नेता ही विमान हादसों में मरते हैं? उत्तर है- नहीं। भारत में हर वर्ष सैकड़ों छोटे विमान और हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनमें आम नागरिक भी मारे जाते हैं। लेकिन मीडिया का फोकस हाई-प्रोफाइल चेहरों पर टिक जाता है। यही चयन-पूर्वाग्रह है- जो दिखता है, वही पूरा सत्य लगने लगता है। वैश्विक स्तर पर भी यही प्रवृत्ति दिखती है। अमेरिका में जॉन एफ. कैनेडी जूनियर, यूरोप में पोलैंड के राष्ट्रपति लेह काचिंस्की, अफ्रीका और रूस में राष्ट्राध्यक्षों की हवाई दुर्घटनाएँ- हर जगह साजिश की थ्योरी पहले आती है, तथ्य बाद में। जबकि अंतरराष्ट्रीय विमानन आंकड़े बताते हैं कि अधिकांश दुर्घटनाएँ मानवीय भूल और सिस्टम फेलियर का परिणाम होती हैं। दुर्भाग्य से सनसनीखेजी पत्रकारिता इन हादसों को 'राजनीतिक षड्यंत्र' में बदल देती है। इससे न केवल जांच प्रक्रिया प्रभावित होती है बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास भी गहराता है। समस्या मूलतः व्यवस्थागत है। डीजीसीए के पास चार्टर्ड विमानों की निगरानी के लिए संसाधन सीमित हैं। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश मौजूद हैं, पर उनका प्रवर्तन कमजोर है। पायलट प्रशिक्षण, मौसम पूवानुमान प्रणाली और अस्थायी हेलीपैड- तीनों में गंभीर सुधार की जरूरत है। अब समय आ गया है कि शोक के बाद भूलने की परंपरा छोड़ी जाए। इसके लिए कुछ ठोस और व्यावहारिक कदम अनिवार्य हैं। सबसे पहले, राजनेताओं के लिए एक डेडिकेटेड एयर विंग विकसित किया जाना चाहिए, ठीक उसी तरह जैसे भारतीय वायुसेना का वीवीआईपी बेड़ा संचालित होता है, जिसमें आधुनिक हेलीकॉप्टर, उन्नत जीपीएस-रडार सिस्टम और अत्यधिक प्रशिक्षित पायलट हों। दूसरा, चुनावी मौसम में उपयोग होने वाले चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों के लिए सख्त राष्ट्रीय मानक तय किए जाएँ और उनकी रियल-टाइम डिजिटल ट्रैकिंग अनिवार्य की जाए, ताकि सुरक्षा से कोई समझौता न हो। तीसरा, नेताओं की अत्यधिक यात्रा को कम करने के लिए वर्चुअल रैलियों, डिजिटल संवाद और तकनीक आधारित प्रचार को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे अनावश्यक उड़ानों का दबाव घटे। चौथा, पायलट प्रशिक्षण, उड़ान से पहले तकनीकी जाँच और विमान रखरखाव पर जीरो-टॉलरेंस नीति अपनाई जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाली प्राइवेट कंपनियों पर कठोर दंड लगाया जाए। अंततः, मीडिया के लिए भी जिम्मेदार रिपोर्टिंग संबंधी स्पष्ट गाइडलाइंस तय हों, ताकि हर विमान हादसे को साजिश में बदलने की प्रवृत्ति पर रोक लग सके। नेताओं की असमय मृत्यु केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं होती- वह सत्ता संतुलन, नीतिगत निरंतरता और लोकतांत्रिक भरोसे को भी चोट पहुँचाती है। अजित पवार, वाई.एस.आर. या संजय गांधी- हर हादसा हमें चेतावनी देता है। विमान दुर्घटनाएँ साजिश नहीं बल्कि लापरवाही, दबाव और कमजोर व्यवस्था का परिणाम हैं।

# हिंसा के दौर में गांधी के सिद्धांतों की प्रासंगिकता

गौरतलब **योगेश कुमार गोयल**

**सही** मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा। दूसरा, जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठ कर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा, चरखा, जो आगे चल कर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया।

**02** अक्तूबर 1869 को पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी जीवन पर्यन्त देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान से पूरी दुनिया सुपरिचित है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक महात्मा गांधी का आज 78वां बलिदान दिवस है, जिनकी 30 जनवरी 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले गांधी जी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया था। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने कई किताबें लिखी, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं क्योंकि उनके ये अनुभव, उनके विचार आज भी उतने ही सार्थक हैं, जितने उस दौर में थे। सही मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा। दूसरा, जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा, चरखा, जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया। गांधी जी प्रायः कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें। लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी जी कहा करते थे कि आप ऐसे जिएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था। महात्मा गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे।

## आज का इतिहास

- डेनमार्क और ल्यूबेक के बीच 1522 में युद्ध।
- पुर्तगाल ने मलक्का की खाड़ी को 1641 में मलाया डचों को सौंप दी।
- हॉलैंड और स्पेन के बीच 1648 में शांति समझौता हुआ।
- इंग्लैंड के सम्राट 'चार्ल्स प्रथम' को 1649 में फांसी दी गयी।
- ब्रिटेन के राजकुमार 'चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट' की 1788 में रोम में मौत हो गयी।
- लाइफबोट के तौर पर निर्मित पहली नाव का 1790 में टायन नदी में परीक्षण।
- कोरिया और चीन की स्वतंत्रता के बारे में 1902 में जापान और ब्रिटेन के बीच पहली 'आंग्ल-जापानी संधि' पर लंदन में हस्ताक्षर हुए।
- लॉर्ड कर्ज़न ने 1903 में मेटकाफ हॉल में 'इंपीरियल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया।
- 'कैनेडियन नेवल सर्विस' का नाम 1911 में बदल कर 'रॉयल कैनेडियन नेवी' किया गया।
- 'हाउस आफ लॉर्ड्स' ने 1913 में आइरिश होम रूल बिल को खारिज किया।
- एडॉल्फ हिटलर ने 1933 में आधिकारिक रूप से जर्मनी के चांसलर की कमान सम्भाली।
- सोवियत संघ की एक पनडुब्बी में 30 जनवरी, 1941 को जर्मनी का एक पोत डूब गया, जिससे उसमें सवार करीब 09 हजार लोगों की जान चली गयी।
- स्टालिन ग्राफ के पास सोवियत फौजों से 1943 में जर्मन सेना हारी।
- भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देनेवाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की नाथूराम गोडसे ने 1948 में आज ही के दिन हत्या की थी।
- रात्रि एयर मेल सेवा की शुरुआत 1949 में हुई।
- दक्षिण वियतनाम में सेना ने 1964 में सत्ता पर कब्जा किया।
- दूसरे विश्व युद्ध के समय देश के प्रधानमंत्री रहे विंस्टन चर्चिल को 30 जनवरी 1965 को ब्रिटेन के लोगों ने अंतिम विदाई दी।

## किसने क्या कहा



बजट सत्र विकसित भारत के 2047 के लक्ष्य की दिशा में अहम पड़ाव

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



निजी क्षेत्र की भागीदारी से बढ़ रहा भारत का स्पेस सेक्टर

**डॉ. जितेन्द्र सिंह**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री




## एकता में भाषा भी अवरोध

**भाषा,** जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, उसे भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है. अपनी भाषा के प्रति आकर्षण होना अस्वाभाविक नहीं है और मातृभाषा व्यक्ति के बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं. पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही आकषर्ण दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है? हमारे पूर्वाचर्यों ने एकता की सर्वोत्तम कसौटी प्रस्तुत की थी। वह है- जो तुम्हारे लिए प्रतिकूल है, वह तुम दूसरों के लिए मत करो। हमारा भाषाई प्रेम उस सीमा तक ही होना चाहिए जहां दूसरों के भाषाई प्रेम से उसकी टक्कर न हो। हर प्रांत का अपना भाषाई प्रेम है। उनके पारस्परिक संपर्क के लिए एक जैसी भाषा भी अपेक्षित होती है, जो उनके प्रेम को अक्षुण्ण रखते हुए एक-दूसरे को मिला सके। वह राष्ट्रीय भाषा होती है। प्रांतीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना कैसे उचित हो सकता है, जिससे प्रांतीय और राष्ट्रीय भाषाओं में परस्पर टकराहट पैदा हो जाए। राष्ट्रीय एकता के लिए इस विषय पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। भाषा की समस्या को मैं सामयिक समस्या मानता हूं। इस समस्या को कभी-कभी उभार दिया जाता है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है।

## सुविचार

फल की अभिलाषा छोड़ कर कर्म करनेवाला मनुष्य ही मोक्ष प्राप्त करता है।

**गीता**

अपने भाई बंधु जिसका आदर करते हैं, दूसरे भी उसका आदर करते हैं।

**महाभारत**

# शिक्षा बजट में समाज-विज्ञानों पर ध्यान देने की जरूरत

**गिरीश्वर मिश्र**

**अंग्रेजों** से स्वतंत्रता मिलने के समय भारत को एक पिछड़ा और तीसरी दुनिया का देश मान कर उसके लिए ह्यविकासह्य को जरूरी कदम ठहराया गया। इस क्रम में विकास को पश्चिमी देशों की स्थिति के अनुसार पहचाना और परिभाषित किया गया। इसके अनुरूप विकसित भारत के रूपांतरण के लिए आधुनिक भारत में शिक्षा की योजना में प्राकृतिक विज्ञानों और प्रौद्योगिकी पर ज्यादा बल दिया जाता रहा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण या मनोवृत्ति (साइंटिफि क टेम्पर) अपनाने की बात भी की जाती रही है। इसके लिए अभियान भी चले। आज भी यह फैशन में है और बहुतों की नजर में भारतीयता या भारतीय ज्ञान संपदा वैज्ञानिक मनोभाव के लिए खतरा है। साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी के अध्ययन पर भी विशेष बल दिया गया। इसी क्रम में व्यावसायिक शिक्षा के विविध पक्षों (जैसे- कानून, चिकित्सा, प्रबंधन आदि) की ओर भी ध्यान दिया गया, अनेक संस्थाएं खड़ी हुई और अनेक उच्चस्तरीय शिक्षा संस्थानों की नींव पड़ी और इसका क्रम आगे भी जारी है। आम जनता में भी यही क्रम प्रचारित-प्रसारित होता रहा और यही छवि स्वीकार की गई। विज्ञान और प्रौद्योगिकी को आर्थिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण माना गया। इस कारण छात्रों और उनके अभिभावकों की रुझान भी इसी दिशा ओर बढ़ती रही। इसी वरीयता क्रम के साथ सरकार की ओर से शिक्षा के लिए संसाधन भी मुहैया किए जाते रहे। सामाजिक विज्ञानों और मानविकी पर अध्ययन-अनुसंधान के लिए कोई खास तवज्जो नहीं रहा। इसके परिणामस्वरूप सामाजिक विज्ञानों के लिए आवश्यक सुविधा और अनुदान के लिए सहयोग भी अपेक्षाकृत कम मात्रा में मिलता रहा।

गौरतलब है कि समाज हर तरह के विकास की कसौटी है और लक्ष्य भी। अंततः सारी योजनाएं और आयोजन समाज की स्थिति को सुधारने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने से जुड़ी होती हैं। सामाजिक परिवर्तन को किसी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हर समाज में निरंतरता और परिवर्तन दोनों होते रहते हैं। ऐसे में समाज की गतिविधि और उसकी संस्थाओं को समझना और उनमें सुधार की निरंतर जाँच पड़ताल होती रहनी चाहिए। दरअसल, समाज का उद्विकास (इवोल्यूशन) होता है, यानी जो है उसमें से फिर पनपता है। बाहर से आरोपित होने पर वह आत्मसात नहीं हो पाता है। इसलिए बिना जाने-समझे परम्परागत ज्ञान की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। केवल प्राकृतिक विज्ञानों से ही सामाजिक विकास का लक्ष्य नहीं पूरा हो सकता। समाज भी कई स्तरों पर संचालित होता है। समुदाय, देश के अंदर, देश के बाहर, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले परिवर्तन एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। इसलिए समाज विज्ञानों और मानविकी का अध्ययन आवश्यक है। समाज गतिशील संरचना है। इसलिए समय के साथ सहयोग और संघर्ष भी बढ़ते हैं। शिक्षा समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता होती है और भारत में अति प्राचीनकाल से इसकी समृद्ध परम्परा रही है। यहाँ विश्व प्रसिद्ध शिक्षा केंद्र और गुरुकुल रहे हैं। जब अंग्रेज आए थे तो उन्हें भारत में एक अच्छी शिक्षा मौजूद मिली थी। परंतु उन्होंने अपने शासन को स्थापित करने के लिए देश के मानस को बदलने की जरूरत महसूस की और ऐसी शिक्षा को यहां रोपा जो समाज को उसकी संस्कृति से काट दे।

## राशिफल

**मेष:** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला:** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। सचेत रहें।

**वृष:** समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक:** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा।

**मिथुन:** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी। अपने काम आसानी से बनते चले जायेंगे। समय ठीक है।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिन्ता रहेगी। समय ठीक है।

**कर्क:** "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी।

**मकर:** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा।

**सिंह:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा।

**कुंभ:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा।

**मीन:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

# शब्दों से युद्ध तक : 'अगला हमला' और बदलती वैश्विक रणनीति

गौरतलब **प्रो. आरके जैन**

**अमेरिका** और ईरान के सम्बन्ध दशकों से अविश्वास, प्रतिबंधों और टकराव की आग में जलते रहे हैं। परमाणु महत्त्वाकांक्षाएं, इजरायल के साथ छद्म युद्ध और फारस की खाड़ी में बढ़ती सैन्य गतिविधियां पहले ही हालात को बारूद बना चुकी हैं। ऐसे माहौल में ट्रम्प का यह बयान, और उसके साथ क्षेत्र में बढ़ती अमेरिकी सैन्य मौजूदगी, किसी संकेत से कम नहीं। यह साफ झलक देता है कि ईरान को चेताया जा रहा है कि अगर परमाणु डील नहीं हुई, तो अगला हमला पिछले (जून 2025 के स्ट्राइक्स) से 'फार वर्स' होगा।

**वॉशिंगटन** की जमी हुई राजनीतिक हवा में जब यह वाक्य उछला– 'अगला हमला बहुत भयानक होगा'–तो वह महज चेतावनी नहीं रहा, बल्कि भविष्य के अंधेरे की ओर फेंका गया एक साया बन गया। डोनाल्ड ट्रंप के शब्द कभी सामान्य नहीं होते; वे संकेत होते हैं, इशारे होते हैं, और कई बार इतिहास की धुरी मोड़ देने वाली घोषणाएँ भी, जैसे जनवरी 2026 में ट्रूथ सोशल पर उनकी पोस्ट में 'द नेक्स्ट अटैक विल बी फार वर्स!' का उद्घोष। 2026 की दहलीज पर खड़ी दुनिया, जो महामारी की थकान, जलवायु आपदाओं और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है, इस वाक्य को सुनकर सिहर उठी। यह बयान युद्ध की औपचारिक घोषणा भले न हो, लेकिन उसकी गंध साफ महसूस होती है। यह डर भी पैदा करता है, भ्रम भी रचता है और पूरी मानवता को इस बेचैनी में डाल देता है कि अगली तबाही किस दिशा से आएगी।

स्वाभाविक है कि इस धमकी की सुई सबसे पहले ईरान पर जाकर टिकती है। अमेरिका और ईरान के संबंध दशकों से अविश्वास, प्रतिबंधों और टकराव की आग में जलते रहे हैं। परमाणु महत्वाकांक्षाएँ, इजरायल के साथ छद्म युद्ध और फारस की खाड़ी में बढ़ती सैन्य गतिविधियाँ पहले ही हालात को बारूद बना चुकी हैं। ऐसे माहौल में ट्रंप का यह बयान, और उसके साथ क्षेत्र में बढ़ती अमेरिकी सैन्य मौजूदगी, किसी संकेत से कम नहीं। यह साफ झलक देता है कि ईरान को चेताया जा रहा है कि अगर परमाणु डील नहीं हुई, तो अगला हमला पिछले (जून 2025 के स्ट्राइक्स) से 'फार वर्स' होगा। ईरान की भीतरी हालत इस धमकी को और भी भयावह बना देती है। आर्थिक बदहाली, मुद्रा का गिरता मूल्य, बेरोजगारी और युवाओं के बीच पनपता असंतोष–इन सबके बीच सत्ता का कठोर रवैया समाज की जड़ों को कमजोर कर रहा है। ट्रंप की भाषा मानो यह संदेश देती है कि अमेरिका इन दरारों को रणनीतिक अवसर की तरह देख रहा है। लेकिन इतिहास बार-बार यही सवाल उठाता है–क्या बाहरी सैन्य दबाव किसी देश को सुधार सकता है, या वह केवल अराजकता को और गहरा करता है? अनुभव बताता है कि ऐसे हमलों का सबसे भारी बोझ हमेशा सत्ता पर नहीं, बल्कि आम नागरिकों के कंधों पर ही टूटता है। फिर भी ट्रंप की इस धमकी को केवल ईरान तक सीमित मानना एक गंभीर भूल होगी। उनकी राजनीति की सबसे पहचानने योग्य विशेषता यही है कि वह जानबूझकर अस्पष्ट रखी जाती है। रूस, जो यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिम से सीधे टकराव की स्थिति में है, आज भी अमेरिकी रणनीतिक सोच के केंद्र में बना हुआ है। चीन, जो ताइवान और दक्षिण चीन सागर में अपनी शक्ति का खुला प्रदर्शन कर रहा है, वॉशिंगटन के लिए एक दीर्घकालिक और निर्णायक चुनौती बन चुका है। वहीं उत्तर कोरिया का परमाणु कार्यक्रम किसी भी क्षण हालात को विस्फोटक बना सकता है।


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड):** विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, राजस्व और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

# लापरवाही पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अगुवाई में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक में अवैध अफीम की खेती और मादक पदार्थों के कारोबार पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि नशा मुक्त समाज सरकार की प्राथमिकता है और अवैध गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में महुआडांड थाना क्षेत्र के ओरसा घाटी बस हादसे की समीक्षा की गई और विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी गई। तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी को हादसों का मुख्य कारण बताते हुए जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। स्कूलों में बच्चों को यातायात नियम सिखाने, एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने, नियमित वाहन जांच और सड़कों पर



साइनेज व रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए गए। राजस्व समीक्षा बैठक में भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज और म्यूटेशन मामलों की प्रगति पर चर्चा हुई। बरवाडीह अंचल में लंबित मामलों पर अंचल अधिकारी पर फाइन लगाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने चेतावनी दी कि लापरवाही पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। विकास परियोजनाओं की समीक्षा में चक्ला कोल ब्लॉक और पीवीयूएनएल से जुड़े भूमि अधिग्रहण व मुआवजा मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिये गये। बैठकों में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, सिविल सर्जन, पथ निर्माण विभाग के अधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और सम्बन्धित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न



**लातेहार** : जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने को लेकर गुरुवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से की। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में की गई कार्रवाई की समीक्षा की और आगे की रणनीति पर निर्देश दिए। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 से अब तक अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ कुल 45 निरीक्षण किए गए हैं। इस दौरान 41 वाहनों को जब्त किया गया, 2 प्राथमिकी दर्ज हुई और 3 लाख 66 हजार रुपये जुर्माने की वसूली की गयी। उपायुक्त ने जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों और थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कोयला और बालू के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण, जांच और रॉयल्टी संग्रहण की भी गहन समीक्षा की गयी। प्रखंडवार समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी वन प्रक्षेत्रों और अंचलों में स्थलीय निरीक्षण और छापेमारी की संख्या बढ़ाने तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त खननकर्ताओं और परिवहनकर्ताओं पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में किसी भी हाल में अवैध खनन से जुड़े वाहनों को चलने नहीं दिया जाये। उन्होंने दोषियों को पकड़कर तुरंत प्राथमिकी दर्ज करने और कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, कोल कंपनियों के प्रतिनिधि, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## खपड़ैल छत के नीचे पढ़ने को मजबूर देश के भविष्य, अरमु स्कूल की बदहाली पर उठे सवाल



**गारू (लातेहार)** : शिक्षा को विकास की नींव कहा जाता है, लेकिन गारू प्रखंड के अरमु प्राथमिक सरकारी विद्यालय की स्थिति इस दावे को चुनौती देती दिख रही है। आज भी यहां बच्चे खपड़ैल छत वाले जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। बरसात हो या आंधी-तूफान, हर दिन बच्चों और शिक्षकों की जान जोखिम में रहती है। छत से पानी टपकता है, दीवारों में दरारें हैं और किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की इस हालत की जानकारी कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को दी गई, लेकिन अब तक पक्के भवन के निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों के अनुसार, बारिश के दिनों में बच्चों की पढ़ाई सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। कई अभिभावक डर के कारण अपने बच्चों को स्कूल भेजने से भी हिचकते हैं। इस मुद्दे को लेकर आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने सरकार पर गंभीर उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और बजट के बावजूद आदिवासी और ग्रामीण इलाकों के स्कूलों की हालत दयनीय बनी हुई है। आशीष कुमार सिंह ने मांग की कि अरमु प्राथमिक विद्यालय के लिए शीघ्र पक्के भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

## एक झलक

### वार्ड संख्या 05 से मुख्तार आलम ने नामांकन पत्र खरीदा

**गुमला** : नगर निकाय चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में आज वार्ड नंबर 5 से पार्षद पद के लिए भावी उम्मीदवार मुख्तार आलम ने अपना नामांकन पत्र लिया। मुख्तार आलम अपने समर्थकों के साथ सादगी और अनुशासन के साथ नामांकन निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना पर्चा खरीदा, उसके बाद बाहर निकलते ही समर्थकों ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया और उनके समर्थन में नारे लगाए। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्तार आलम ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य वार्ड नंबर 5 की बुनियादी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने विशेष रूप से वार्ड में बेहतर ड्रेनेज सिस्टम और नियमित सफाई। स्थानीय स्तर पर सुविधाओं को बेहतर बनाना। नगर निगम में वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना। मुख्तार आलम ने कहा मेरा चुनाव लड़ना व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि वार्ड नंबर 5 की जनता की सेवा करने का एक जरिया है। जनता का जो प्यार और आशीर्वाद मुझे मिल रहा है, वही मेरी असली ताकत है। नामांकन के दौरान भारी संख्या में स्थानीय बुजुर्ग, युवा और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने मुख्तार आलम की साफ-सुथरी छवि और सेवाभावी व्यक्तित्व पर भरोसा जताया।

### भरनो के अमलीया छापरटोली गांव के पास 16 जंगली हाथियों का आतंक

**गुमला** : भरनो प्रखंड के अमलीया छापरटोली गांव के पास गुरुवार की सुबह 16 जंगली हाथियों के झुंड की दस्तक से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। हाथियों के आने की सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में उन्हें देखने के लिए पीछे-पीछे दौड़ते नजर आए, जिससे खतरा और बढ़ गया। सूचना पर वन विभाग, गुमला की टीम प्रभारी वनपाल राकेश मिश्रा के नेतृत्व में अमलीया गांव पहुंची। वन विभाग की ओर से लोगों से हाथियों के नजदीक नहीं जाने और किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की गई, इसके बावजूद हाथियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगातार जुटती रही। हाथियों के झुंड ने अमलीया छापरटोली निवासी कृष्ण मुरारी सिंह के घर को क्षति पहुंचाई है। वहीं इसी गांव के किसान बलदेव महतो के खेत में लगे आलू, सरसों और मटर की फसल को नुकसान पहुंचाया गया है। इसके अलावा अन्य कई किसानों के खेतों में लगी विभिन्न फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया गया। प्रभावित ग्रामीणों ने वन विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी वनपाल राकेश मिश्रा ने बताया कि वन विभाग की टीम के साथ-साथ क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) भी मौके पर मौजूद है। शाम के समय मशाल जलाकर हाथियों को क्षेत्र से बाहर खदेड़ने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर वनपाल राकेश मिश्रा, वनरक्षी प्रवीण तिर्की, रजत किरण डुंगडुंग, योगिता कुमारी, वन समिति के अध्यक्ष उदय सिंह, बंधनू उरांव, जगजीवन सिंह सहित क्यूआरटी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत कम्प्यूटर व इलेक्ट्रिकल प्रशिक्षण का समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : भारत सरकार के गृह मंत्रालय के नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लातेहार द्वारा आयोजित 25 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स एवं 20 दिवसीय इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स वर्क्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन किया गया।कमांडेंट राजेश सिंह के नेतृत्व में बी-समवाय, लातेहार क्षेत्र में यह प्रशिक्षण आयोजित हुआ। बेसिक कंप्यूटर कोर्स 30 दिसंबर 2025 से 27 जनवरी 2026 तक 32 युवक-युवतियों के लिए संचालित किया गया, जबकि 28 जरूरतमंद युवाओं के लिए इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स प्रशिक्षण 8 जनवरी से 28 जनवरी 2026 तक चला। समापन समारोह कमांडेंट राजेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक तथा धनकारा पंचायत की मुखिया ललिता देवी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कंप्यूटर की मूल जानकारी, एमएस वर्ड, एक्सेल, इंटरनेट, वहीं इलेक्ट्रिकल प्रशिक्षण में वायरिंग, सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत जैसी व्यावहारिक जानकारियां दी गयीं। अंत में सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सशस्त्र सीमा बल ने भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम जारी रखने का भरोसा दिलाया।

## बेसनाखाड़ में ग्राम सभा आयोजित

# पेशा कानून की दी गयी जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू (लातेहार)** : गारू प्रखंड के बेसनाखाड़ गांव में जिला परिषद सदस्य जीरा देवी की उपस्थिति में ग्राम प्रधान नरेश सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में पेशा कानून को केंद्र में रखते हुए वन क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों और आदिवासियों के अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। ग्राम सभा को संबोधित करते हुए जीरा देवी ने बताया कि पेशा कानून के तहत ग्राम सभा को जल, जंगल और जमीन से जुड़े फैसलों में निर्णायक भूमिका मिलती है। वनों से उपज, पारंपरिक संसाधनों के संरक्षण, स्थानीय विकास योजनाओं की स्वीकृति और बाहरी हस्तक्षेप पर रोक जैसे अधिकार ग्राम सभा के हाथ में होते हैं, यानी गांव खुद तय करता है, उसका भविष्य क्या होगा। कार्यक्रम में मौजूद आदिवासी नेता विमल कुजूर ने कहा कि पेशा कानून केवल एक कानून नहीं, बल्कि आदिवासी स्वशासन की रीढ़ है। यदि ग्राम सभा जागरूक और संगठित हो, तो कोई भी निर्णय गांव की सहमति के बिना नहीं थोपा जा सकता। वहीं सत्येन्द्र उरांव ने ग्रामीणों से अपील की कि वे पेशा कानून की जानकारी हर घर तक पहुंचाएं, ताकि अधिकारों के साथ जिम्मेदारियों का भी सही निर्वहन हो सके। बैठक के अंत में ग्रामीणों ने पेशा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, वन संसाधनों के संरक्षण और ग्राम सभा को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## सड़क हादसे में मौत के बाद बवाल, मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम

**लातेहार** : ज़िले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना में डीही (लातेहार) निवासी अय्यूब (45) की मौत हो गई। अय्यूब, बसिया गांव निवासी स्व. ग्यासउद्दीन के दामाद थे। बताया गया कि सीसीएल की एक वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद उन्हें इलाज के लिए रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। गुरुवार को परिजन और ग्रामीण मृतक का शव लेकर बालूमाथ स्थित झारखंड ढाबा के पास सड़क पर बैठ गए और जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह ठप हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। ग्रामीण मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने और दोषी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

## नगर निकाय चुनाव में झामुमो ने अध्यक्ष पद के लिए विलासी टोपनो को दिया समर्थन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : नगर पंचायत चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में लातेहार जिला झामुमो कार्यालय में झामूमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के नेतृत्व में बैठक सह प्रेसवार्ता आयोजित की गई। बैठक में नगर निकाय चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर झामुमो समर्थित उम्मीदवार के रूप में विलासी टोपनो के नाम की औपचारिक घोषणा की गई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री शाहदेव ने कहा कि पार्टी ने विचार-विमर्श के बाद ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतारा है, जो जनता के बीच लोकप्रिय हैं और नगर के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि विलासी टोपनो के नेतृत्व में नगर पंचायत में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी और आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री वैद्यनाथ राम ने कहा कि झामुमो हमेशा से स्थानीय निकायों को मजबूत करने और जनता की आवाज को सत्ता तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव में जुटने और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## डंडई प्रखंड के 1378 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में लेंगे भाग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई/गढ़वा** : वर्ष 2026 में संपन्न होने वाला बोर्ड की परीक्षा के लिए प्रखंड क्षेत्र में तीन परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उसमें उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कला उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरही और उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार का नाम शामिल है। वहीं उक्त तीनों परीक्षा केदो पर 1378 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। जरही के परीक्षा केंद्र पर 365 तसरार के परीक्षा केंद्र पर 306 और लवाही के परीक्षा केंद्र पर 707 परीक्षार्थियों को बैठने की व्यवस्था की गई है। कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर लवाही और जरही का परीक्षा केंद्र पूरी तरह सेफ जोन में है लेकिन तसरार का परीक्षा केंद्र चाहर दीवारी नहीं होने के कारण वह पूरी तरह खुला है। वही सभी परीक्षा केदो पर दंडाधिकारी से लेकर महिला पर्यवेक्षीका के साथ-साथ भारी संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। तसरार परीक्षा केंद्र के लिए टीजीटी रियाज अंसारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति किया गया है जबकि उसी केंद्र के लिए स्वस्तिका रानी को महिला पर्यवेक्षिका और डंडई थाना के एएसआई मुनेश्वर राम विरोधी को पुलिस बल के रूप में प्रतिनियुक्ति किया गया है। इसी तरह परीक्षा केंद्र जरही के लिए टीजीटी पंकज कुमार मिश्रा को ढंडाधिकारी के रूप में प्रतिनिधित्व किया गया है तो टीजीटी सुनीता कुमारी सिंह को महिला पर्यवेक्षिका और डंडई थाना के एएसआई अनिल कुमार सिंह को पुलिस बल के रूप में जिम्मेवारी दी गयी है।

## डोमचांच में बढ़े होल्डिंग टैक्स को लेकर जेएमएम प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से की मुलाकात

**कोडरमा** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) कोडरमा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में गुरुवार को दिन के 1:00 बजे डोमचांच नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष पप्पू मेहता ने बढ़े हुए होल्डिंग टैक्स के मुद्दे को लेकर उपायुक्त ऋतुराज से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान निवर्तमान उपाध्यक्ष पप्पू मेहता ने उपायुक्त को अवगत कराया कि डोमचांच नगर पंचायत में वर्तमान में होल्डिंग टैक्स में अत्यधिक वृद्धि की गई है, जबकि अन्य शहरों में ऐसी स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि डोमचांच का होल्डिंग टैक्स रांची नगर निगम के मानक के तहत लिया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई लोग अत्यधिक होल्डिंग टैक्स चुकाने में असमर्थ हैं, ऐसे में डोमचांच नगर पंचायत के आम जनों को विभागीय स्तर से राहत मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बढ़े हुए टैक्स से नाराज लोग आगामी नगर निकाय चुनाव के बहिष्कार का मन बना रहे हैं।

## वैष्णव दुर्गा मंदिर के 32वें वार्षिकोत्सव पर दुर्गा सप्तशती पाठ, आज होगा भंडारा व जागरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में चल रहे 32वें वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। दुर्गा सप्तशती पाठ मुख्य यजमान संतोष कुमार (पिंटू) सपत्नी के द्वारा संपन्न कराया गया। पाठ त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में विधि-विधान के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज के कल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम में मंदिर समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, सह सचिव रंजीत कुमार, रविंद्र प्रजापति, राजीव कुमार, आकाश जायसवाल, प्रदीप प्रसाद, पंकज प्रसाद गुप्ता सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। साथ ही पुजारी रामेश्वर पांडेय, प्रबंधक परितोष ठाकुर, सेविका रेखा देवी और वीरनाथ प्रजापति भी मौजूद रहे।सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि शुक्रवार, 30 जनवरी को पूर्वाह्न 12 बजे नौ कन्या पूजन किया जाएगा। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जो शाम 4:30 बजे तक चलेगा। रात्रि 8 बजे से बाहर से आए कलाकारों द्वारा भगवती जागरण का आयोजन होगा। गौरतलब है कि मंदिर का 32वां वार्षिकोत्सव 28 जनवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ था, जो तीन दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न होगा।

## बिशुनपुर थाना परिसर में शब-ए-बारात व महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बिशुनपुर** : बिशुनपुर थाना परिसर में आगामी शब-ए-बारात एवं महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी एवं थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव ने की। बैठक में शांति समिति के सभी सदस्य, जनप्रतिनिधि, विभिन्न पंचायतों से आए ग्रामीण तथा पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ सुलेमान मुंडरी ने कहा कि सभी समुदाय आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। वहीं थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव ने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यक्रम संपन्न करने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट से बचने की अपील की।

## कोडरमा में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# 274 लीटर महुआ शराब बरामद



**बरामद/जब्ती**

- अवैध देशी महुआ शराब : 274 लीटर
- अनुमानित कीमत : 41,000/-

**छापामारी दल**

- विनय कुमार, पु०नि०-सह-थाना प्रभारी, तिलैया थाना
- नरेश सिंह, पु०अ०नि०, तिलैया थाना
- अनुरंजन कुमार, स०अ०नि०, तिलैया थाना
- सशस्त्र बल, तिलैया थाना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, भा०पु०से० के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बरामद की है। प्राप्त सूचना के अनुसार तिलैया थानान्तर्गत ग्राम यदुटांड स्थित जीवलाल यादव की चाय-नाश्ता दुकान में अवैध देशी शराब का भंडारण व बिक्री की जा रही थी। वहीं, तिलैया बस्ती, वार्ड संख्या-4, शिवशांति नगर में कामेश्वर यादव अपने सहयोगियों के साथ अवैध महुआ शराब का निर्माण, भंडारण एवं बिक्री कर रहा था। सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पु०नि०-सह-थाना प्रभारी तिलैया विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा दोनों स्थानों पर क्रमवार छापामारी की गई। छापामारी के दौरान यदुटांड स्थित शिवलाल यादव की चाय-नाश्ता दुकान से प्लास्टिक बोतल एवं जार में रखा 07 लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया गया।

## 'रन फॉर रोड सेफ्टी' में अधिकारियों ने स्वयं दौड़ कर दिया सुरक्षित सफर का संदेश




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : सड़क सुरक्षा माह के समापन की ओर बढ़ते हुए गुमला जिला प्रशासन आज पूरी तरह एक्शन और जोश में नजर आया। 'सुरक्षित गुमला' के संकल्प को पूरा करने के लिए जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 'रन फॉर रोड सेफ्टी' (दौड़) का भव्य आयोजन किया गया। इस दौड़ की खास बात यह रही कि जनता को जागरूक करने के लिए जिले के तमाम आला अधिकारी खुद ट्रैक पर उतरे और आम नागरिकों के साथ कदम से कदम मिलाकर दौड़े।

**प्रशासनिक मुस्तैदी : हरी झंडी दिखा कर की शुरुआत**

दौड़ की शुरुआत मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता,जिला खेल पदाधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक थाना प्रभारी गुमला ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर की। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने स्वयं दौड़ में हिस्सा लेकर युवाओं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## डीसी के निर्देश पर शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# ई-विद्यावाहिनी में 90% ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : डीसी के निर्देश पर उपविकास आयुक्त (डीडीसी) की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियाश्री भगत, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे, एडीपीओ ज्योति खलखो, एपीओ रोज मिंज, फील्ड मैनेजर रामचंद्र सिंह, डायट के संकाय सदस्य, सभी प्रखंडों के बीपीओ एवं एमआईएस कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विद्यालयों में ई-विद्यावाहिनी अंतर्गत शिक्षक एवं छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति न्यूनतम 90 प्रतिशत



सुनिश्चित की जाए। निर्धारित उपस्थिति से कम रहने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शिशु पंजी सर्वे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया। आठवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार हेतु सभी सीआरपी एवं बीआरपी को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। डीडीसी ने कहा कि सभी प्रखंड सामूहिक प्रयास से जिले की राज्यस्तरीय रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित करें। बैठक में निपुण भारत मिशन अंतर्गत निचली कक्षाओं के बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब की कार्यशीलता, पीएम श्री स्कूल, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय तथा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुधारात्मक कदमों पर चर्चा हुई। आधार अपडेट की समीक्षा में बताया गया कि जिले के कुल 2,16,350 नामांकित बच्चों में से 1,93,681 बच्चों के आधार उपलब्ध हैं, जबकि 45,708 बच्चों के आधार अपडेट किए जाने की आवश्यकता है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि जिले के पिछड़े प्रदर्शन में प्रखंड एवं जिला स्तर के संबंधित अधिकारियों की लापरवाही भी एक कारण है, जिसे गंभीरता से सुधारने की आवश्यकता है।

## डीजे साउंड चोरी मामले में डंडई पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई/गढ़वा** : थाना क्षेत्र स्थित झोतर गांव के पिकअप वाहन से चोरी हुए डीजे साउंड की सामग्री चोरी मामले में डंडई पुलिस ने कई तरह के सामग्रियों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए आरोपियों में रामोद राम और मकसूद अंसारी का नाम शामिल है। उक्त आरोपियों के पास से डीजे साउंड में उपयोग होने वाला आहूजा कंपनी की दो बड़ा-बड़ा मशीन और अलग-अलग कंपनियों के पांच मोबाइल के साथ-साथ एक लैपटॉप भी बरामद किया गया है। वहीं उक्त दोनों को डंडई पुलिस के द्वारा धुरकी प्रखंड के बीरबल गांव से गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि पुलिस के हाथों चढ़े उक्त आरोपी के साथ-साथ अन्य लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से कुछ माह पूर्व डंडई थाना क्षेत्र के झोतर गांव से एक पिकअप पर रखें बड़ी मात्रा में डीजे साउंड के सामग्रियों की चोरी की गई थी। उसी मामले को लेकर डंडई थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज था। मामले पर सुराग मिलते ही थाना प्रभारी अनिमेष शांति कारी के द्वारा एक टीम गठित कर धुरकी थाना के बीरबल गांव से घटना में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर थाना ले लाया गया। जबकि अन्य लोगों की भी उस दौरान खोज बीन की जाती रही लेकिन ना तो उनका सुराग मिल पाया और न ही कही उनका चेहरा दीख पाया। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि धुरकी थाना के बीरबल गांव से बुधवार रात्रि दो लोगों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। उनके पास से डीजे साउंड में उपयोग होने वाला कई तरह के सामग्री के साथ-साथ अन्य कई तरह का भी सामग्री को बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि डंडई थाना क्षेत्र के झोतर गांव में डीजे साउंड से भरी एक पिकअप सड़क के किनारे खड़ी थी।

## एक झलक

### ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**गिरिडीह :** जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पदम चौक स्थित लाइन मस्जिद मोड़ के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से हुई इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। मृतक की पहचान 58 वर्षीय चिंतामन दास के रूप में हुई है, जो मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अजीडीह गांव के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चिंतामन दास सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया। हादसे से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने पदम चौक पर कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया, जिससे इलाके में आवागमन बाधित हो गया। लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में शामिल ट्रक और उसके चालक की पहचान की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### ट्रेन में मोबाइल चोरी करनेवाले गिरोह के 04 आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** चक्रधरपुर मंडल की आरपीएफ उड़नदस्ता टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चलती ट्रेनों में मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। आरपीएफ ने टाटानगर रेलवे स्टेशन से गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से महंगे मोबाइल फोन और चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान ऋषि तोरवा, अल्ताफ आलम, चंदन राम उर्फ चिंटू और विशाल तिवारी उर्फ जीशान के रूप में हुई है। सभी आरोपित ओडिशा के बड़बिल के निवासी बताए जा रहे हैं। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार बुधवार रात गश्त के दौरान ट्रेन संख्या 12809 मुंबई-हावड़ा मेल के एसी कोच से दो संदिग्ध व्यक्तियों को उतारकर तेजी से भागते हुए देखा गया। उनकी गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए आरपीएफ ने स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में सामने आया कि चोरी की वारदात को अंजाम देने में कुल चार लोग शामिल थे, जो आपसी तालमेल से यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी कर रहे थे।

## उपायुक्त ऋतुराज ने की नाम निर्देशन प्रक्रिया, नामांकन पत्र क्रय व जमा करने को लेकर बनाये गये स्थलों का निरीक्षण

# नाम निर्देशन की प्रक्रिया हुई प्रारम्भ, 04 फरवरी होगा नामांकन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के अंतर्गत झुमरी तिलैया नगर परिषद् तथा नगर पंचायत कोडरमा/डोमचांच में अध्यक्ष पद एवं वार्ड पार्षद पदों के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया 29.01.2026 से प्रारंभ हो गई है, जो दिनांक 04.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्र पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक क्रय कर भरे हुए नामांकन पत्र जमा किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, कोडरमा ऋतुराज द्वारा नाम निर्देशन प्रक्रिया एवं नामांकन पत्र क्रय तथा जमा करने हेतु बनाए गए स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को नाम निर्देशन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी निवार्ची पदाधिकारियों एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर साइनेज लगाने एवं सभी आवश्यक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विधि-व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को



आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। झुमरी तिलैया नगर परिषद् अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपर समाहर्ता-सह-निवार्ची पदाधिकारी, प्रखंड कोडरमा कार्यालय के निचले तल (अंचल अधिकारी, कोडरमा के कार्यालय कक्ष) से नामांकन पत्र क्रय कर सकते हैं। वहीं वार्ड संख्या 01 से 14 के लिए वार्ड पार्षद पद हेतु निवार्ची पदाधिकारी-सह-कार्यपालक दंडाधिकारी, प्रखंड कोडरमा कार्यालय के निचले तल स्थित हॉल संख्या-1 से नामांकन पत्र क्रय कर सकते हैं। वार्ड संख्या 15 से 28 के लिए वार्ड पार्षद पद हेतु निवार्ची पदाधिकारी- सह- अंचल अधिकारी, प्रखंड कोडरमा कार्यालय के निचले तल स्थित हॉल संख्या-2 से नामांकन पत्र क्रय किए जा सकते हैं। कोडरमा नगर पंचायत अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थी भूमि सुधार उपसमाहर्ता-सह-निवार्ची पदाधिकारी, नगर पंचायत कार्यालय (अध्यक्ष कक्ष) से नामांकन पत्र क्रय कर सकते हैं। वहीं वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए वार्ड पार्षद पद हेतु निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिला नियोजन पदाधिकारी, नगर पंचायत कार्यालय (वार्ड पार्षद कक्ष) से नामांकन पत्र क्रय कर सकते हैं। वार्ड संख्या 08 से 15 के लिए वार्ड पार्षद पद हेतु निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिला योजना पदाधिकारी, नगर पंचायत कार्यालय (उपाध्यक्ष कक्ष) से नामांकन पत्र क्रय किए जा सकते हैं। डोमचांच नगर पंचायत अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थी जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-निवार्ची पदाधिकारी, प्रखंड सभागार डोमचांच (प्रथम तल) स्थित कार्यालय से नामांकन पत्र क्रय कर सकते हैं। वहीं वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए वार्ड पार्षद पद हेतु निवार्ची पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यालय डोमचांच (प्रखंड विकास पदाधिकारी कक्ष) से नामांकन पत्र क्रय कर सकते हैं। वार्ड संख्या 08 से 14 के लिए वार्ड पार्षद पद हेतु निवार्ची पदाधिकारी- सह- अंचल अधिकारी, डोमचांच, प्रखंड कार्यालय डोमचांच (अंचल अधिकारी कक्ष) से नामांकन पत्र क्रय किए जा सकते हैं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने की तैयारियों को लेकर बैठक

# केन्द्राधीक्षकों को कदाचारमुक्त परीक्षा आयोजित कराने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची की ओर से आयोजित होनेवाले वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2026 और इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा-2026 के आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और केंद्राधीक्षकों को कदाचारमुक्त परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी स्तर से लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। परीक्षा केंद्र में




प्रवेश करते समय परीक्षार्थियों की ओर से मोबाईल या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट रखने की जांच करें। परीक्षा के पूर्व छूटे हुए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी इंस्टॉल कराने और उसके फुटेज सुरक्षित रखने का भी उन्होंने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर जो भी पदाधिकारी या केंद्राधीक्षक दिशा-निर्देशों का पालन करने में लापरवाही बरतेंगे उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के पीने के पानी, शौचालय, बिजली कटने पर वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर जरूरी रिपोर्टिंग को छोड़ अन्य कार्य के लिए मोबाईल का प्रयोग न करें। परीक्षा केंद्र के भीतर परीक्षा से संबंधित दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक और परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त कर्मियों को छोड़ अन्य बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पूरी तरह मनाही रहेगी। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा तीन फरवरी से शुरू होगी। वहीं माध्यमिक की परीक्षा 17 फरवरी को समाप्त होगी। माध्यमिक की परीक्षा के लिए जिले में आठ परीक्षा केंद्र निर्धारित किये गये हैं जिसमें 7063 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 14 परीक्षा केंद्र निर्धारित किये गये हैं जिसमें 4397 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

# बस्ती में लगी भीषण आग, 85 वर्षीय वृद्धा की जल कर मौत

**पूर्वी सिंहभूम : (फ्रीडम फाइटर संवाददाता)** पूर्वी सिंहभूम जिले के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भालुबासा इंद्रानगर बस्ती में बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 85 वर्षीय शोभा मुखर्जी की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच हुई, जब परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में थे। परिजनों के अनुसार, शोभा मुखर्जी रात का भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थीं। इसी दौरान देर रात अचानक घर से धुआं उठने लगा और कुछ ही पलों में आग की तेज लपटों ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। मृतका की बेटी शोभना मुखर्जी ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने या तत्काल बचाव करने का अवसर तक नहीं मिल पाया। धुआं और आग की लपटें देख आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और परिजनों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया।


**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला शस्त्र शाखा)**

**–: आदेश :–**

आगामी नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु मैं शशि प्रकाश सिंह, भा0प्र0से0, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग निदेश देता हूँ कि शस्त्र अधिनियम 1962 की धारा 46(21) के तहत् हजारीबाग जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्रों को दिनांक– 06.02.2026 तक अपने संबंधित थाना/ ओ0पी0 अथवा शस्त्र विक्रेता के पास जमा करना सुनिश्चित करेंगे। थाना प्रभारी/ ओ0पी0 तथा शस्त्र विक्रता, शस्त्र को सुरक्षित जमा लेकर अनुज्ञप्तिधारी को पावती रसीद देना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही शस्त्रों के जमा किये जाने संबंधित प्रतिवेदन जिला शस्त्र शाखा, हजारीबाग को उपलब्ध करायेंगे।

आगामी नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 की समाप्ति के उपरांत थाना प्रभारी/ ओ0पी0 प्रभारी तथा शस्त्र एवं कारतूस विक्रता दुकानदार संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को उनके शस्त्र को विमुक्त कर उपलब्ध करा देंगे।

ह0/–
जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 371927 (District)25-26*D


## आनन्द मार्ग की टीम ने करायी 10 मोतियाबिंद मरीजों की सर्जरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** दृष्टि सेवा महाअभियान के तहत आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से 10 मोतियाबिंद मरीजों का निःशुल्क फेको सर्जरी और लेंस प्रत्यारोपण कराया गया। यह सर्जरी एक महीने के अंतराल में दोनों आंखों में की गई। सर्जरी के बाद मरीजों को दवाएं और चश्मा उपलब्ध कराते हुए गुरुवार को सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी। आनंद मार्ग आयुष्मान भारत और डीबीसीएस (राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम) के अंतर्गत पिछले कई वर्षों से निरंतर दृष्टि सेवा अभियान चला रहा है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल और प्रिवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स (पीसीएपी) की ओर से धरती के बढ़ते तापमान को कम करने के उद्देश्य से गदरा क्षेत्र में 50 पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सुनील आनंद ने बताया कि वर्ष 1980 के बाद से पृथ्वी का औसत तापमान लगभग 1 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है, जिसका मुख्य कारण ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन और वनों की अंधाधुंध कटाई है। तापमान वृद्धि का सीधा असर खेती पर पड़ता है और पैदावार में 3 से 7 प्रतिशत तक कमी आ सकती है।

## निकाय चुनाव को लेकर उपायुक्त और एसएसपी ने किया गोदाम का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** नगर निकाय आम चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडेय के नेतृत्व में वरीय प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने प्रखंड स्थित नए गोदाम परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोदाम में स्थापित डिस्पैच और रिसीविंग व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, प्रवेश और निकास प्वाइंट, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, बिजली-पानी की उपलब्धता, अग्निशमन व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। प्रशासन की ओर से बताया गया कि इसी गोदाम से मानगो नगर निगम, नगर परिषद और चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्रों के लिए चुनाव सामग्री का वितरण एवं मतदान के बाद वापसी का कार्य किया जाएगा। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निकाय आम निर्वाचन में लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तर्ज पर ही चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी। मतदान केंद्रों से लेकर स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल तक 24 घंटे सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गयी है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
**e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 08/2025–26**
**PR No. 370012 के क्रम सं0 02 एवं 03 का द्वितीय आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,लोहरदगा
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 05/02/2026 के अपराह्न 03.00 बजे तक(छुट्टी के दिनों को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–06/02/2026 को 3.30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :–06/02/2026 के अपराह्न 4.00 बजे
   निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
   2)सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, लोहरदगा
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,लोहरदगा

कार्य का नाम :– लोहरदगा जिला अन्तर्गत 375 अदद आँगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था का कार्य।

| क्र0 | ग्रुप संख्या | पेयजल व्यवस्था हेतु आँगनबाड़ी केन्द्रों (AWC) की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | LOH/WAT-2 | 93 | 1928913 | 39000 | 5000 | 02 माह |
| 3 | LOH/WAT-3 | 111 | 2302251 | 46500 | 5000 | 02 माह |

नोट : 1. संवेदक का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड अन्तर्गत निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 371950 Lohardaga(25-26).D


# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा पदाधिकारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, गैर संचारी रोग कोषांग डॉ. रमण कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा पदाधिकारियों एवं आर.बी.एस.के. के चिकित्सा पदाधिकारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. रमण कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण कोटपा अधिनियम, 2003 एवं कोटपा (झारखंड संशोधन) अधिनियम, 2021 तथा तंबाकू एवं उससे निर्मित उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देने एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि तंबाकू का दुष्प्रभाव केवल सेवन करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि निष्क्रिय धूम्रपान के कारण महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग भी गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। इससे पारिवारिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति एवं सामाजिक वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तंबाकू सेवन केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक समस्या है।प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक डॉ. नीलमणि कुमार ने विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि तंबाकू एवं इससे निर्मित उत्पादों का सेवन मानव शरीर के लगभग सभी अंगों को प्रभावित करता है। तंबाकू में मौजूद निकोटिन, टार एवं अन्य हानिकारक रसायन गंभीर एवं दीर्घकालिक बीमारियों का कारण बनते हैं। तंबाकू सेवन का सबसे अधिक प्रभाव फेफड़ों पर पड़ता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई, दमा, टीबी एवं फेफड़ों के कैंसर जैसी बीमारियां होती हैं। इसके लगातार सेवन से हृदय की धड़कन अनियमित हो जाती है, उच्च रक्तचाप, हृदयाघात एवं स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा मुंह, गला एवं पाचन तंत्र भी तंबाकू से गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। तंबाकू सेवन से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होती है, जिससे व्यक्ति बार-बार बीमार पड़ता है।राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी दीपेश कुमार ने बताया कि कोटपा अधिनियम, 2003 एवं कोटपा (झारखंड संशोधन) अधिनियम, 2021 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ सामुदायिक सहभागिता, स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भूमिका एवं जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने कोटपा अधिनियम की प्रमुख धाराओं की जानकारी देते हुए सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध, तंबाकू विज्ञापन पर प्रतिबंध, नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक तथा शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक कार्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों एवं न्यायालय परिसरों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू बिक्री निषेध जैसे प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मनोवैज्ञानिक गणेश कुमार दास ने कहा कि तंबाकू से दूरी ही स्वस्थ जीवन का सबसे प्रभावी उपाय है। जागरूकता एवं समय रहते तंबाकू छोड़ने से इन शारीरिक समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सदर अस्पताल, कोडरमा में तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र संचालित है, जहां मनोवैज्ञानिक परामर्श के साथ-साथ निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती हैं। इस अवसर पर जिला एवं प्रखंड स्तर के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।


प्रपत्र–5
**(नियम 36 देखिये)**
**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त, राँची**

नगरपालिका निर्वाचन
शहरी स्थानीय निकाय

**निर्वाचन की सूचना**

झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2012 के नियम 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **मैं मंजूनाथ भजन्त्री, भा०प्र०से० जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)–सह–उपायुक्त, जिला राँची** इससे संलग्न अनुसूची के स्तंभ–(2) में विनिर्दिष्ट शहरी स्थानीय निकाय के *महापौर/*अध्यक्ष/*वार्ड पार्षदों/***सदस्यों** के निर्वाचन के स्तंभ में एतद् द्वारा निम्नलिखित सूचना देता हूँ कि :–

(क) अनुसूची के स्तंभ–(4) में विनिर्दिष्ट निर्वाचन क्षेत्र के सामने स्तंभ–(7) में विनिर्दिष्ट पदाधिकारी नगरपालिका (शहरी स्थानीय निकाय) **बुण्डू नगर पंचायत** के लिए *महापौर/*अध्यक्ष/*वार्ड पार्षदों/***सदस्यों** के निर्वाचन का संचालन करने हेतु निर्वाची पदाधिकारी होगा।
(ख) निर्वाचन क्षेत्र के सामने स्तंभ (8) में विनिर्दिष्ट स्थान, तिथि और समय नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का स्थान, तिथि और समय होगा।
(ग) निर्वाचन क्षेत्र के सामने स्तंभ (9) में विनिर्दिष्ट स्थान, तिथि और समय नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा करने का स्थान, तिथि और समय होगा।
(घ) निर्वाचन क्षेत्र के सामने स्तंभ (10) में विनिर्दिष्ट स्थान, तिथि और समय नाम निर्देशन पत्र वापस लेने का स्थान, तिथि और समय होगा।
(ङ) निर्वाचन क्षेत्र के सामने स्तंभ (11) में विनिर्दिष्ट तिथि और समय मतदान की तिथि और समय होगा।
(च) निर्वाचन क्षेत्र के सामने स्तंभ (12) में विनिर्दिष्ट तिथि और समय मतों की गणना करने की, तिथि और समय होगा।
(छ) निर्वाचन क्षेत्र के सामने स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट स्थान मतों की गणना का स्थान होगा।

स्थान – **राँची।** तारीख – **28.01.2026**

* जो लागू नहीं हो उसे काट दें।
1. टिप्पणी :–यदि किन्ही अपरिहार्य कारणों से स्तंभ (12) में अंकित तिथि और स्तंभ (13) में अंकित स्थान पर मतगणना नहीं हो सकी तो मतगणना संबंधी कार्यक्रम अलग से निर्धारित किया जा सकेगा।
2. टिप्पणी :–महापौर/अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु वार्ड पार्षद/सदस्य के स्थान पर तदनुसार प्रविष्टि की जाएगी।

**अनुसूची**

| अनुक्रमांक | शहरी स्थानीय निकाय का नाम *नगर पंचायत | पद | निर्वाचन क्षेत्र/प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या/नाम | आरक्षित/अनारक्षित | महिला के लिये आरक्षित/अन्य | निर्वाची पदाधिकारी का नाम तथा पदनाम। | नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का स्थान, तिथि और समय। | नाम निर्देशन पत्र संवीक्षा करने का स्थान, तिथि और समय। | नाम निर्देशन पत्र वापस लेने का स्थान, तिथि और समय। | वह तिथि तथा वह समय जिसके दौरान मतदान होगा। | मतों की गणना करने की तिथि और समय। | मतों की गणना का स्थान। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–01 | अनारक्षित | महिला | श्री मनोज कुमार महथा, अंचल अधिकारी, सोनाहातु। | अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू द्वितीय तल्ला, कमरा सं0–3, तिथि 29.01.2026 (गुरूवार) से 04.02.2026 (बुधवार) तक समय (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक) | अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू द्वितीय तल्ला, कमरा सं0–3, तिथि 05.02.2026 (गुरूवार) समय (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक) | अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू द्वितीय तल्ला, कमरा सं0–3, तिथि 06.02.2026 (शुक्रवार) समय (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक) | 23.02.2026 (सोमवार) (प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) | 27.02.2026 (शुक्रवार) (प्रातः 08:00 बजे से) | कृषि उत्पादन बाजार समिति, पण्डरा परिसर, राँची। |
| 2 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–02 | अनुसूचित जाति | महिला | | | | | | | |
| 3 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–03 | अनारक्षित | महिला | | | | | | | |
| 4 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–04 | पिछड़ा वर्ग–II | अन्य | | | | | | | |
| 5 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–05 | अनारक्षित | अन्य | | | | | | | |
| 6 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–06 | अनारक्षित | अन्य | | | | | | | |
| 7 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–07 | अनारक्षित | अन्य | श्री अशोक कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, राहे। | अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू द्वितीय तल्ला, कमरा सं0–4, तिथि 29.01.2026 (गुरूवार) से 04.02.2026 (बुधवार) तकसमय (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक) | अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू द्वितीय तल्ला, कमरा सं0–4, तिथि 05.02.2026 (गुरूवार)समय (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक) | अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू द्वितीय तल्ला, कमरा सं0–4, तिथि 06.02.2026 (शुक्रवार)समय (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक) | 23.02.2026 (सोमवार)(प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) | 27.02.2026 (शुक्रवार)(प्रातः 08:00 बजे से) | कृषि उत्पादन बाजार समिति, पण्डरा परिसर, राँची। |
| 8 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–08 | अनुसूचित जनजाति | अन्य | | | | | | | |
| 9 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–09 | अनारक्षित | अन्य | | | | | | | |
| 10 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–10 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग–I | अन्य | | | | | | | |
| 11 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–11 | अनुसूचित जाति | अन्य | | | | | | | |
| 12 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–12 | अनारक्षित | महिला | | | | | | | |
| 13 | बुण्डू नगर पंचायत | सदस्य | xxराँची/16 बुण्डू नगर पंचायत/वार्ड संख्या–13 | अनुसूचित जनजाति | महिला | | | | | | | |

राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश से,
ह०/–मंजूनाथ भजन्त्री, जिला निर्वाचन पदाधिकारी
(नगरपालिका)–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची

PR 371961 Ranchi(25-26)#D

## एक नजर

### पूर्व फर्स्ट लेडी को 20 महीने की सजा

**सियोल।** साउथ कोरिया की पूर्व प्रथम महिला किम कियोन ही को रिश्वत मामले में 20 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। यह फैसला उनके खिलाफ चल रहे तीन मामलों में से एक में आया है। किम, जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल की पत्नी हैं। सियोल जिला अदालत ने उन्हें विवादित धार्मिक संगठन यूनिफिकेशन चर्च से महंगे तोहफे लेने का दोषी माना। इनमें शैनेल का हैंडबैग और ग्राफ ब्रांड का हीरे का हार शामिल है। अदालत ने कहा कि किम ने अपने पद का इस्तेमाल निजी लाभ के लिए किया और लग्जरी गिफ्ट्स स्वीकार करने की इच्छुक थीं। हालांकि, उन्हें शेयर बाजार में हेरफेर और मुफ्त जनमत सर्वे कराने के आरोपों से सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। यह फैसला पूर्व राष्ट्रपति दंपति के लिए बड़ा झटका है। यून पहले ही मार्शल लॉ और राजद्रोह जैसे मामलों में जेल में हैं, जबकि किम वर्षों से शेयर हेरफेर, फर्जी डिग्री और लग्जरी गिफ्ट विवादों में घिरी रही हैं।

### हत्या के आरोपी को मारी गोली, मौत

**मोहाली।** पंजाब के मौहाली में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के चचेरे भाई की 2020 में हुई हत्या के आरोपियों में से एक की गोली मारकर हत्या की है। घटना मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम गुरविंदर सिंह उर्फ लम्बड़ था। गुरविंदर अपनी पत्नी के साथ चार किलोग्राम अफीम बरामदगी के मामले की सुनवाई के लिए अदालत आया था। सुनवाई के बाद जब वह अपनी कार के पास पहुँचा, तब दो अज्ञात हमलावरों ने उस पर कई गोलियां चलाई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पत्नी ने अपनी शिकायत में बताया कि गुरविंदर को पहले से गोल्डी बराड़ से धमकियां मिल रही थीं। सोशल मीडिया पर एक अपुष्ट पोस्ट में गैंगस्टर गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा और विक्की पहलवान ने इस हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए गुरविंदर की हत्या को उसके चचेरे भाई गुरलाल सिंह बराड़ की 2020 में हुई हत्या से जोड़ा। विदेश में रहने वाले गोल्डी बराड़ के चचेरे भाई गुरलाल सिंह बराड़ को 2020 में चंडीगढ़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### 43 किलो हेरोइन और हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर में नशीले पदार्थों और हथियारों की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता पाई है। गुरुवार को अमृतसर ग्रामीण पुलिस और ग्राम रक्षा समिति (वीडीसी) की मदद से 42.983 किलोग्राम हेरोइन, 4 हथगोले, एक स्टार मार्क पिस्टल, 46 जिंदा कारतूस और एक लावारिस बाइक बरामद की गई। कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने ट्वीट कर बताया कि फरार आरोपियों का पता लगाने, कब्जे की कड़ी की पुष्टि करने और व्यापक साजिश का खुलासा करने के लिए जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, 25 जनवरी को राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी), एसएएस नगर ने सतनाम सिंह की गिरफ्तारी के साथ सीमा पार नार्को-आतंकवादी नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण कड़ी का भंडाफोड़ किया था।

# कोलंबिया में विमान हादसा सांसद सहित 15 लोगों की मौत




एजेंसी

**कोलंबिया।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है, जहां बुधवार, को एक विमान दुर्घटना में एक सांसद और चुनावी उम्मीदवार सहित कुल 15 लोगों की जान चली गई। विमानन अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, यह हादसा वेनेजुएला सीमा के पास उत्तर संतांदर के दुर्गम पहाड़ी इलाके में हुआ। दुर्घटनाग्रस्त विमान कोलंबिया की सरकारी एयरलाइन सटेना का था। ट्विन इंजन वाले इस प्रोपेलर विमान ने कुकुटा शहर से ओकाणा के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के मात्र 12 मिनट बाद ही विमान का संपर्क एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीएस) से टूट गया, जिससे हड़कंप मच गया। घंटों चले गहन खोजी अभियान के बाद, वायुसेना को प्लाया डी बेलन के ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्र में विमान का मलबा मिला। राहत और बचाव दल जब तक वहां पहुंचे, तब तक विमान में सवार सभी 15 यात्रियों की मृत्यु हो चुकी थी। इस हादसे में जान गंवाने वालों में 36 वर्षीय डायोजनीज क्विंटरो भी शामिल हैं, जो कोलंबिया की संसद के सक्रिय सदस्य थे। क्विंटरो कटाटुम्बो क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे, जो लंबे समय से संघर्ष और कोका की खेती के लिए चर्चा में रहता है। वह 2022 में उन 16 विशेष प्रतिनिधियों में से एक चुने गए थे, जिन्हें देश के दशकों पुराने आंतरिक संघर्ष के पीड़ितों के लिए आरक्षित सीटों पर जगह मिली थी। उनके साथ ही आगामी चुनाव के उम्मीदवार कार्लोस साल्सेडो की भी इस दुखद घटना में मृत्यु हो गई। जिस स्थान पर यह विमान क्रैश हुआ, वह एंडीज पर्वतमाला का एक बेहद ऊबड़-खाबड़ और चुनौतीपूर्ण इलाका है। यह क्षेत्र कोलंबिया के सबसे बड़े गुरिल्ला समूह, नेशनल लिबरेशन आर्मी के प्रभाव वाला माना जाता है। प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार, क्षेत्र का कठिन भूगोल और अचानक बदलने वाला मौसम इस हादसे की वजह हो सकता है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस त्रासदी पर गहरा शोक व्यक्त किया है और पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

## सबरीमाला मंदिर सोना चोरी मामले में बड़ा खुलासा

# रसायनों के जरिए गायब की गई सोने की परत



एजेंसी

**सबरीमाला।** भगवान अयप्पा के प्रसिद्ध धाम सबरीमाला मंदिर में हुए कथित सोना चोरी मामले ने एक सनसनीखेज मोड़ ले लिया है। जिसे अब तक ढांचागत चोरी या अंतरराष्ट्रीय गिरोह की बड़ी साजिश माना जा रहा था, वह वास्तव में रसायनों के जरिए अंजाम दी गई एक शातिर वैज्ञानिक ठगी निकली है। इसरो के विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर के वैज्ञानिकों द्वारा की गई हाई-टेक जांच में यह चौंकाने वाला सच सामने आया है कि मंदिर के गर्भगृह के दरवाजों को बदला नहीं गया था, बल्कि उन पर चढ़ी सोने की बेशकीमती परत को रसायनों के माध्यम से निकाल लिया गया। बुधवार को केरल हाईकोर्ट में पेश की गई वैज्ञानिकों की रिपोर्ट ने उन पुरानी अटकलों को पूरी तरह खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया जा रहा था कि असली दरवाजों को हटाकर वहां पीतल या नकली चादरें लगा दी गई हैं। वैज्ञानिकों ने अपनी बारीकी जांच में पाया कि गर्भगृह के लकड़ी के फ्रेम और उन पर लगी तांबे की मूल शीट बिल्कुल वही हैं जो पहले थीं। हालांकि, इन तांबे की शीटों पर अब सोने की मात्रा लगभग शून्य हो गई है। जांच रिपोर्ट के अनुसार, इस चोरी को बेहद शातिर तरीके से अंजाम दिया गया। चोरों ने पारे और विशेष खतरनाक रासायनिक घोलों का उपयोग कर तांबे की सतह से सोना खींच लिया, जिससे शीटों का रंग और उनकी रासायनिक बनावट बदल गई। यह खुलासा मंदिर प्रशासन के लिए एक बड़ी चेतावनी बनकर उभरा है। अब जांच की दिशा उन तकनीकी जानकारों और विशेषज्ञों की ओर मुड़ गई है, जिन्हें रसायनों के इस खतरनाक खेल की गहरी समझ है।

### स्लीपर बस ट्रेलर से टकराई चार यात्रियों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर राजमार्ग पर बुधवार देर रात एक बस खड़े ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। उक्त बस उत्तर प्रदेश के कासगंज से जयपुर जा रही थी। पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सेवर पुलिस थाना इलाके में यह सड़क हादसा उस समय हुआ जब एक स्लीपर बस सड़क पर खड़े ट्रेलर से टकरा गई। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को निकालकर बचाया गया। हादसे में मृत व्यक्तियों की पहचान उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के सतोवा गांव की गीता (38), उनके बेटे कान्हा (8), अलवर जिले के कठूमर निवासी बस चालक मुखन सिंह (28) और एक अन्य के रूप में हुई है।

# यूजीसी पर सुप्रीम स्टे से खुश विप्र बोले- सरकार अध्यादेश निरस्त करे



भोलेश्वर उपमन्यु

**मथुरा।** यूजीसी के संबन्ध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाने तथा इसकी सुनवाई 19 मार्च को करने के निर्देश देने से ब्राह्मण समुदाय में हर्ष की लहर दौड़ गई है। जनपद में सबसे पहले यूजीसी के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ ने सर्वोच्च अदालत का आभार जताते हुए इसे अन्याय पर न्याय की जीत बताया है। राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के कैंप कार्यालय हरिदास धाम में हुई आकस्मिक बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सवर्ण समाज के दर्द का अनुभव किया है। अब सरकार को अपना अध्यादेश तत्काल निरस्त कर देना चाहिए। इस अवसर पर संघ के संस्थापक पंडित चंद्रलाल शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य आनंदबल्लभ गोस्वामी, जिलाध्यक्ष अखिलेश तिवारी, महानगर अध्यक्ष गोविंद नारायण शर्मा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी राजू भैया, उपाध्यक्ष विमल चैतन्य महाराज, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नीरज गौड़ ने खुशी का इजहार किया। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय हरियाणा, भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा,वामन अवतार शोभायात्रा समीति संस्थापक श्याम शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का अभार जताते हुए इसे सवर्ण समाज की बड़ी जीत बताया और केंद्र सरकार से भी मांग की इस कानून को रद्द कर समानता का अधिकार लाया जाए।

# पश्चिम बंगाल में छह नई रेलवे लाइनों के निर्माण कार्य की शुरूआत

एजेंसी

**कोलकाता ।** रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत पश्चिम बंगाल में छह नई रेलवे लाइनों के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। इन नई रेलवे लाइन परियोजनाओं का निष्पादन दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा किया जाएगा, जिससे संपर्क सुविधा में सुधार होगा, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय निवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

नई रेलवे लाइन परियोजनाएँ हैं।

कॉंथि-एगरा नई रेल लाइनः 26.2 किलोमीटर लंबी यह नई रेल लाइन परियोजना पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले को कवर करेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत ?247.28 करोड़ है। यह इस क्षेत्र में एक नई रेल संपर्क सुविधा प्रदान करेगी।

नंदकुमार-बलाईपांडा नई रेल लाइन : 28 किलोमीटर लंबी यह नई रेल लाइन परियोजना पूर्व मेदिनीपुर जिले को कवर करेगी। इस लाइन के निर्माण पर अनुमानित 275.14 करोड़ की लागत आएगी। इससे क्षेत्र को नई रेल कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।

नंदीग्राम-कंदियामारी (नयाचार) नई रेल लाइन : 7 किलोमीटर लंबी यह नई रेल लाइन परियोजना पूर्व मेदिनीपुर जिले में स्थित होगी।

## नई दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित

# हर युवा के लिए प्रेरणास्रोत हैं एनसीसी कैडेट्स : संजय सेठ



पंच संवाददाता

**नई दिल्ली/ रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने नई दिल्ली आवास पर आज झारखंड से जुड़े एनसीसी कैडेट्स का सम्मान किया। सम्मानित किए गए कैडेट्स में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले झारखंड के कैडेट्स और बिरसा मुंडा साइकिलॉथन के तहत साइकिल से नई दिल्ली पहुंचे एनसीसी के कैडेट शामिल हैं। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने इनका उत्साहवर्धन किया और उनसे संवाद किया। इस बाबत श्री सेठ ने बताया कि झारखंड एनसीसी से जुड़े 15 युवाओं के दल ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का संदेश लेकर रांची से 1300 किमी की यात्रा की। नई दिल्ली में एनसीसी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस समूह ने धरती आबा का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। यह पहला अवसर है, जब धरती आबा के 150वीं जयंती वर्ष पर झारखंड के युवा उनके संदेश का प्रवाह करते हुए साइकिल से नई दिल्ली पहुंचे हैं। यह हर झारखंडवासी के लिए की बात है।नई दिल्ली में एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेने झारखंड से 40 एनसीसी कैडेट्स नई दिल्ली पहुंचे। इनमें 15 लड़कियां और 25 लड़के शामिल हैं। रांची, कोडरमा, दुमका, गुमला और हजारीबाग के कैडेट्स ने गणतंत्र दिवस परेड में भाग भी लिया। एनसीसी रैली के अवसर पर प्रधानमंत्री के हाथों इन युवाओं को सम्मानित होने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री ने 2 युवाओं को गोल्ड और बेस्ट कैडेट को बैटन प्रदान किया। श्री सेठ ने बताया कि ये 40 युवा झारखंड की हर युवा शक्ति के लिए प्रेरणा हैं। एनसीसी ने झारखंड में सामाजिक परिवर्तन की दिशा में जो कार्य किया है, इसकी मजबूत छाप इन युवाओं ने नई दिल्ली में दिखाई है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इन युवाओं से संवाद करना मेरे लिए भी बहुत ही ऊजार्दायक और उत्साहवर्द्धक होता है। अपने संवाद मेंप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन पर काम करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने कल एनसीसी की रैली में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रथम बार मतदाता बने युवाओं को सम्मानित करने और सप्ताह में एक घंटा स्वच्छता के लिए समर्पित करने का आह्वान किया है। यह आह्वान सिर्फ एनसीसी कैडेट्स के लिए नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए है। एनसीसी के कैडेट्स इसके नेतृत्वकर्ता होंगे। मैंने इन कैडेट्स से आह्वान किया कि हम सब रांची सहित पूरे झारखंड में इस अभियान को जनसहभागिता से जोड़ें। स्वच्छता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करेंगे। इन उत्साही युवाओं ने इन दोनों ही मुद्दों पर पूरी ऊर्जा के साथ काम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# विकसित भारत का निर्माण स्वच्छ ऊर्जा, हरित विकास और सतत जीवनशैली पर होगा : डॉ. मिश्रा



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्र ने आज इंटीग्रेटेड रिसर्च एंड एक्शन फॉर डेवलपमेंट में 'सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांज़िशन - ग्लोबल पर्सपेक्टिव' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। डॉ. मिश्र ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ ऊर्जा विकसित भारत के देश के विजन में गहराई से समाहित है। उन्होंने कहा कि अब यह केवल एक सेक्टर का एजेंडा नहीं रह गया है, बल्कि यह विकास, प्रतिस्पर्धात्मकता, सामाजिक समावेश और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. मिश्र ने पिछले वर्ष इंडिया एनर्जी वीक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों से प्रेरणा लेते हुए कहा, एक विकसित भारत का निर्माण स्वच्छ ऊर्जा, हरित विकास और सतत जीवनशैली पर होगा। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से भारत के ऊर्जा बदलाव दो प्रमुख सबक प्रदान करते हैं। पहला, महत्वाकांक्षी लक्ष्य तभी विश्वसनीयता प्राप्त करते हैं जब उन्हें संस्थागत ढांचे, निरंतर वित्तीय प्रतिबद्धता और निरंतर निष्पादन का समर्थन प्राप्त हो। भारत द्वारा 2030 के बजाय 2025 तक स्वच्छ ऊर्जा की 50 प्रतिशत स्थापित क्षमता हासिल करने की क्षमता, और 100 जीडब्ल्यू सौर क्षमता को अपेक्षा से बहुत पहले प्राप्त करना, नीतिगत निरंतरता और संस्थागत मजबूती के महत्व को दर्शाता है। दूसरा, ऊर्जा बदलाव सबसे अधिक टिकाऊ तब होता है जब वह प्रत्यक्ष कल्याणकारी लाभ प्रदान करता है। डॉ. मिश्र ने आगे कहा कि किसानों पर पीएम-कुसुम का प्रभाव, परिवारों के लिए पीएम सूर्य घर से मिलने वाली राहत और सौर विनिर्माण तथा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के माध्यम से पैदा हुए रोजगार यह दर्शाते हैं कि डीकार्बोनाइजेशन और विकास एक-दूसरे को कमजोर करने के बजाय मजबूत कर सकते हैं। डॉ. मिश्र ने एनर्जी सिक्योरिटी, अफोर्डेबिलिटी और यूनिवर्सल एक्सेस पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने अपनी राय व्यक्त की कि ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) के लिए यह बदलाव न्यायसंगत, समावेशी और विकास के अनुरूप होना चाहिए–जिसमें अलग-अलग जिम्मेदारियों, राष्ट्रीय परिस्थितियों और निरंतर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता को मान्यता दी गई हो। डॉ. मिश्र ने आशावाद के साथ कहा कि भारत ने 2005 और 2020 के बीच अपने सकल घरेलू उत्पाद की एमिशन इंटेंसिटी को लगभग 36 प्रतिशत तक कम कर दिया है और वह 2030 की समय-सीमा से नौ साल पहले ही अपने पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाला पहला जी-20 देश बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि इसी पृष्ठभूमि के परिप्रेक्ष्य में हमें भारत की एनर्जी ट्रांज़िशन रणनीति को देखना चाहिए। डॉ. मिश्र ने इस बात पर जोर दिया कि ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण ने भी डीकार्बनाइजेशन और एनर्जी सिक्योरिटी में योगदान दिया है। सरकार द्वारा की गई कई पहलों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सौर मिशन की गति को तेज करते हुए सौर लक्ष्य को 20 गीगावाट से बढ़ाकर 100 गीगावाट कर दिया गया है, 2016 में नेशनल टैरिफ पॉलिसी में संशोधन किए गए और जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति (2018) लाई गई। प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2021 पर घोषित राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन ने अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त करने और दीर्घकालिक जीवाश्म ईंधन आयात को कम करने के साधन के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन की ओर एक बड़े बदलाव का संकेत दिया है। डॉ. मिश्र ने रेखांकित किया कि भारत ने हालिया विधायी पहलों के माध्यम से परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोलकर एक ऐतिहासिक सुधार किया है। इससे 2047 तक परमाणु क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होने और एक स्थिर, जीरो-कार्बन बेहतर बेसलोड बिजली प्राप्त होने की उम्मीद है। डॉ. मिश्र ने इस बात पर जोर दिया कि कुल मिलाकर, ये उपाय एनर्जी ट्रांजिशन को सीधे ऊर्जा सुरक्षा और आयात में कमी के साथ जोड़ते हैं, जिससे भारत की रणनीतिक स्वायत्तता बढ़ती है।

## पेज एक का शेष

### झारखंड के लिए मजबूत बहुआयामी...

राज्य में प्राकृतिक, औद्योगिक और आर्थिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है । ऐसे में अपने इन संसाधनों के बलबूते शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि, खेल, प्राकृतिक, औद्योगिक, आर्थिक और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कृषि में निरंतर नए प्रयोग हो रहे हैं। खेतों में पानी पहुंच रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं - सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। जल जंगल और जमीन के संरक्षण और सदुपयोग को लेकर मजबूत रूपरेखा के साथ कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का एक छोटा और पिछड़ा राज्य है। लेकिन, देश की अर्थव्यवस्था में यह राज्य अहम योगदान देता आ रहा है। ऐसे में अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की नई नीति, कार्ययोजना एवं बेहतर प्रबंधन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से झारखंड समृद्ध राज्य है। यहां देश का सबसे ज्यादा लाह उत्पादन होता है। तसर उत्पादन में भी झारखंड काफी आगे हैं ।ऐसे और भी अनेकों संसाधन हैं, जिसका इस्तेमाल दूसरे राज्यों में हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने इन संसाधनों का वैल्यू एडिशन करने की जरूरत है, ताकि इसका इस्तेमाल अपने राज्य के हिसाब से कर सकें। झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है । यहां की जनजातीय परंपरा काफी समृद्ध है। ऐसे में जनजातीय परंपराओं को आगे भी ले जाना है। इस दिशामे हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर और सन्तुलित बजट को लेकर आम लोगों से विचार और सुझाव मांगे गए थे। इसके अलावा देश के विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के साथ चर्चा भी लगातार हुई और उनके सुझाव लिए गए। उनके द्वारा मिले बेहतर सुझावों को बजट में भी जगह देने का प्रयास किया जा रहा है । मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर श्रेष्ठ सुझाव देने वाली स्वाति बंका, किशोर प्रसाद वर्मा और गोपी हांसदा को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।संगोष्ठी में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, सचिव (संसाधन) वित्त अमित कुमार, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह और सदस्य डॉ हरिश्वर दयाल तथा देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विशेषज्ञों में डॉ एन.कार्तिकेयन, डॉ मनीषा प्रियम, डॉ डी. राय और डॉ सुधा राय उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय मीडिया और वैश्विक प्रमुखों ने...

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने भारत-ईयू एफटीए को ऐतिहासिक और दोनों पक्षों द्वारा अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता बताते हुए कहा कि इससे आर्थिक और राजनीतिक संबंध काफी मजबूत होंगे। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि यह समझौता सहयोग के एक नए युग की शुरूआत है, जो व्यापार और साझेदारी के माध्यम से समृद्धि, प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को मजबूत करेगा। ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉक ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों को फायदा पहुंचाने वाला एक मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाता है और इसे तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्था में यूरोप की उदार नीति के लिए एक बड़ा कदम बताया। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने समझौते को पूरा समर्थन देते हुए इसे भू-राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बताया और दो अरब लोगों के संयुक्त बाजार में पहले कदम उठाने के लाभ पर जोर दिया। फ्रांस के विदेश व्यापार और आर्थिक मंत्री निकोलस फोरिसियर ने ईयू-भारत समझौते को एक बड़ा राजनीतिक कदम बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि ‍यह दूसरे समझौतों से अलग है। यूरोपीय संसद के सदस्य सैंड्रो गोजी ने कहा कि यह समझौता साफ तौर पर साझेदारी में विविधता लाने और अपनी स्वायत्तता और स्वतंत्रता बढ़ाने की ईयू की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने भारत को एक प्रमुख वैश्विक राष्ट्र बताते हुए कहा कि भू-राजनीतिक और कूटनीतिक नजरिए से, यह समझौता यूरोपीय और भारतीयों दोनों के लिए महत्वपूर्ण अवसर खोलता है। व्यापार प्रमुख और संगठन भारत में काम कर रहे यूरोपीय और वैश्विक व्यापार प्रमुखों ने इस समझौते से अत्यंत उम्मीद जताते हुए इसे लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता बताया। एयरबस में भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस इन इंडिया के अध्यक्ष जुर्गन वेस्टरमेयर ने एफटीए को 20 वर्ष की वार्ता के बाद एक बड़ा पल बताते हुए कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए अवसरों को बढ़ाने का काम करेगा। एयरबस इंटरनेशनल के अध्यक्ष वाउटर वैन वर्श ने इसे ‍शानदार दिन‍ बताया, और मेक इन इंडिया, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, रक्षा, अंतरिक्ष और अत्याधुनिक विनिर्माण के प्रति एयरबस की लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को दोहराया। इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स के महानिदेशक जान नोएथर ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों और वैश्विक जीडीपी के लगभग एक चौथाई हिस्से को एक साथ लाता है, और इसे ‍मदर ऑफ ऑल ट्रेड्स‍ बताया। बर्लिन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएचके बर्लिन) के अध्यक्ष, सेबेस्टियन स्टीजेल ने भारत-ईयू एफटीए को लगातार तनावपूर्ण वैश्विक स्थिति में खुलेपन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि भारत अब भविष्य का बाजार नहीं, बल्कि वर्तमान का बाजार है, जिसमें बर्लिन को अब अवसरों का फायदा उठाना चाहिए। वोक्सवैगन, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज जैसी प्रमुख जर्मन कार निमार्ताओं के सीईओ सहित प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों ने भारत में जर्मन निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के इस समझौते की क्षमता की सराहना की। क्रोएशियाई एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन (एचयूपी) और बिजनेसयूरोप ने वैश्विक संरक्षणवाद के बीच ईयू-भारत एफटीए को ईयू के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक कदमों में से एक बताया। स्वीडिश व्यापार संगठनों जैसे स्वेन्स्कट नेरिंग्सलिव और फोरेटैगार्ना ने इसे एक बड़ा अवसर बताया है, जिसमें कम टैरिफ और बेहतर बाजार पहुंच का हवाला दिया गया है। आयरिश आर्थिक और व्यावसायिक निकायों ने ईयू-भारत एफटीए का स्वागत किया है। चैंबर्स आयरलैंड ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताया जो आयरिश निर्यातकों, विशेष रूप से मशीनरी और कृषि-खाद्य क्षेत्रों के लिए बाजार पहुंच और विविधीकरण को बढ़ाता है। अन्य वरिष्ठ व्यावसायिक हस्तियों, जिनमें फ्रैंक श्लोडर (मैनेजिंग डायरेक्टर, हेफेल साउथ एशिया), थॉमस वोल्टर (मैनेजिंग डायरेक्टर, क्रोन्स मशीनरी इंडिया), लार्स एरिक जोहानसन (एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, ऑक्सिया जीएमबीएच), जान-ओलोफ जैक (सीईओ, कन्फेडरेशन ऑफ स्वीडिश एंटरप्राइज) और फ्रेडरिक पर्सन (प्रेसिडेंट, बिजनेसयूरोप) शामिल हैं, ने इस समझौते का नियमों पर आधारित व्यापार, आपूर्ति-श्रृंखला उदारता, एसएमई विकास और दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा के लिए एक मजबूत संकेत के रूप में स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ और थिंक टैंक वैश्विक नीति विशेषज्ञों और थिंक टैंक ने इस समझौते को ठोस रूप से मजबूत और रणनीतिक रूप से सही समय पर किया गया फैसला बताया। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) के वरिष्ठ सलाहकार रिचर्ड रॉसो ने कहा कि यह समझौता दुनिया की एक चौथाई आबादी और वैश्विक व्यापार के एक बड़े हिस्से को एक साथ लाता है और उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक दृष्टिकोण मजबूत आधार को दशार्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के हाल के एफटीए गहरे और अधिक महत्वाकांक्षी व्यापार प्रतिबद्धताओं की ओर एक स्पष्ट बदलाव दिखाते हैं।

अटलांटिक काउंसिल के सीनियर फेलो माइकल कुगेलमैन ने भारत-ईयू एफटीए को ‍सही समय पर सही समझौता‍ बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह अमेरिकी टैरिफ से परे है और एक व्यापक, तेजी से बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करता है। भू-राजनीतिक रणनीतिकार वेलिना चकारोवा ने इसे पैमाने और रणनीतिक इरादे दोनों के मामले में इस दशक के सबसे महत्वपूर्ण भू-आर्थिक समझौतों में से एक बताया। कील इंस्टीट्यूट फॉर द वर्ल्ड इकोनॉमी ने कहा कि गहरे ईयू-भारत एकीकरण से द्विपक्षीय व्यापार में 41 से 65 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, दोनों पक्षों में जीडीपी के 0.12-0.13 प्रतिशत तक वास्तविक आय बढ़ सकती है। यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस ने ईयू-भारत एफटीए को हाल के वर्षों में हुए सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक बताया, जिसमें सामान, सेवाएं, निवेश, डिजिटल व्यापार और नियामक सहयोग शामिल हैं। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) ने कहा कि कई भागीदारों के साथ व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाने पर भारत की हाल की प्रगति- एक अधिक खुली अर्थव्यवस्था की ओर एक कदम का संकेत देती है और यह भारत के अपने दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की संभावनाओं को बढ़ाएगा।

# बेलारूस की सबालेंका ऑस्ट्रेलिया ओपन टेनिस के फाइनल में


यूक्रेनी की स्वितोलिना को 6-2, 6-3 से हराया, मगर हाथ नहीं मिलाया

**एजेंसी**

**मेलबर्न** : टॉप सीड आर्यना सबालेंका ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन की विमेंस सिंगल कैटेगरी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। यह मैच एक घंटा 16 मिनट चला। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न की रॉड लेवर एरिना में खेले गए इस मुकाबले में बेलारूस और यूक्रेन के प्लेयर में राइवलरी भी देखने को मिली। मैच समाप्त होने के बाद दोनों खिलाड़ियों ने आपस में हाथ नहीं मिलाया। न ही पारंपरिक प्री-मैच फोटो सेशन में हिस्सा लिया। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से यूक्रेनी खिलाड़ी रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों से दूरी बनाए हुए हैं। स्वितोलिना पहले भी कई मुकाबलों में ऐसा रुख अपना चुकी हैं। हालांकि, कोर्ट पर मुकाबला खेल भावना के साथ खेला गया, लेकिन मैच से पहले का यह दृश्य एक बार फिर खेल और राजनीति के टकराव को उजागर करता है।

### स्थानीय वाइल्डकार्ड कुबलर-पोलमैन्स पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे



**स्थानीय** वाइल्डकार्ड जोड़ी जेसन कुबलर और मार्क पोलमैन्स ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन के ल्यूक जॉनसन और पोलैंड के यान जीलिन्स्की को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया। कुबलर अब अपने दूसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स खिताब की ओर बढ़ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 2023 में रिंकी हिजिकाता के साथ, वह भी वाइल्डकार्ड के रूप में, खिताब जीता था। वहीं, पोलमैन्स 2017 में एंड्रयू व्हिटिंगटन के साथ मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल खेल चुके हैं और अब अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में उतरेंगे। गुरुवार के मुकाबले में पोलमैन्स कोर्ट पर सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी नजर आए। बाएं घुटने पर पट्टी बंधे होने के बावजूद, जिस पर कई बार सर्जरी हो चुकी है, कुबलर ने किसी भी तरह की परेशानी के संकेत नहीं दिए। उन्होंने जोरदार स्मैश लगाकर मैच का पहला ब्रेक हासिल किया।

### पहले सेमीफाइनल की विनर से होगा फाइनल

**सबालेंका** का सामना जेशिगा पेगुला और एलिना रायबकिना के सेमीफाइनल की विनर से होगा। यह मैच रॉड लेवर एरिना में खेला जा रहा है। फाइनल मैच 31 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे से खेला जाएगा।

### मैच में हावी नजर आयी सबालेंका

**सेमीफाइनल** मैच के पहले सेट में बेलारूस और यूक्रेन की खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। सबालेंका ने पहला गेम अपने नाम करके बढ़त ली, लेकिन स्वितोलिना ने अगला ही गेम जीतकर स्कोर 1-1 की बराबरी पर ला दिया। सबालेंका ने इस सेट को 6-2 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में स्वितोलिना ने शुरूआती दो गेम जीत लिए थे। उसके बाद सबालेंका ने लगातार 5 गेम जीतकर जबर्दस्त वापसी की। यहां स्कोर 5-2 था, तभी स्वितोलिना ने एक और गेम अपने नाम किया। फिर सबालेंका ने 9वां गेम जीतकर मैच 6-2, 6-3 से अपने नाम कर लिया।

### अल्कराज-ज्वेरेव और जोकोविच-सिनर के मेंस सेमीफाइनल

**मेंस** सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज ने पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उनका मुकाबला वर्ल्ड नंबर-3 जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। एक अन्य सेमीफाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच और इटली के जैनिक सिनर के बीच भिड़ंत देखने को मिलेगी।

## एक झलक

### सिंधु ने अजित पवार के निधन पर जताया शोक

**नयी दिल्ली** : भारत की शीर्ष महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अजित पवार का बुधवार को एक विमान हादसे में निधन हो गया था। सिंधु ने सोशल मीडिया में अपने शोक संदेश में लिखा, रेस्ट इन पीस, अजित दादा। मुझे आपसे कई बार मिलने का सौभाग्य मिला और हर बार मैं आपके अनुशासन, आपके काम के प्रति समर्पण और अपने लोगों के प्रति आपके प्यार से प्रभावित हुई। आपने मुझसे अक्सर कहा था, मेरे बारामती आओ। मैं सोचती रही कि कभी समय मिलेगा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इस तरह से न आने का पछतावा होगा। सिंधु ने साथ ही लिखा, कैप्टन शांभवी पाठक, कैप्टन सुमित कपूर, पिंकी माली और पीएसओ विदीप जाधव के परिवारों के प्रति भी मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। एक साथ इतनी सारी जानें चली गयीं। इतने सारे परिवार बिखर गए। भगवान सभी परिवारों को इस दुख से उबरने की शक्ति दे।

### सूर्यकुमार ने हार पर जतायी निराशा, शिवम के प्रदर्शन की जम कर की प्रशंसा

**विशाखापत्तनम** : भारतीय क्रिकेट टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे मैच में मिली हार पर निराशा जतायी है। सूर्यकुमार ने हालांकि शिवम दुबे की पारी की सराहना की है। शिवम ने इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंदों में ही 65 रन बनाकर भारतीय टीम को जीत दिलाने का पूरा प्रयास किया पर बदकिस्मती से वह रन आउट हो गये जिसये ये मैच भारतीय टीम के हाथों से निकल गया। सूर्या ने कहा कि अगर कोई बल्लेबाज शिवम के साथ होता तो इस मैच का परिणाम कुछ और होता। भारतीय टीम ने चौथे टी20 में छह बल्लेबाजों को उतारा पर इसके बाद भी उसे लाभ नहीं मिला। सूर्यकुमारी ने कहा कि हमने छह बल्लेबाज और पांच गेंदबाज इसलिए उतारे थे जिससे पल चल सके कि टी20 विश्व कप से पहले हम कहां पर हैं। शिवम के अर्धशतक के बाद भी इस मैच में भारतीय टीम हारी है। इस हार से अब पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 3-1 से आगे है। सूर्यकुमार ने कहा, ह्यमुझे लगता है कि ओस के बाद भी अगर कोई बल्लेबाज शिवम का साथ देतो तो मैच बच सकता था। हम 50 रनों से हार गए, लेकिन कोई बात नहीं .जैसा कि मैंने कहा, इस तरह लक्ष्य का पीछा करते हुए एक-दो साझेदारियां निर्णायक साबित हो सकती थीं।

### एलिस पेरी ने क्रिकेट ही नहीं फुटबॉल में भी बनाये हैं रिकार्ड

**मेलबर्न** : ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर एलिस पेरी एक शानदार क्रिकेटर के साथ ही एक अच्छी फुटबॉलर भी रही हैं। एलिस ने साल 2013 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर क्रिकेट के अलावा फुटबॉल में खेला है। एलिस ने फीफा वर्ल्ड कप क्वार्टरफाइनल में भी गोल दागा था। यह गोल उन्होंने 2011 फीफा वर्ल्ड कप में मैटिल्डास की स्वीडन के खिलाफ 1-3 की हार के दौरान किया था। फुटबॉल में साल 2011 फीफा महिला विश्व कप में उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रह है।, तब इस खिलाड़ी ने टीम को क्वार्टरफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। तब ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा पर टीम की ओर से एकमात्र गोल पेरी ने किया था। वहीं साल 2014 में पेरी ने ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम से संन्यास ले लिया पर उनके खेल खिलाड़ी आज तक याद रखते हैं।

## मिक्स्ड डिसेबिलिटी टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज

# भारत ने इंग्लैंड को 07 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**ग्रेटर नोएडा** : भारत ने ऐतिहासिक पांच मैचों की इंडिया बनाम इंग्लैंड मिक्स्ड डिसेबिलिटी टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज की शुरूआत दमदार जीत के साथ की। शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम, ग्रेटर नोएडा में खेले गए पहले मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। कप्तान कैलम फ्लिन ने 16 गेंदों में 26 रन बनाकर तेज शुरूआत दिलाई, जबकि लियान ओब्रायन ने 41 गेंदों में 55 रनों की संयमित पारी खेली, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल रहे। विकेटकीपर-बल्लेबाज एंगस ग्रांट ब्राउन ने अंत में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंदों में 53 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 170 के पार पहुंच सका। भारत की ओर से गेंदबाजी में आकाश सिंह और विवेक कुमार ने अहम मौकों पर विकेट चटकाकर इंग्लैंड की रनगति को नियंत्रित रखा और बड़े साझेदारियों को बनने से रोका। जवाब में भारत ने लक्ष्य का पीछा बेहद आत्मविश्वास के साथ किया और 18.5 ओवर में 3 विकेट पर 175 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारतीय पारी के हीरो विकेटकीपर-बल्लेबाज योगेंद्र भडोरिया रहे, जिन्होंने 59 गेंदों में शानदार 94 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। उनकी इस पारी में छह चौके और पांच छक्के शामिल थे। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। योगेंद्र को आकाश सिंह का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने सिर्फ 15 गेंदों में 36 रन की तेज पारी खेली। इसके अलावा अर्जुन गावरे ने 13 रन बनाये, जबकि माजिद (नाबाद 12) और कप्तान रविंद्र सांते (नाबाद 11) ने टीम को जीत तक पहुंचाया। यह सीरीज शारीरिक, श्रवण और बौद्धिक दिव्यांग खिलाड़ियों को एक ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने की पहल का हिस्सा है। सीरीज का दूसरा टी-20 मुकाबला भी ग्रेटर नोएडा में ही खेला जायेगा।



### मैच के बाद योगेंद्र भडोरिया ने कहा...

'यह पुरस्कार मेरे लिए खास है, लेकिन असल में यह पूरी टीम का है। हमने आत्मविश्वास के साथ खेला और समावेशन व समान अवसर की भावना वाली इस सीरीज में योगदान देना गर्व की बात है।'

## 43वीं ऑल वैली क्रिकेट टूर्नामेंट

# केटीपीएस ने बीटीपीएस को 03 विकेट से हराया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में बीटीपीएस एवं केटीपीएस की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीटीपीएस की टीम 15 ओवरों में मात्र 72 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केटीपीएस की टीम ने 14.3 ओवरों में 7 विकेट खोकर 73 रन बनाते हुए मुकाबला 3 विकेट से अपने नाम कर लिया। मैच में शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए कुंदन कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्होंने 3 ओवरों में सिर्फ 6 रन देकर 3 विकेट झटके और विपक्षी टीम को कम स्कोर पर समेटने में निर्णायक भूमिका निभाई। मैच के बाद कप्तान मोहम्मद अनवर हयात ने टीम के समग्र प्रदर्शन पर संतोष जताया, साथ ही आगामी मुकाबलों में बल्लेबाजी विभाग के बेहतर प्रदर्शन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।


पेरिस में यूईएफए चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) और न्यूकास्टल यूनाइटेड के खिलाड़ी खेलते हुए।

### पाक की विश्वकप बहिष्कार करने की धमकी निकली कोरी

**मुम्बई** : पिछले कुछ समय से लगातार टी-20 विश्वकप 2026 के बहिष्कार की धमकी दे रहे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की पोल खुल गयी है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी ने एक ओर कहा था कि वह अपनी सरकार की सलाह के बाद ही तय करेगा कि भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप में भाग लेना है या नहीं। वहीं, दूसरी ओर उसने पहले ही कोलंबो के लिए अपनी फ्लाइट बुक करा ली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान टीम सोमवार को कोलंबो के लिए रवाना होगी। इस रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान टीम ने ऑस्ट्रेलिया टीम के साथ लाहौर से एयर लंका की फ्लाइट से कोलंबो जाने की बुकिंग कर ली है।

# बोकारो को हरा कर रांची फाइनल में

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग के संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे हैं जेएससीए इंटर डिस्टिक अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 में आज रांची में बोकारो को 9 विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए बोकारो की टीम 44.2 ओवरों में मात्र 151 रन पर ढेर हो गई जिसमें आकाशदीप आदर्श ने 40 रन और तेजस सिंह ने 23 रन की पारी खेली रांची के लिए सौरभ कुमार ने 31 रन देकर चार विकेट वहीं राजकमल गिरी ने 40 रन लेकर तीन विकेट प्राप्त किये। जवाबी पारीक खेलने उतरी रांची की टीम ने 18 पॉइंट एक ओवर में 153 रन बनाकर जीत हासिल कर ली टीम के लिए शिवांक झा ने नाबाद 62 रन वहीं वैभव संतोष कुमार ने नाबाद 45 रन की पारी खेली। इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार सौरभ कुमार को दिया गया। फाइनल मुकाबला 31 जनवरी को हजारीबाग के साथ खेला जायेगा।




# 23वीं झारखंड राज्य सब जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता कल से, तैयारियां पूरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में लातेहार जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 23वीं झारखंड राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता का आयोजन लातेहार जिला स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल मैदान में किया जा रहा है। आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 30 जनवरी को अपराह्न 12:30 बजे होगा। उद्घाटन समारोह में उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव अति विशिष्ट अतिथि और आईटीडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण कुमार गगराई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची, बोकारो, गोड्डा, लोहरदगा, पलामू, गढ़वा, हजारीबाग, देवघर, पाकुड़, रामगढ़, धनबाद, चतरा और गुमला जिलों की टीमें लातेहार पहुंच चुकी हैं।

# हर्षित हर मैच के साथ बेहतर हो रहे : श्रवण

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : तेज गेंदबाज हर्षित राणा के बचपन के कोच श्रवण कुमार ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। कोच ने कहा है कि हर्षित हर मैच के साथ ही बेहतर होते जा रहे हैं। साथ ही कहा कि जिस प्रकार से वह आगे बढ़ रहा है उससे उन्हें काफी खुशी हुई है। कोच के अनुसार हर्षित गेंदबाज ही नहीं बल्लेबाजी में भी निरंतर बेहतर हो रहे हैं। श्रवण हर्षित राणा के साथ ही अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा के भी कोच रहे हैं। राणा ने नई गेंद से न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में प्रभावित किया है। इस युवा तेज गेंदबाज ने एकदिवसीय के साथ ही टी20 में भी अच्छा खेला है। तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में हर्षित ने 6 विकेट लिए थे। वहीं टी20 सीरीज में दो मैचों में उन्होंने 2 विकेट लिए थे। श्रवण ने कहा, राणा हर दिन के साथ ही बेहतर हो रहा है। उसे जितना अधिक खेलने को मिलेगा उतना ही बेहतर होता जाएगा। राणा ने अब तक 14 एकदिवसीय मैचों में 26 विकेट लिए हैं, उनका औसत 27.38 रहा है। उनकी इकॉनमी रेट 6.21 रही है। इसके अलावा 8 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 9 विकेट, और 2 टेस्ट में 4 विकेट लिए हैं। राणा बड़े शॉट लगाने के कारण भी नजरों में आये हैं। हर्षित ने वह बड़े-बड़े छक्के लगाने में सक्षम हैं। एकदिवसीय में नंबर आठ पर खेलते हुए सात पारियों में इस क्रिकेटर ने 124 रन, औसत 24.80 और 121 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ एक अर्धशतक लगाया है। टी20 में भी उन्होंने दो पारियों में 48 रन बनाए हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 35 रन रहा। इस क्रिकेटर ने सीरीज के पहले एकदिवसीय में विराट के आउट होने के बाद 23 गेंदों में 29 रन बनाकर पारी को संभाला। कोच के अनुसार हर्षित को सफल ऑल-राउंडर बनने के लिए अपने को साबित करना होगा।



## सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप

# भारतीय टीम में झारखंड की 06 बालिकाओं का चयन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन के अंतर्गत 31 जनवरी से 7 फरवरी 2026 तक नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित होने वाली सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इसमें झारखंड राज्य की 6 प्रतिभाशाली बालिकाओं का चयन किया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय टीम में चयनित झारखंड की खिलाड़ियों में झारखंड सरकार के खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, इनडोर स्टेडियम गुमला की चार खिलाड़ी एलिजाबेथ लकड़ा, अनीता डुंगडुंग, सूरज मुनि कुमारी एवं विनीता होरो शामिल हैं। वहीं आवासीय बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, हजारीबाग से अनुष्का कुमारी तथा स्टार वॉरियर्स रांची से दिव्यानी लिंडा का भी चयन किया गया है। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 31 जनवरी 2026 को मेजबान नेपाल के खिलाफ खेलेगी। इस उपलब्धि पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री सुदीब्य कुमार सोनू, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक आसिफ इकराम, झारखंड फुटबॉल संघ के महासचिव गुलाब रब्बानी, खेल उपनिदेशक राजेश कुमार, देवेंद्र सिंह, जिला खेल पदाधिकारी गुमला प्रवीण कुमार, रांची शिवेंद्र सिंह, फुटबॉल कोच बिना केरकेट्टा, सोनी कुमारी, सुशीला कुमारी, बबलू सहित राज्यभर के खेल प्रेमियों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# गढ़वा जिला महिला कबड्डी टीम बनी राज्य चैम्पियन, खुशी कुमारी को मिला बेस्ट रेडर का खिताब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा** : 19वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में गढ़वा जिला महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। यह प्रतियोगिता पूर्वी सिंहभूम जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में 25 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक जमशेदपुर के सोनारी खेल मैदान में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में गढ़वा जिला की टीम ने मेजबान पूर्वी सिंहभूम जिला की टीम को कड़े संघर्ष में 3 अंकों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच शुरू से ही बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों के बीच बराबरी की टक्कर देखने को मिली। गढ़वा की खिलाड़ियों ने आक्रामक रेड और मजबूत डिफेंस का बेहतरीन तालमेल दिखाया। अंतिम क्षणों में संयम और रणनीतिक खेल के दम पर गढ़वा टीम ने बढ़त बनाते हुए मुकाबला जीत लिया। इस जीत के साथ ही गढ़वा जिला ने पूरे राज्य में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में गढ़वा जिला की खिलाड़ी खुशी कुमारी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। शानदार रेडिंग कौशल और लगातार अंक अर्जित करने के कारण उन्हें प्रतियोगिता का बेस्ट रेडर अवार्ड प्रदान किया गया। खुशी कुमारी के इस सम्मान से गढ़वा जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है और युवा खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिली है। फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपियन सह पुलिस उपाधीक्षक अरुण मिश्रा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में रूपा रानी तिर्की, जिला खेल पदाधिकारी, जमशेदपुर तथा कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के चेयरमैन विपिन सिंह समेत कई खेल पदाधिकारी मौजूद थे। अतिथियों ने सामूहिक रूप से गढ़वा जिला की विजेता महिला खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। गढ़वा जिला महिला कबड्डी टीम की इस ऐतिहासिक जीत से जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय खेल संघों और नागरिकों ने टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह जीत न केवल गढ़वा जिले के लिए गर्व की बात है, बल्कि झारखंड की महिला खेल प्रतिभा को भी नई पहचान दिलाने वाली साबित हुई है।



### मुख्य अतिथि अरुण मिश्रा ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा...

'कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की टीम ने अनुशासन, मेहनत और टीम वर्क का शानदार उदाहरण पेश किया है। विशिष्ट अतिथि रूपा रानी तिर्की ने भी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं ग्रामीण और जिला स्तर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं।'

### कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के चेयरमैन ने कहा...

'आने वाले समय में यह टीम राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। उन्होंने राज्य में कबड्डी के विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही।'

# लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ स्टॉक मार्केट



**नयी दिल्ली :** इकोनॉमिक सर्वे (आर्थिक सर्वेक्षण) के संकेतों से उत्साहित निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में जम कर लिवाली की। इस लिवाली के कारण शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ हरे निशान में बंद होने में सफल रहा। हालांकि शुरूआती कारोबार में निगेटिव ग्लोबल सेंटीमेंट्स के कारण हुई बिकवाली की वजह से बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया था, लेकिन संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश होने के बाद माहौल पूरी तरह से बदल गया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने निचले स्तर से शानदार रिकवरी की। सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से करीब एक हजार अंक उछल गया। इसी तरह निफ्टी ने निचले स्तर से लगभग 300 अंक की छलांग लगाई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, आईटी और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, मेटल, ऑयल एंड गैस और पावर सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना रहा। इसके अलावा एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, कैपिटल गुड्स और बैंकिंग इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि चुनिंदा शेयरों के अलावा ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना रहा। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 20 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 459.76 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.53 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 23 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,389 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,702 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,534 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 153 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,922 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## एक झलक

### आर्थिक सर्वे वैश्विक मंदी के बीच भारत की विकास क्षमता और मजबूती का देता है संकेत: खंडेलवाल

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने गुरुवार को कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 भारतीय अर्थव्यवस्था की एक आत्मविश्वासपूर्ण और विश्वसनीय तस्वीर प्रस्तुत करता है। खंडेलवाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से लोकसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.8 फीसदी से 7.2 फीसदी की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान अत्यंत सराहनीय है, विशेषकर ऐसे समय में जब विश्व की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं मंदी, महंगाई के दबाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं का सामना कर रही हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत की निरंतर विकास गति देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद, विवेकपूर्ण नीतिगत निर्णयों और सुधारोन्मुख शासन व्यवस्था को दर्शाती है। आर्थिक सर्वेक्षण इस तथ्य को और सुदृढ़ करता है कि भारत आज भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उत्साहजनक प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिनके संरचनात्मक सुधारों, अवसंरचना विस्तार, विनिर्माण को बढ़ावा, एमएसएमई सशक्तिकरण तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर विशेष ध्यान ने भारत को एक मजबूत और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था में परिवर्तित किया है। खंडेलवाल ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है और व्यापारियों, एमएसएमई, निवेशकों तथा नागरिकों के बीच यह विश्वास मजबूत करता है कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते बातचीत इस साल पूरी होने की उम्मीद

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया। इसमें भारत और अमेरिका के बीच होने वाली व्यापार समझौते को लेकर भी बात कही गयी है। आर्थिक सर्वे में कहा गया है कि फिलहाल भारत को बाहरी दुनिया से कुछ चिंताएं हैं, लेकिन कोई बड़ी आर्थिक समस्या नहीं है।
संसद में पेश आर्थिक सर्वे में कहा गया है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए जारी बातचीत इस वर्ष पूरी होने की उम्मीद है। इससे बाहरी मोर्चे पर अनिश्चितता कम हो सकती है। केन्द्रीय बजट से पहले आज पेश 2025-26 की आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि भारत के लिए वैश्विक परिस्थितियां तात्कालिक व्यापक आर्थिक दबाव के बजाय बाहरी अनिश्चितताओं में तब्दील हो रही हैं। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक प्रमुख व्यापार साझेदार देशों में धीमी वृद्धि, शुल्क के कारण व्यापार बाधा और पूंजी प्रवाह में अस्थिरता समय-समय पर निर्यात और निवेशक धारणा पर असर डाल सकती है।
उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका पिछले साल मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

## चार महीने के ऊपरी स्तर पर पहुंचा कच्चा तेल ईरान को अमेरिका की चेतावनी से बढ़ी चिन्ता



**नयी दिल्ली :** अमेरिका और ईरान के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) की कीमत पिछले 4 महीने के ऊपरी स्तर पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 70.31 प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड पिछले साल सितंबर के बाद अभी तक के सबसे ऊंचे स्तर 65.09 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आ गया। हालांकि भारतीय समय के मुताबिक शाम 6 बजे ब्रेंट क्रूड 2.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ 69.90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड 2.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 64.66 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचा हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान ने न्यूक्लियर डील नहीं की तो उस पर हमला किया जायेगा। ट्रंप की इस चेतावनी के कारण मिडल ईस्ट में तनाव बढ़ने की आशंका बन गई है। ट्रंप की इस चेतावनी की वजह से कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। बताया जा रहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच संभावित टकराव की आशंका को देखते हुए कच्चे तेल के आयातकों ने पिछले 14 महीने की अवधि में सबसे लंबे समय के लिए भारी प्रीमियम देने की भी तैयारी कर ली है। इस वजह से कुछ समय पहले तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती सप्लाई के कारण कच्चे तेल की कीमत में आ रही गिरावट के सिलसिले पर तो ब्रेक लगा ही है, इसकी कीमत एक बार फिर तेज होने लगी है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया तो मिडल ईस्ट से होने वाले कच्चे तेल की सप्लाई काफी हद तक प्रभावित हो सकती है। दुनिया भर में होने वाले कच्चे तेल की सप्लाई में मिडिल ईस्ट की हिस्सेदारी लगभग एक तिहाई की है। आशंका जताई जा रही है कि अगर अमेरिका ने हमला किया और उसके जवाब में ईरान ने भी अपनी ओर से कार्रवाई तो होर्मुज स्ट्रेट से होने वाली शिपिंग पूरी तरह से बंद भी हो सकती है।

## स्टील आयात पर निर्भरता कम करने के लिए कोकिंग कोल 'क्रिटिकल मिनरल' घोषित

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने गुरुवार को माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) एक्ट, 1957 के तहत कोकिंग कोल को 'क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल' घोषित किया है। इस कदम का मकसद इंपोर्ट पर निर्भरता कम करना और घरेलू स्टील सप्लाई चेन को मजबूत करना है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक खनन क्षेत्र में जारी संरचनात्मक सुधारों के तहत और आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत सरकार ने खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) के अंतर्गत कोकिंग कोल को एक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिज के रूप में अधिसूचित किया है। इसकी जानकारी https://coal.nic.in/sites/default/files/2026-01/29-01-2026a-wn.pdf के जरिए प्राप्त की जा सकती है।

## मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत का पहला 'पीएम ई-ड्राइव' सर्टिफाईड इलेक्ट्रिक ट्रक किया डिलीवर



**रांची :** मुरूगप्पा ग्रुप के हिस्से मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत की क्लीन मोबिलिटी यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कंपनी पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाली पहली हैवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक ट्रक निमार्ता बन गई है। इस उपलब्धि के साथ मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत की सबसे बड़ी सीमेंट एवं रैडी-मिक्स कॉन्क्रीट कंपनी अल्ट्रा टेक सीमेंट लिमिटेड को देश का पहला पीएम ई-ड्राइव-सर्टिफाईड इलेक्ट्रिक हैवी ट्रक, राइनो 5538, ईवी 6 4 ट्रैक्टर ट्रेलर डिलीवर किया है। यह उपलब्धि इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास को बढ़ावा देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि का जश्न अरुण मुरुगप्पन, चेयरमैन-मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक (टीआई क्लीन मोबिलिटी), जलज गुप्ता, एमडी-मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक (टीआई क्लीन मोबिलिटी), साथिया राज, चीफ प्रोक्योरमेंट ऑफिसर, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की मौजूदगी में मनाया गया। उम्मीद है कि इस कदम से देश के लॉजिस्टिक्स, माइनिंग, इन्फ्रास्ट्रचर एवं मैनुफैक्चरिंग सेक्टरों में इलेक्ट्रिक हैवी-ड्यूटी ट्रकों का अडॉप्शन बढ़ेगा। पारम्परिक ईंधन के बजाए इन इलेक्ट्रिक ट्रकों को अपनाने से बड़े फ्लीट ऑपरेटरों और ओद्यौगिक उपभोक्ताओं को परफोर्मेन्स, अपटाईम या इकोनोमिक्स के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करना पड़ेगा। यह सर्टिफिकेशन- अधिक स्वच्छ, अधिक प्रभावी एवं भविष्य के अनुकूल फ्रेट मुवमेन्ट की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगा। अरूण मुरूगप्पन द्वारा पहला पीएम ई-ड्राइव-सर्टिफाईड राइनो 5538, ईवी-अल्ट्रा टेक को सौंपा गया। रु 10,900 करोड़ की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत ई-ट्रकों के लिए रु 500 करोड़ निर्धारित किए गये हैं, राइनो 5538 ईवी की बात करें तो उपभोक्ता को प्रति वाहन पर रु 9.6 लाख तक का सीधा फायदा होगा। इस इन्सेन्टिव से फ्लीट ऑपरेटर के लिए संचालन की लागत कम होगी, उन पर ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर नहीं होगा, साथ ही वे सस्टेनेबिलिटी एवं उत्सर्जन के नियमों का अनुपालन भी कर सकेंगे।

## गरीबी में आयी कमी, सबसे निचले तबके की खपत में तेज वृद्धि




**नयी दिल्ली :** संसद में गुरवार को पेश आर्थिक सर्वे 2025-26 में कहा गया है कि केंद्र सरकार के लक्षित कल्याणकारी उपायों से गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई है और आय वितरण में सुधार हुआ है। इससे सबसे निचली पांच से 10 फीसदी आबादी के उपभोग व्यय में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई है। सर्वेक्षण में सब्सिडी, पेंशन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा पर सार्वजनिक व्यय के सकारात्मक परिणामों का जिक्र किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वे 2025-26 पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच प्रति व्यक्ति औसत मासिक व्यय (एमपीसीई) में सबसे बड़ी वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सबसे निचली पांच से 10 फीसदी आबादी के बीच देखी गई। यह सरकारी नीतियों के सकारात्मक प्रभाव को बताती है। सर्वे के अनुसार गरीबी के दुष्चक्र से कमजोर वर्ग को बाहर निकालने के लिए सरकार के उपायों का सकारात्मक परिणाम हुआ है, जो गरीबी कम करने के विभिन्न उपायों में प्रतिबिंबित होते हैं। आर्थिक सर्वे 2025-26 में कहा गया है कि सरकारी नीतियों का आय वितरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। मुख्य रूप से सब्सिडी, पेंशन, प्रत्यक्ष अंतरण और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा सहित सामाजिक सेवाओं पर सार्वजनिक व्यय के माध्यम से आय वितरण पर सकारात्मक असर दिखा है। इस सर्वेक्षण में ग्रामीण भारत में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण, संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करते हुए स्थानीय अवसरों और नवोन्मेष के माध्यम से ग्रामीण आर्थिक गति को बढ़ाने का भी आह्वान किया गया है।

## स्क्रीन पर डॉक्टर बन माता-पिता के सपने को अपने तरीके से सम्मान दे रही हूं : सृष्टि सिंह



**मुंबई :** सोनी सब अपना आने वाला मेडिकल ड्रामा 'हुई गुम यादें- एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' यह शो डॉ. देव (इकबाल खान) की असाधारण यात्रा को दिखाता है। वह एक ऐसा आदमी है, जिसकी दुनिया रातों-रात बदल जाती है, जब याददाश्त खोने के कारण वह अपनी पहचान, रिश्तों, भावनाओं और उन फैसलों को फिर से खोजता है, जिन्होंने उसे बनाया है। इस दुनिया के केंद्र में वाणी है, जिसका किरदार एक्ट्रेस सृष्टि सिंह ने निभाया है। वह एक ऐसी महिला है, जिसे जिंदगी के मुश्किल सबकों ने गढ़ा है। वाणी मजबूत, आत्मनिर्भर और भावनात्मक रूप से खुद को बचाने वाली है, जिसने कम उम्र में ही सीख लिया है कि भावनाओं से पहले जिंदगी बचाना जरूरी है। एक समय बायोलॉजी की स्टूडेंट रही और जिसने डेंटल बीडीएस भी क्लियर किया था, स्क्रीन पर एक युवा रेजिडेंट डॉक्टर का किरदार निभाना उनके माता-पिता के उन्हें डॉक्टर बनते देखने के सपने को सम्मान देने जैसा लगता है। इस रोल के लिए सृष्टि सिंह बताती हैं, मेरे माता-पिता हमेशा से चाहते थे कि मैं डॉक्टर बनूं और जो बात इस सफर को और भी खास बनाती है, वह यह है कि मैंने मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम दिया था और मुझे डेंटल-बीडीएस डिग्री हासिल करने का मौका मिला था। जिंदगी आखिरकार मुझे एक्टिंग की तरफ ले गई, लेकिन मेरे मन का एक हिस्सा हमेशा चाहता था कि मैं कुछ ऐसा करूं, जिससे मेरे माता-पिता का सपना सच हो जाये।

# वित्त वर्ष 2026-27 में आर्थिक वृद्धि दर 6.8 से 7.2 फीसदी रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली :** आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.8 से 7.2 फीसदी के बीच रहने का अनुमान है, जो चालू वित्त वर्ष 2025-26 के 7.4 फीसदी के अनुमान से थोड़ा कम है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत को घरेलू विकास की दर अधिकतम रखने के साथ ही भूराजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बाहरी झटकों को झेलने का सामर्थ्य पैदा करने पर भी फोकस करना होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश की। आर्थिक सर्वेक्षण में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर अगामी वित्त वर्ष 2026-27 में 6.8 से 7.2 फीसदी के बीच रहने का अनुमान जताया गया है। यह चालू वित्त वर्ष 2025-26 के 7.4 फीसदी के अनुमान से थोड़ा कम है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के मुताबिक भारत की अर्थव्यवस्था ने मजबूत विकास की रफ्तार बनाए रखी है। केन्द्रीय बजट 2026-27 से पहले आये आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है, कुल मिलाकर वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि का दृष्टिकोण मजबूत है। घरेलू कारकों की प्रमुख भूमिका और वृहद आर्थिक स्थिरता के मजबूत होने के कारण, वृद्धि से जुड़े जोखिमों को लेकर स्थिति मोटे तौर पर संतुलित बनी हुई है। इसके लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है, लेकिन निराशावादी होने की जरूरत नहीं है। आर्थिक सर्वेक्षण में भारत की अर्थव्यवस्था के सामने जोखिम पैदा करने वाले तीन परिदृश्यों पर ध्यान देने की सलाह दी गई है, जिनमें पूंजी प्रवाह में व्यवधान और इसके परिणामस्वरूप रुपये पर प्रभाव, स्वदेशीकरण के बावजूद बढ़ता आयात और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता एवं संसाधन मार्गों के सातत्य की चुनौती शामिल है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि भू-राजनीतिक उथल-पुथल की दुनिया में, पूंजी प्रवाह में व्यवधान एवं रुपये पर उसके प्रभाव केवल एक वर्ष तक सीमित नहीं हो सकते हैं और ये अधिक समय तक देखने को मिल सकता है। इसके जवाब में, भारत को अपने बढ़ते आयात बिल को नियंत्रित करने के लिए विदेशी मुद्रा में पर्याप्त निवेशक रुचि और निर्यात आय उत्पन्न करने की आवश्यकता है, क्योंकि स्वदेशीकरण के प्रयासों की सफलता के बावजूद, बढ़ता आयात हमेशा अधिक व्ययकारी रहेगा। पर यह अलग अलग समय पर अलग अलग प्रभाव डालेगा। ऐसा ऐतिहासिक वैश्विक अनुभव रहा है। आर्थिक सर्वे में कहा गया है कि आर्थिक क्षेत्र में आपूर्ति की स्थिरता, संसाधन बफर्स के निर्माण और मार्गों एवं भुगतान प्रणालियों के विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वर्ष 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था में नीतिगत विश्वसनीयता, पूर्वानुमेयता और प्रशासनिक अनुशासन का रणनीतिक महत्व रहेगा। इस साल भारत को रक्षात्मक निराशावाद के बजाय रणनीतिक संयम बाहरी वातावरण के लिए घरेलू विकास को अधिकतम गति देने और बाहरी झटकों को झेलने का सामर्थ्य पैदा करने, दोनों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता होगी।

## पेज एक के शेष

**यूजीसी के नये नियमों पर लगी रोक : सुप्रीम कोर्ट ने कहा...नये नियम अस्पष्ट, दुरुपयोग की आशंका...**
पक्ष लेना नहीं है। कोर्ट की प्राथमिक चिन्ता यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षित वर्गों के लिए प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र बना रहे, लेकिन वह संविधान के दायरे में हो। राजनीतिकरण से बचने की सलाह देते हुए पीठ ने आदेश दिये कि अगली सुनवाई तक 2012 के नियम ही लागू रहेंगे।

**बजट में जन आकांक्षाएं परिलक्षित हों, विकास को गति मिले : हेमन्त...**
ऐसे में नयी पीढ़ी की जरूरतों तथा आवश्यकताओं के अनुरूप बजट को तैयार करना होगा, ताकि उन्हें उन्हें हम बेहतर अवसर उपलब्ध करा सकें। इसके लिए जरूरी है कि हम नवीनतम प्रयोग के साथ आगे बढ़ें।

**संसाधनों और क्षमताओं की कोई कमी नहीं**
झारखंड में किसी भी क्षेत्र में संसाधन और क्षमताओं की कोई कमी नहीं है। जल-जंगल जैसे प्राकृतिक संसाधन हैं। प्रचुर खनिज सम्पदा है, उद्यमी हैं, मानव संसाधन है, मेहनतकश श्रम बल है, किसान हैं, खिलाड़ी हैं, इसके साथ अनेक और क्षेत्र हैं, जहां काफी सम्भावनाएं हैं। हमें इन संसाधनों और क्षमताओं का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल करने की दिशा में कार्य करना है।

**हर क्षेत्र में लक्ष्य के साथ बढ़ रहे हैं आगे**
**मुख्यमंत्री** ने कहा कि इस राज्य में प्राकृतिक, औद्योगिक और आर्थिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। ऐसे में अपने इन संसाधनों के बलबूते शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि, खेल, प्राकृतिक, औद्योगिक, आर्थिक और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कृषि में निरन्तर नये प्रयोग हो रहे हैं। खेतों में पानी पहुंच रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं-सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। जल जंगल और जमीन के संरक्षण और सदुपयोग को लेकर मजबूत रूपरेखा के साथ कार्य कर रहे हैं।

**एक पिछड़ा राज्य होने के बाद भी देश की अर्थव्यवस्था में झारखंड दे रहा अहम योगदान**
**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड देश का एक छोटा और पिछड़ा राज्य है। लेकिन, देश की अर्थव्यवस्था में यह राज्य अहम योगदान देता आ रहा है। ऐसे में अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की नयी नीति, कार्ययोजना एवं बेहतर प्रबंधन के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

**उत्पादों का वैल्यू एडिशन हो**
**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से झारखंड समृद्ध राज्य है। यहां देश का सबसे ज्यादा लाह उत्पादन होता है। तसर उत्पादन में भी झारखंड काफी आगे हैं। ऐसे और भी अनेक संसाधन हैं, जिनका इस्तेमाल दूसरे राज्यों में हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने इन संसाधनों का वैल्यू एडिशन करने की जरूरत है, ताकि इसका इस्तेमाल अपने राज्य के हिसाब से कर सकें।

**आदिवासी बहुल राज्य है, पारम्परिक व्यवस्थाओं को भी ले जाना है आगे**
**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है। यहां की जनजातीय परम्परा काफी समृद्ध है। ऐसे में जनजातीय परम्पराओं को आगे भी ले जाना है। इस दिशा में हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है।

**विशेषज्ञों और आम लोगों ने जो विचार और सुझाव दिये हैं, बजट में रखा जायेगा ध्यान**
**मुख्यमंत्री** ने कहा कि बेहतर और सन्तुलित बजट को लेकर आम लोगों से विचार और सुझाव मांगे गये थे। इसके अलावा देश के विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के साथ चर्चा भी लगातार हुई और उनके सुझाव लिये गये। उनके द्वारा मिले बेहतर सुझावों को बजट में भी जगह देने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर श्रेष्ठ सुझाव देनेवाली स्वाति बंका, किशोर प्रसाद वर्मा और गोपी हांसदा को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।
इस संगोष्ठी में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, सचिव (संसाधन) वित्त अमित कुमार, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अमरेन्द्र प्रताप सिंह और सदस्य डॉ. हरीश्वर दयाल तथा देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आये विशेषज्ञों में डॉ. एन.कार्तिकेयन, डॉ. मनीषा प्रियम, डॉ. डी. राय और डॉ. सुधा राय उपस्थित रहे।

**बजट सत्र विकसित भारत के 2047 के लक्ष्य की दिशा में अहम पड़ाव : मोदी...**
के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसदों की सकारात्मक ऊर्जा और सहयोग के कारण ही सुधारों की यह रफ्तार लगातार तेज हो रही है। उन्होंने कहा कि देश अब पेंडिंग समस्याओं के दौर से आगे निकलकर लम्बे समय के मजबूत समाधानों के रास्ते पर अग्रसर है।
प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रपति का उद्बोधन 140 करोड़ देशवासियों के आत्मविश्वास और पुरुषार्थ की सशक्त अभिव्यक्ति था। उन्होंने कहा कि यह संबोधन विशेष रूप से देश के युवाओं की आकांक्षाओं को बहुत सटीक तरीके से रेखांकित करता है। साथ ही, राष्ट्रपति द्वारा सांसदों के लिए रखे गये मार्गदर्शक विचारों को सभी जनप्रतिनिधियों ने गम्भीरता से लिया होगा, ऐसा उन्हें पूरा विश्वास है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का पहला चौथाई हिस्सा पूरा हो चुका है और अब दूसरे क्वार्टर की शुरुआत हो रही है। यह वह 25 वर्षों का निर्णायक कालखंड है, जिसमें 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि यह बजट इस सदी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और इसलिए इसका महत्त्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि यह नया कालखंड बहुत ही सकारात्मक माहौल में शुरू हुआ है। एक आत्मविश्वासी भारत आज दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा है और वैश्विक आकर्षण का केन्द्र बन गया है। उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को इस सकारात्मक शुरुआत का बड़ा उदाहरण बताया।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 27 देशों के साथ हुआ यह समझौता भारत के युवाओं, किसानों, मैन्युफैक्चरर्स और सर्विस सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए नये अवसर खोलेगा। उन्होंने इसे एक आत्मविश्वासी, प्रतिस्पर्धी और प्रोडक्टिव भारत की दिशा में बड़ा कदम बताया।
अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमण देश की पहली महिला वित्तमंत्री हैं, जो लगातार नौवीं बार संसद में बजट प्रस्तुत करने जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने इसे भारत के संसदीय इतिहास में गर्व का क्षण बताया।

**अंतरराष्ट्रीय मीडिया और वैश्विक प्रमुखों ने भारत-ईयू एफटीए को सराहा...**
इस समझौते के पैमाने को अल जजीरा ने भी इस समझौते को प्रमुखता से दिखाते हुए कहा कि 'मदर ऑफ ऑल डील्स': भारत-ईयू ट्रेड डील से 27 ट्रिलियन डॉलर का बाजार बनेगा। रॉयटर्स ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताते हुए कहा कि 'भारत, ईयू ने ऐतिहासिक व्यापारिक समझौता किया, ज्यादातर सामानों पर टैरिफ कम किये जायेंगे'। 'फॉक्स न्यूज' पर पाकिस्तानी पत्रकार कमर चीमा ने कहा कि इस समझौते से भारत को फायदा होनेवाला है, क्योंकि कई अहम सेक्टर में टैरिफ घटा कर जीरो कर दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश अब यूरोपीय बाजार में भारत से मुकाबला नहीं कर पायेंगे। वैश्विक प्रमुख पूरे यूरोप के कई वरिष्ठ राजनीतिज्ञों ने सार्वजनिक तौर पर इस समझौते का स्वागत किया। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज. ने बातचीत के नतीजे को 'बहुत ही सकारात्मक संकेत' बताया और इस वृद्धि और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए इसे शीघ्र अति शीघ्र लागू करने की अपील की। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने भारत-ईयू एफटीए को ऐतिहासिक और दोनों पक्षों द्वारा अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता बताते हुए कहा कि इससे आर्थिक और राजनीतिक सम्बन्ध काफी मजबूत होंगे। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि यह समझौता सहयोग के एक नये युग की शुरुआत है, जो व्यापार और साझेदारी के माध्यम से समृद्धि, प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को मजबूत करेगा। ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉक ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों को फायदा पहुंचाने वाला एक मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाता है और इसे तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्था में यूरोप की उदार नीति के लिए एक बड़ा कदम बताया। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने समझौते को पूरा समर्थन देते हुए इसे भू-राजनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण बताया और दो अरब लोगों के संयुक्त बाजार में पहले कदम उठाने के लाभ पर जोर दिया। फ्रांस के विदेश व्यापार और आर्थिक मंत्री निकोलस फोरिसियर ने ईयू-भारत समझौते को एक बड़ा राजनीतिक कदम बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह दूसरे समझौतों से अलग है। यूरोपीय संसद के सदस्य सैंड्रो गोजी ने कहा कि यह समझौता साफ तौर पर साझेदारी में विविधता लाने और अपनी स्वायत्तता और स्वतंत्रता बढ़ाने की ईयू की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने भारत को एक प्रमुख वैश्विक राष्ट्र बताते हुए कहा कि भू-राजनीतिक और कूटनीतिक नजरिये से यह समझौता यूरोपीय और भारतीयों दोनों के लिए महत्त्वपूर्ण अवसर खोलता है। व्यापार प्रमुख और संगठन भारत में काम कर रहे यूरोपीय और वैश्विक व्यापार प्रमुखों ने इस समझौते से अत्यन्त उम्मीद जताते हुए इसे लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता बताया। एयरबस में भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस इन इंडिया के अध्यक्ष जुर्गन वेस्टरमेयर ने एफटीए को 20 वर्ष की वार्ता के बाद एक बड़ा पल बताते हुए कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए अवसरों को बढ़ाने का काम करेगा। एयरबस इंटरनेशनल के अध्यक्ष वाउटर वैन वर्श ने इसे 'शानदार दिन' बताया, और मेक इन इंडिया, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, रक्षा, अंतरिक्ष और अत्याधुनिक विनिर्माण के प्रति एयरबस की लम्बी अवधि की प्रतिबद्धता को दोहराया। इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स के महानिदेशक जान नोएथर ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों और वैश्विक जीडीपी के लगभग एक चौथाई हिस्से को एक साथ लाता है, और इसे 'मदर ऑफ ऑल ट्रेड्स' बताया। बर्लिन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएचके बर्लिन) के अध्यक्ष, सेबेस्टियन स्टीजेल ने भारत-ईयू एफटीए को लगातार तनावपूर्ण वैश्विक स्थिति में खुलेपन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि भारत अब भविष्य का बाजार नहीं, बल्कि वर्तमान का बाजार है, जिसमें बर्लिन को अब अवसरों का फायदा उठाना चाहिए। वोक्सवैगन, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज जैसी प्रमुख जर्मन कार निर्माताओं के सीईओ सहित प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों ने भारत में जर्मन निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करने के इस समझौते की क्षमता की सराहना की। क्रोएशियाई एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन (एचयूपी) और बिजनेसयूरोप ने वैश्विक संरक्षणवाद के बीच ईयू-भारत एफटीए को ईयू के सबसे महत्त्वपूर्ण व्यापारिक कदमों में से एक बताया। स्वीडिश व्यापार संगठनों जैसे स्वेन्स्कट नेरिंग्सलिव और फोरेटैगार्ना ने इसे एक बड़ा अवसर बताया है, जिसमें कम टैरिफ और बेहतर बाजार पहुंच का हवाला दिया गया है। आयरिश आर्थिक और व्यावसायिक निकायों ने ईयू-भारत एफटीए का स्वागत किया है। चैम्बर्स आयरलैंड ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताया जो आयरिश निर्यातकों, विशेष रूप से मशीनरी और कृषि-खाद्य क्षेत्रों के लिए बाजार पहुंच और विविधीकरण को बढ़ाता है। अन्य वरिष्ठ व्यावसायिक हस्तियों, जिनमें फ्रैंक श्लोडर (मैनेजिंग डायरेक्टर, हेफेल साउथ एशिया), थॉमस वोल्टर (मैनेजिंग डायरेक्टर, क्रोन्स मशीनरी इंडिया), लार्स एरिक जोहानसन (एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, ऑक्सिया जीएमबीएच), जान-ओलोफ जैक (सीईओ, कन्फेडरेशन ऑफ स्वीडिश एंटरप्राइज) और फ्रेडरिक पर्सन (प्रेसिडेंट, बिजनेसयूरोप) शामिल हैं, ने इस समझौते का नियमों पर आधारित व्यापार, आपूर्ति-शृंखला उदारता, एसएमई विकास और दीर्घकालिक प्रतिस्पर्द्धा के लिए एक मजबूत संकेत के रूप में स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ और थिंक टैंक वैश्विक नीति विशेषज्ञों और थिंक टैंक ने इस समझौते को ठोस रूप से मजबूत और रणनीतिक रूप से सही समय पर किया गया फैसला बताया। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) के वरिष्ठ सलाहकार रिचर्ड रॉसो ने कहा कि यह समझौता दुनिया की एक चौथाई आबादी और वैश्विक व्यापार के एक बड़े हिस्से को एक साथ लाता है और उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक दृष्टिकोण मजबूत आधार को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के हाल के एफटीए गहरे और अधिक महत्वाकांक्षी व्यापार प्रतिबद्धताओं की ओर एक स्पष्ट बदलाव दिखाते हैं।
अटलांटिक काउंसिल के सीनियर फेलो माइकल कुगेलमैन ने भारत-ईयू एफटीए को 'सही समय पर सही समझौता' बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह अमेरिकी टैरिफ से परे है और एक व्यापक, तेजी से बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करता है। भू-राजनीतिक रणनीतिकार वेलिना चकारोवा ने इसे पैमाने और रणनीतिक इरादे दोनों के मामले में इस दशक के सबसे महत्वपूर्ण भू-आर्थिक समझौतों में से एक बताया। 'कील इंस्टिट्यूट फॉर द वर्ल्ड इकोनॉमी' ने कहा कि गहरे ईयू-भारत एकीकरण से द्विपक्षीय व्यापार में 41 से 65 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, दोनों पक्षों में जीडीपी के 0.12-0.13 प्रतिशत तक वास्तविक आय बढ़ सकती है। यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस ने ईयू-भारत एफटीए को हाल के वर्षों में हुए सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक बताया, जिसमें सामान, सेवाएं, निवेश, डिजिटल व्यापार और नियामक सहयोग शामिल हैं। इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर स्ट्रेटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) ने कहा कि कई भागीदारों के साथ व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाने पर भारत की हाल की प्रगति- एक अधिक खुली अर्थव्यवस्था की ओर एक कदम का संकेत देती है और यह भारत के अपने दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की सम्भावनाओं को बढ़ायेगा।

## एक झलक

### 02 साल में 48 लाख लोग अफगानिस्तान लौट

**काबुल** : अफगानिस्तान की आबादी में 2 साल में 12 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनएचसीआर के मुताबिक दिसंबर 2023 से दिसंबर 2025 तक करीब 48 लाख अफगानी प्रवासी ईरान और पाकिस्तान से अपने देश लौटे हैं। इसकी वजह से देश में आबादी में इतना फर्क आया है। यूएनएचसीआर के प्रतिनिधि अराफात जमाल ने बताया कि सिर्फ 2025 में 27 लाख लोग लौटे हैं। हर दिन औसतन 10 हजार लोग अफगानिस्तान लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल गर्मियों में एक दिन में रिकॉर्ड 70 हजार लोग इस्लाम किला बॉर्डर के रास्ते दाखिल हुए थे। अराफात ने पाकिस्तान और ईरान की आलोचना करते हुए कहा कि वे अफगान प्रवासियों को जबरन निकाल रहे हैं। इस मामले में संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से सहयोग बरतने को कहा है।

### ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में लगायी पुतिन की तस्वीर

**वाशिंगटन** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तस्वीर एक खास जगह पर लगाकर उनकी ओर बड़ा इशारा कर दिया है। यह फोटो पाम रूम में लगाई गई है, जो वेस्ट विंग को एग्जीक्यूटिव रेसिडेंस से जोड़ने वाला वेटिंग एरिया है। इस कमरे में आम जनता का आना नहीं होता, लेकिन यह व्हाइट हाउस में आने वाले अधिकारियों और पत्रकारों के लिए मुख्य लॉबी का काम करता है। पाम रूम को हाल ही में फॉर्मल रिसेप्शन एरिया में बदल दिया गया है, पहले यह ग्रीनहाउस-स्टाइल लाउंज था। यहां ट्रंप और पुतिन की फोटो उनके व्यक्तिगत फैमिली फोटो के ऊपर टांगी गई है। फैमिली फोटो में ट्रंप अपनी पोती के साथ हैं और उसी के ऊपर पुतिन के साथ ट्रंप की फोटो दिखाई देती है। इस तस्वीर में दोनों नेता पिछले साल अलास्का के एंकोरेज में हुए समिट में साथ चलते हुए नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने कहा था कि यह फोटो पुतिन ने उन्हें भेजी थी और उन्होंने अगस्त 2025 में एक प्रेसवार्ता में भी दिखाई थी।

### ट्रम्प ने ईरान पर हमले की फिर दी धमकी

**वाशिंगटन** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर ईरान पर हमले की धमकी दी। यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने के बारे में ट्रंप क्या निर्णय ले सकते हैं। क्योंकि उन्होंने दो स्पष्ट लक्ष्मण रेखाएं निर्धारित की हैं- एक, शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या और दूसरी, हिरासत में लिये गए लोगों को बड़े पैमाने पर फांसी देने की आशंका। सामाजिक कार्यकताओं ने बताया कि ईरान में प्रदर्शनकारियों पर की गई हिंसक कार्रवाई में कम से कम 6,221 लोग मारे गए हैं तथा कई और लोगों के मारे जाने की आशंका है। ट्रंप ने लिखा, ह्यह्यउम्मीद है कि ईरान जल्द ही बातचीत के लिए आगे आएगा और एक निष्पक्ष एवं न्यायसंगत समझौता करेगा, एक ऐसा समझौता जो सभी पक्षों के लिए अच्छा हो।

# बैकुंठ-उरकुरा के बीच 426 करोड़ की लागत से चौथी रेल लाइन को मंजूरी

**नयी दिल्ली** : रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बैकुंठ से उरकुरा के बीच चौथी रेलवे लाइन के निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी है। 26.40 किलोमीटर लंबी इस रेल परियोजना पर लगभग 426.01 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह रेलखंड मुंबई-हावड़ा उच्च घनत्व मार्ग का हिस्सा है, जिसे देश के सबसे व्यस्त रेल कॉरिडोरों में गिना जाता है। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि बैकुंठ-उरकुरा सेक्शन बिलासपुर-रायपुर-नागपुर मुख्य लाइन का अहम हिस्सा है, जहां मौजूदा समय में रेल यातायात पूरी क्षमता पर संचालित हो रहा है। ऐसे में चौथी लाइन के निर्माण से इस खंड पर दबाव कम होगा और ट्रेनों का



संचालन अधिक सुचारु बन सकेगा।
नई रेल लाइन से यात्री और कोचिंग ट्रेनों के लिए अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होगी, जिससे देरी में कमी आएगी और समयपालनता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसके साथ ही मालगाड़ियों की आवाजाही भी अधिक भरोसेमंद और तेज हो सकेगी। रेल मंत्रालय के अनुसार इस परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 14.25 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता सृजित होगी, जिससे भारतीय रेल को पहले ही वर्ष से लगभग 61.70 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वार्षिक आय होने का अनुमान है। क्षेत्र में बिजली संयंत्रों, कोयला खदानों, इस्पात एवं सीमेंट उद्योगों के तेजी से विस्तार को देखते हुए यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नई लाइन से कोयला, स्टील, सीमेंट और अन्य आवश्यक वस्तुओं के परिवहन को गति मिलेगी, जिससे औद्योगिक विकास और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी।
यह परियोजना एनर्जी, सीमेंट एवं मिनरल कॉरिडोर के अंतर्गत चिन्हित की गई है, जो आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रेलवे अवसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में भारतीय रेल का एक और बड़ा कदम है। परियोजना के पूरा होने के बाद यात्रियों को तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय यात्रा सुविधा मिलेगी, वहीं माल परिवहन क्षमता में वृद्धि से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

### नयी दिल्ली-कटरा के बीच फिर से शुरू होंगी दो वंदे भारत एक्सप्रेस


**जम्मू** : नयी दिल्ली और श्री माता वैष्णो देवी (एसएमवीडी) कटरा के बीच चलने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस सहित चार लंबी दूरी की ट्रेनें अप्रैल में फिर से शुरू होंगी। उत्तरी रेलवे के जम्मू डिवीजन ने गुरुवार को बताया कि 20 ट्रेनों का रद्दीकरण दो से तीन महीने के लिए और बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा जम्मू डिवीजन की 14 ट्रेनें परिचालन कारणों से कम समाप्ति या कम आरंभिक समय के साथ चलती रहेंगी। बयान में कहा गया है कि 2 अप्रैल से नई दिल्ली और एसएमवीडी कटरा के बीच दोनों दिशाओं में चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन फिर शुरू होंगी। इसी तरह राजस्थान के भगत की कोठी रेलवे स्टेशन और जम्मू तवी रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली सेवा 1 अप्रैल से फिर से शुरू होगी और वापसी सेवा अगले दिन से शुरू होगी।

# देशभर में 1,000 सरकारी आईटीआई होंगे अपग्रेड

### एक साल में 43 लाख से ज्यादा कौशल विकास अप्रेंटिस जोड़े गये

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार युवाओं के कौशल विकास पर तेजी से काम कर रही है। देश में इस समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, नवीकरणीय ऊर्जा और 3डी प्रिंटिंग जैसे भविष्य-कौशल पाठ्यक्रम तेजी से फैल रहे हैं। यह जानकारी वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में दी। सर्वेक्षण में बताया गया है कि अब तक कुल 169 अलग-अलग व्यवसायिक और तकनीकी क्षेत्रों (ट्रेड्स) में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिनमें 31 ऐसे पाठ्यक्रम शामिल हैं जो भविष्य की तकनीकों से जुड़े हैं। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स, नवीकरणीय ऊर्जा और 3डी प्रिंटिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। ये कोर्स देशभर के आईटीआई और राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ाए जा रहे हैं।
सरकार ने आने वाले समय में देशभर में संचालित 1,000 सरकारी आईटीआई को अपग्रेड करने की योजना बनाई है। इनमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई होंगे। इन्हें स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब और डिजिटल सामग्री से लैस किया जाएगा ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता बेहतर हो और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कोर्स तैयार किए जा सकें। सर्वेक्षण में बताया गया कि उद्योग को सीधे प्रशिक्षण और पाठ्यक्रमों से




जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 4.0) के तहत डिजिटल तकनीक, ग्रीन एनर्जी, स्वास्थ्य सेवा, आधुनिक कृषि, वित्तीय सेवाएं और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों पर खास ध्यान दिया जा रहा है। रोजगार मेले और राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों को जोड़ने का काम कर रहे हैं।
देश में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (पीएम-एनएपीएस) के तहत अब तक 43.47 लाख अप्रेंटिस 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जुड़े हैं। इसमें 51,000 से ज्यादा प्रतिष्ठानों की भागीदारी रही है और महिला भागीदारी 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

### देश में 2036 तक 60 करोड़ लोग शहरों में रहेंगे

**देश** में शहरी आबादी और उसकी जीडीपी बड़ी तेजी से बढ़ रही है। साल 2015 में देश की 63 फीसदी शहरी क्षेत्र से जुड़ी थी जो 2011 की जनगणना के हिसाब से 31 फीसदी ज्यादा थी। विश्व बैंक के अनुमान के मुताबिक साल 2036 तक शहरों में 60 करोड़ लोग रहेंगे, जो कुल आबादी का 40 फीसदी होगा और जीडीपी में 70 फीसदी योगदान देंगे। यह जानकारी वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद भवन में पेश किए आर्थिक सर्वेक्षण में दी। इस सर्वेक्षण में बताया गया कि देश में शहरीकरण बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। देश की जीडीपी का 70 फीसदी हिस्सा इन शहरों से ही आता है। इन शहरों में लोगों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए मेट्रो और रैपिड रेल का विकास तेजी से किया जा रहा है। अभी देश के 24 शहरों में 1,036 किलोमीटर मेट्रो और आरआरटीएस नेटवर्क चालू है। सर्वेक्षण में बताया गया कि पिछले दशक में भारत ने तेजी से मेट्रो और आरआरटीएस का विस्तार किया है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति

**मुख्य** आर्थिक सलाहकार (सीईए) डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को कहा कि हाल के वर्षों में भारत की आर्थिक वृद्धि को और अधिक गति एवं मजबूती मिली है। आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार कोविड-पूर्व अवधि में औसतन 6.4 प्रतिशत रही वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2025 में 6.5 प्रतिशत तक पहुंची और वित्त वर्ष 2026 में इसके 7.4 प्रतिशत तक जाने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि यह वृद्धि मजबूत घरेलू मांग, निवेश में तेजी और अनुकूल आर्थिक वातावरण का परिणाम है। संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश होने के बाद राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. नागेश्वरन ने जोर देकर कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के लिए कृषि, विनिर्माण और सेवा तीन आर्थिक इंजन एक साथ सक्रिय रहना आवश्यक है।

# निजी क्षेत्र की भागीदारी से बढ़ रहा भारत का स्पेस सेक्टर : डॉ. जितेन्द्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र अब केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रहा बल्कि निजी कंपनियां भी इसमें तेजी से अपनी भूमिका मजबूत कर रही हैं। इन स्पेस के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अब तक करीब 1050 निजी कंपनियां विभिन्न अंतरिक्ष गतिविधियों के लिए अपनी क्षमताएं पंजीकृत कर चुकी हैं। यह आंकड़ा देश में बढ़ते स्पेस स्टार्टअप इकोसिस्टम की स्पष्ट तस्वीर पेश करता है। डॉ. जितेन्द्र सिंह गुरुवार को राज्यसभा में स्पेस क्षेत्र में निजी भागीदारी को बढ़ावा देने संबंधी पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि
भारतीय अंतरिक्ष नीति-2023 के लागू होने के बाद निजी क्षेत्र के लिए



नए अवसर खुले हैं। इस नीति के तहत निजी कंपनियों को रॉकेट लॉन्च करने, सैटेलाइट का निर्माण और संचालन करने, पृथ्वी अवलोकन, संचार सेवाएँ, डेटा संग्रह और वितरण, साथ ही ग्राउंड स्टेशन स्थापित करने की अनुमति दी गई है। इससे अंतरिक्ष गतिविधियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी है और नवाचार को बढ़ावा मिला है।
सरकार स्टार्टअप्स और उद्यमियों को आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रही है। अब तक 2.36 करोड़ रुपये की राशि इन-स्पेस सीड फंड और प्री-इनक्यूबेशन एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के तहत वितरित की जा चुकी है। इस सहायता से नए उद्यमों को तकनीकी विकास और व्यावसायिक विस्तार में मदद मिल रही है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्ष 2022 में 8.4 अरब अमेरिकी डॉलर की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को 2033 तक बढ़ाकर 44 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है।

### 99 हिन्दू बंगाली परिवारों का होगा स्थायी पुनर्वासन

**लखनऊ** : प्रदेश सरकार ने पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर उत्तर प्रदेश में रह रहे हिंदू बंगाली परिवारों के पुनर्वासन को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में जनपद मेरठ से जुड़े इस प्रकरण को मंजूरी दी गई। यह मामला जनपद मेरठ की तहसील मवाना के ग्राम नंगला गोसाई का है, जहां पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित 99 हिंदू बंगाली परिवार झील की भूमि पर लंबे समय से अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। कैबिनेट के फैसले के अनुसार इन सभी 99 परिवारों का पुनर्वासन जनपद कानपुर देहात की रसूलाबाद तहसील में किया जाएगा।

# विस्थापित आदिवासियों की आवाज बनेंगे हेमन्त सोरेन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : असम राज्य में झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल क्षेत्र से विस्थापित होकर बसे लाखों आदिवासी वर्षों से पहचान, भूमि अधिकार, रोजगार, उचित मानदेय एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे बुनियादी अधिकारों से वंचित हैं। स्थानीय सरकारों द्वारा इन आदिवासी समुदायों की उपेक्षा लगातार जारी है, जिससे असंतोष गहराता जा रहा है। इन्हीं ज्वलंत मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने के उद्देश्य से All Assam Aadiwasi Students Association द्वारा एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री झारखंड, हेमन्त



सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह मंच असम के आदिवासी समाज की पीड़ा, संघर्ष और न्यायपूर्ण मांगों को मुखर रूप से सामने लाने का माध्यम बनेगा। गौरतलब है कि आगामी 2-3 महीनों में असम में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसे समय में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में आदिवासी समुदाय द्वारा व्यक्त किया जा रहा व्यापक समर्थन और विश्वास, यह स्पष्ट संकेत देता है कि आदिवासी समाज अब अपने अधिकारों को लेकर संगठित और जागरूक हो चुका है और हेमन्त सोरेन को आशा भरी नजर से देख रहा है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान को मिलेगी नयी ताकत

**नयी दिल्ली** : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में गुरुवार को आयोजित सभी एम्स संस्थानों के निदेशकों की बैठक के दौरान देशभर के 20 एम्स संस्थानों ने देश के स्वास्थ्य अनुसंधान को नई दिशा देने के उद्देश्य से अहम समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत एक पैन-इंडिया सहयोगात्मक शोध कंसोर्टियम की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप जैव-चिकित्सीय और क्लिनिकल रिसर्च को मजबूत करना है।
इस कंसोर्टियम के तहत संयुक्त शोध परियोजनाएं, बहु-संस्थागत अध्ययन, क्लिनिकल ट्रायल, शोधकताओं का आदान-प्रदान और ज्ञान व श्रेष्ठ प्रथाओं



देशभर के 20 एम्स ने किये अहम समझौते

को साझा किया जाएगा। इसमें नई दिल्ली समेत भोपाल, जोधपुर, पटना, नागपुर, ऋषिकेश, रायपुर, राजकोट, गुवाहाटी, जम्मू और अन्य एम्स संस्थान शामिल हैं।
बैठक में राष्ट्रीय शोध प्राथमिकताएं तय करने, मल्टी-सेंट्रिक क्लिनिकल ट्रायल को बढ़ावा देने और हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, किफायती कैंसर उपचार, अस्पताल संक्रमण और मेटाबॉलिक रोगों जैसे उभरते क्षेत्रों पर चर्चा की गई।

### एमपी में 14 आईपीएस अफसरों के तबादले

**भोपाल** : मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश में एक बार फिर बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 14 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी तबादला सूची में कई अहम पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं, जिनका सीधा असर प्रदेश की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर पड़ेगा। सबसे महत्वपूर्ण नियुक्ति भोपाल पुलिस कमिश्नर पद को लेकर की गई है। बालाघाट में पदस्थ संजय कुमार को भोपाल का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वे हरिनारायण चारी मिश्र का स्थान लेंगे।

# मनोरंजन जगत में श्रिया सरन के 25 साल पूरे

**मुम्बई** : मनोरंजन जगत में जानी-मानी अभिनेत्री श्रिया सरन ने अपने 25 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने इतने लंबे करियर में इंडस्ट्री में आए कई बड़े बदलावों को महसूस किया है। श्रिया सरन ने इस मौके पर अपने सफर, तकनीकी बदलावों और आज के दौर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। श्रिया ने बताया कि जब उन्होंने अपने करियर की शुरूआत की थी, तब फिल्म सेट्स का माहौल आज से बिल्कुल अलग था। उस समय इस्तेमाल होने वाली लाइट्स बेहद तेज होती थीं, जो आंखों को चुभती थीं और कई बार कलाकारों के लिए असहज स्थिति पैदा कर देती थीं। कैमरे भारी हुआ करते थे और तकनीक भी सीमित थी। शूटिंग के दौरान कलाकारों को लंबे समय तक इंतजार



करना पड़ता था और कैमरे की आवाज सुनकर ही यह अंदाजा लगता था कि सीन शुरू हो चुका है। उस दौर में काम करना ज्यादा मेहनत और धैर्य की मांग करता था। उन्होंने कहा कि आज तकनीक ने फिल्म इंडस्ट्री को पूरी तरह बदल दिया है। अब सॉफ्ट लाइट्स का इस्तेमाल होता है, जिससे आंखों पर दबाव नहीं पड़ता। कैमरे पहले से कहीं ज्यादा हल्के और एडवांस हो गए हैं, जिससे शूटिंग न सिर्फ आसान बल्कि तेज भी हो गई है। इन बदलावों का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि कलाकार अब तकनीकी परेशानियों से हटकर अपने अभिनय पर ज्यादा ध्यान दे पाते हैं और काम का माहौल भी पहले से ज्यादा आरामदायक हो गया है। श्रिया सरन ने इंडस्ट्री के वर्किंग सिस्टम में आए बदलावों पर भी बात की।

# महिलाओं की निर्णायक भागीदारी ही वास्तविक सशक्तीकरण : रेखा गुप्ता

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि आज महिलाएं केवल सुझाव देने तक सीमित नहीं, बल्कि निर्णय लेने और उन्हें लागू करने की जिम्मेदारी भी निभा रही हैं। यही सशक्तीकरण का वास्तविक अर्थ है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता यहां भारत मंडपम में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) द्वारा आयोजित 'शक्ति संवादः दो दिवसीय क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण' कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से आई महिला आयोग की अध्यक्षों, सदस्यों और अधिकारियों




को संबोधित करते हुए महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे। इस अवसर पर एनसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन विजया रहाटकर, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव बी. राधिका चक्रवर्ती समेत आयोग की अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।
मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के उद्देश्य लीगल अवेयरनेस, ग्रीवेंस रिड्रेसल, पॉलिसी कंसल्टेशन और क्षमता निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास देश की करोड़ों बेटियों में साहस और आत्मविश्वास जगाने का माध्यम बनेंगे। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा, उनका आर्थिक सशक्तीकरण और निर्णय व नेतृत्व में उनकी सहभागिता जैसी तीन प्रमुख प्राथमिकताओं पर सामूहिक रूप से कार्य करने का आह्वान किया।
मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं के लिए उठाए गए ठोस कदमों का उल्लेख करते हुए बताया कि महिलाओं को नाइट शिफ्ट में कार्य करने की अनुमति दी गई है, बशर्ते सुरक्षा मानकों का पालन हो।







